सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:40
अधिकतम तापमान : 25.5
न्यूनतम : 10.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-214 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 23 जनवरी 2026
03 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com






# संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं : योगी

- प्रयागराज विवाद के बीच मुख्यमंत्री का बड़ा बयान
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सनातन धर्म की ओर अग्रसर



**सोनीपत (हरियाणा)।** सोनीपत के मुरथल स्थित बाबा नागे वाला धाम में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की और आठमान भंडारे में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नाथ संप्रदाय के संतों, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम की शुरुआत योगी आदित्यनाथ ने संतों के नाम लेकर जयकारों से की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में चल रहे माघ मेले और ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से जुड़े विवाद के बीच एक बड़ा और सख्त बयान दिया है। उन्होंने कहा कि एक योगी, एक संत या संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं होता। योगी ने स्पष्ट किया कि संन्यासी की कोई व्यक्तिगत संपत्ति नहीं होती, उसकी असली संपत्ति धर्म है और राष्ट्र ही उसका स्वाभिमान है।

उन्होंने आयोजक गोरक्षपीठाधीश्वर महंत बालक नाथ महाराज, यहां के महंत और अन्य आयोजकों को बधाई दी। योगी ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत में नाथ संप्रदाय सबसे प्राचीन और प्रभावशाली समुदाय है। यह संप्रदाय जनता को जीने का अच्छा तरीका सिखाता है और सनातन धर्म को मजबूत करने में सबसे आगे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सनातन धर्म की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि गुलामी और विदेशी ताकतों को पीछे छोड़ते हुए हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं। भारत का हित होगा तो सनातन धर्म मजबूत होगा, कहा कि ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। राजनीति भी ऐसे लोगों के हाथों में होनी चाहिए जो भारत को मजबूत बनाएं। योगी आदित्यनाथ ने पिछले 11 वर्षों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए राम मंदिर निर्माण को याद किया।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर एक कल्पना थी, लेकिन अच्छी सरकार बनने से वो हकीकत बन गया। आज अयोध्या में राम मंदिर की पताका फहरा रही है, काशी में भी ऐसा हो रहा है। आज प्रयागराज में चार करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने भविष्य की बात करते हुए कहा कि आगे 1 हजार साल भारत का डंका बजेगा। हमें राजनीति से नहीं, जनता से और प्रदेश से विकसित होना है। यहां बाबा बुद्ध नाथ के आशीर्वाद से मुरथल में कोई मांसाहार नहीं करता। अगर मुरथल नशा मुक्त हो सकता है, तो युवा नशे से दूर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि देव तुल्य नदियों को खराब करने का अधिकार किसी को नहीं।

तालाबों का संरक्षण, नदियों को पुनर्जीवित करना हमारा काम है। हरियाणा में सरस्वती नदी को जीवित करने का काम किया गया।अंत में उन्होंने अयोध्या में 45 करोड़ श्रद्धालुओं के दर्शन का जिक्र किया और कहा कि हर मंदिर को धाम में बदलने का दायित्व हमारा है। जो भी विकृति सनातन धर्म को खराब करेगी, उसे मोर्चा खोलकर बाहर किया जाएगा। शताब्दी महोत्सव का आयोजन हमारा लक्ष्य है, सभी रूपों से विकसित भारत बनेगा।

## नशे में डूबी युवा पीढ़ी का कोई भविष्य नहीं

सीएम योगी ने नशे को युवा पीढ़ी के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया और कहा कि नशे और समाज की कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाना चाहिए। दुश्मन अब सेना से नहीं, पीछे से नशे के जरिए युवाओं को निशाना बना रहे हैं। जिस देश की युवा पीढ़ी नशे में डूबेगी, उसका कोई भविष्य नहीं। नशे को पहले रोका जाएगा। यह पीढ़ियों को खत्म करने का काम करता है। सीमाओं के पार से आने वाले नशे और उसके सप्लायर्स को पुलिस को सूचित करें। उन्होंने धर्मांतरण और लव जिहाद पर सख्ती की बात की। कहा कि केरल हाई कोर्ट ने भी लव जिहाद को इस्लामिक राज्य बनाने की साजिश बताया था। इसे रोकने के लिए सनातन धर्म को मजबूत करना होगा। धर्म उपासना होनी चाहिए, लेकिन थोपा नहीं जा सकता। हरियाणा की धरती से कृष्ण भगवान ने गीता का उपदेश दिया, अच्छे कर्म करने चाहिए।

## मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय 31 मई तक हर हाल में हो शुरू

- मुख्यमंत्री योगी का सख्त अल्टीमेटम

**मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मेरठ के सलावा स्थित प्रदेश के पहले मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 31 मई 2026 तक हर हाल में विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य पूरा कर शैक्षणिक सत्र शुरू किया जाए। सीएम ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएम योगी ने कहा कि मेरठ ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट्स में स्पोर्ट्स आइटम में अपना प्रोडक्ट बनाया। सरधना में गंग नहर के किनारे 90 एकड़ क्षेत्रफल में यूनिवर्सिटी बन रही है। 10 एकड़ भूमि और दी जाएगी पहले चरण का कार्य मार्च में पूर्ण होगा। 31 मई तक सभी कार्यों को आगे बढ़ा सकेंगे।

# सेना का वाहन गहरी खाई में गिरा, दस जवानों की गई जान

**जम्मू-कश्मीर में हादसा**

- पीएम मोदी, राहुल गांधी से लेकर मल्लिकार्जुन खरगे ने जताया दुख



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में सेना के एक वाहन के गुरुवार को गहरी खाई में गिरने से 10 जवानों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही सेना, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि मौके पर ही 10 जवानों की जान चली गई 11 जवान घायल अवस्था में मिले। घायलों को पहले उप जिला अस्पताल भद्रवाह ले जाया गया। जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें विशेष उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित सेना के कमांड अस्पताल भेजा गया है।

पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि हमने अपने बहादुर सेना के जवानों को खो दिया। देश के लिए उनकी सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा। पीएम ने घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की प्रार्थना की।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में दुखद वाहन दुर्घटना से बहुत दुखी हूं, जिसमें सेना के कई जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया और कई अन्य घायल हो गए। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, जम्मू-कश्मीर के डोडा में सेना की गाड़ी के खाई में गिरने से हमारे कई जवानों की मृत्यु और कई के घायल होने का समाचार पीड़ादायक है।

# मुफ्त बिजली वाला खेल होगा खत्म

- सरकार का एनईपी ड्राफ्ट जारी, महंगी हो जाएगी इलेक्ट्रिसिटी

**नई दिल्ली।** सरकार ने अपनी मंशा साफ कर दी है कि अभी बिजली सेक्टर में जिस तरह से सब्सिडी दी जा रही है और मुफ्त बिजली की राजनीति हो रही है, वह ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगी। इसी तरह उद्योग जगत को महंगी बिजली बेचकर कुछ दूसरे वर्ग को लागत से भी कम कीमत पर बिजली देने की परंपरा पर भी विराम लगेगा।

इस बात की जानकारी गुरुवार को बिजली मंत्रालय की तरफ से जारी राष्ट्रीय ऊर्जा नीति (एनईपी) 2026 के मसौदे में दी गई है। यह मसौदा बिजली संशोधन विधेयक, 2026 का आधार बनेगा। इस पर केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल देश के सभी राज्यों के बिजली मंत्रियों या राज्य सचिवों के साथ विचार-विमर्श करेंगे।

एनईपी-2026 ने बिजली वितरण कंपनियों (डिस्काम) की वित्तीय सेहत बहाल करने और अत्यधिक क्रास सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने पर जोर दिया है। साथ ही यह स्पष्ट किया है कि अगर कोई राज्य सरकार बिजली सब्सिडी देती है तो उसके लिए बजट में पहले से प्राविधान करना होगा। इसका मुख्य फोकस लागत-आधारित टैरिफ लागू करने का है ताकि डिस्काम कर्ज के चक्र से बाहर निकल सकें।

## तेजस्वी यादव की सुरक्षा में कटौती, कई नेताओं का सुरक्षा घेरा बढ़ा

**पटना।** नीतीश सरकार ने राज्य के कई दिग्गज विधायकों की सुरक्षा श्रेणी में बड़ा बदलाव किया है। राज्य स्तरीय सुरक्षा समीक्षा समिति की ताजा रिपोर्ट और खुफिया इनपुट्स के आधार पर लिए गए इस फैसले में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव को बड़ा झटका लगा है। सरकार ने तेजस्वी की सुरक्षा घटा दी है, वहीं भाजपा और केंद्र सरकार के कई मंत्रियों का सुरक्षा घेरा पहले से अधिक मजबूत कर दिया गया है।

# सरकार ने 27 जनवरी को बुलाई सर्वदलीय बैठक

- 28 से संसद सत्र शुरू, एक फरवरी को पेश होगा बजट



**नई दिल्ली।** संसद के आगामी बजट सत्र के शुरू होने से एक दिन पहले 27 जनवरी को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें दोनों सदनों के विधायी कार्यों और कुछ अन्य विषयों को लेकर चर्चा की जाएगी। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा और केंद्रीय बजट एक फरवरी (रविवार) को पेश किया जाएगा।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बताया कि संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होकर दो अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र की शुरुआत लोकसभा में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आर्थिक सर्वेक्षण और आम बजट पेश करेंगी। संसदीय परिपाटी के मुताबिक, इस बार भी बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा। इस बार एक फरवरी रविवार को है। सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा और 9 मार्च से बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू होगा जो दो अप्रैल तक चलेगा।

पीएम मोदी के नेतृत्व में हर बजट खास होता है, जो समाज, देश और उसके भविष्य का ख्याल रखता है। किसी भी तरह के सरकारी काम में कोई कमी नहीं है। हर फैसला सोच-समझकर लिया जाता है और लागू किया जाता है। किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से सरकार हर फैसला सोच समझकर लेती है। इसमें कोई दो राय नहीं है। चाहे आप बजट देखें या कोई योजना देखें, हर चीज पर सरकार सोच समझकर फैसला लेती है।

## साल में पांच चालान होने पर निलंबित होगा ड्राइविंग लाइसेंस

**लखनऊ।** यातायात नियमों को तोड़ने वालों के प्रति सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और सख्त हो गया है। अब एक साल में पांच चालान होने पर डीएल निलंबित कर दिया जाएगा। जबकि अभी तक चालान के आधार पर सस्पेंड करने का अधिकार नहीं था। इसमें अपराध की गंभीरता दिखानी पड़ती थी। मसलन, नशे में होना, ओवरस्पीडिंग आदि। इस नियम को बीती पहली जनवरी से प्रभावी कर दिया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार सेंट्रल मोटर व्हीकल्स (तीसरा संशोधन) नियम 2026 जारी किया गया है। ऐसे में पहली जनवरी से शुरू होकर सालभर में पांच चालान होने पर नियम 21 के तहत डीएल को सस्पेंड कर दिया जाएगा।

# यूरोपीय संघ के राजदूतों के बीच दिखा जयशंकर का दम

- तुरंत सेट कर दिए 3 टारगेट, दौड़ने लगेगी वर्ल्ड इकोनॉमी



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोपीय संघ के राजदूतों से मिलकर दुनिया को वैश्विक अर्थव्यवस्था में जोखिम कम करने का समाधान बताया है। उन्होंने कहा है कि भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत संबंध ही विश्व अर्थव्यवस्था को जोखिम मुक्त करेंगे और मजबूत व्यापार, आवागमन और सुरक्षा साझेदारी के माध्यम से वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करेंगे। नई दिल्ली में यूरोपीय संघ के राजदूतों से बातचीत में डॉ. जयशंकर ने उनसे अस्थिरता और अनिश्चितता की मौजूदा वैश्विक स्थिति पर चर्चा की।

सोशल मीडिया पोस्ट में, डॉ. जयशंकर ने कहा, मैंने भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत संबंधों की वकालत की, जो लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं पर सहयोग करके विश्व अर्थव्यवस्था के जोखिम को कम करेंगे; आपदा जोखिम निवारण (एचएडीआर), समुद्री डकैती विरोधी अभियान, विकास परियोजनाओं आदि जैसी सार्वजनिक वस्तुओं को प्रदान करके अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आश्वस्त करेंगे व मजबूत व्यापार, गतिशीलता और सुरक्षा साझेदारी के माध्यम से वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करेंगे। इस बार यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 26 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 25 से लेकर 28 जनवरी तक भारत में रहेंगे।

### ईयू के दो बड़े नेता चार दिनी दौरे पर पहुंच रहे

यूरोपीय संघ (ईयू) के दो बड़े नेता चार दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचने वाले हैं। ईयू नेताओं का यह दौरा ऐसे समय में अहम माना जा रहा है, जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है।

## भारत अपनी भूमिका का सावधानी से आकलन कर रहा

# ट्रंप ने पेश किया गाजा शांति बोर्ड का प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए दुनिया के सामने गाजा शांति बोर्ड का प्रस्ताव पेश किया है। ट्रंप ने इसे वैश्विक संघर्षों का समाधान करने की दिशा में काम वाला अहम कदम बताया है। चीन, भारत समेत दुनियाभर के देशों को ट्रंप ने इसमें शामिल होने का आमत्रंण भी दिया था। हालांकि, भारत के अलावा फ्रांस, ब्रिटेन, चीन, जर्मनी और कई अन्य प्रमुख देश भी न्योते के बावजूद 'शांति बोर्ड'के अनावरण समारोह से नदारद रहे। समारोह को संबोधित अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस बोर्ड को दुनिया के लिए एक बेहद अनोखी पहल बताया है। ऐसे में सवाल है कि ट्रंप की यह पहल दुनिया के लिए कितना बड़ा ट्रंप कार्ड साबित होगी।

नई दिल्ली में गाजा शांति प्रक्रिया को लेकर गंभीर और लगातार बातचीत चल रही है। इसमें भारत नाजुक सीजफायर और जमीनी हकीकत के बीच अपनी भूमिका का सावधानी से आकलन कर रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, भारत जानबूझकर एक व्यावहारिक बीच का रास्ता अपना रहा है। साथ ही, ऐसे वादे करने के दबाव का विरोध कर रहा है जो लागू होने के बाद शायद टिक न पाएं। अपने सतर्क रुख के बावजूद, भारत का कहना है कि गाजा पर उसका रुख सैद्धांतिक और लगातार बना हुआ है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि गाजा में शांति की दिशा में कोई भी सच्चा कदम स्वागत योग्य है। भारत तुरंत सीजफायर और तनाव कम करने की वकालत करता रहा है, और इन्हें किसी भी स्थायी राजनीतिक प्रक्रिया के लिए जरूरी शर्तें मानता है।

घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को ट्रंप के निमंत्रण के बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारत ने अब तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि भारत इस पहल के विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रहा है क्योंकि इसमें कई संवेदनशील मुद्दे शामिल हैं। भारत फलस्तीन मुद्दे के लिए %दो-राष्ट्र समाधान% पर जोर दे रहा है, जिसमें इजराइल और फलस्तीन मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति और सुरक्षा के साथ अगल-बगल रहें। अमेरिका पहले ही घोषणा कर चुका है कि 'शांति बोर्ड' गाजा के संघर्ष से शांति और विकास की ओर संक्रमण के दौरान रणनीतिक निगरानी प्रदान करने, अंतरराष्ट्रीय संसाधनों को जुटाने और जवाबदेही सुनिश्चित करने की ट्रंप की 20 सूत्री योजना को पूरा करने में एक आवश्यक भूमिका निभाएगा।

### पीस बोर्ड में ये देश

पीस बोर्ड में शामिल होने वाले देशों में अर्जेंटीना, अर्मेनिया, अजरबैजान, बहरीन, बेलारूस, मिस्र, हंगरी, इंडोनेशिया, जॉर्डन, कजाकिस्तान, कोसोवो, मोरक्को, पाकिस्तान, कतर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, उजबेकिस्तान और वियतनाम शामिल हैं।

## 1984 के सिख विरोधी दंगे मामले में कांग्रेस नेता सज्जन कुमार बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान राजधानी के जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हिंसा भड़काने के आरोपी पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को गुरुवार को बरी कर दिया गया। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने संक्षिप्त मौखिक आदेश सुनाते हुए सज्जन कुमार को बरी किया। यह मामला दंगों के दौरान हुई हिंसा की शिकायतों पर फरवरी 2015 में एसआईटी की दर्ज की गयी दो प्राथमिकियों से संबंधित था।

अगस्त 2023 में निचली अदालत ने सज्जन कुमार के खिलाफ दंगा भड़काने और शत्रुता को बढ़ावा देने के आरोपों में आरोप तय किये थे, जबकि हत्या और आपराधिक साजिश के आरोपों को हटा दिया गया था। इनमें से एक प्राथमिकी एक नवंबर, 1984 को जनकपुरी में हुई उस घटना से संबंधित थी, जिसमें सोहन सिंह नामक एक व्यक्ति और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या कर दी गयी थी।

# झारखंड में एक करोड़ का इनामी नक्सली ढेर

- अमित शाह बोले- नक्सलवाद अब अंतिम चरण में



**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और झारखंड पुलिस द्वारा चलाए जा रहे एक संयुक्त ऑपरेशन में कुख्यात नक्सली नेता अनल उर्फ पतिराम मांझी समेत कुल 16 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। मारे गए नक्सलियों में अनल उर्फ पतिराम मांझी नक्सली संगठन का सेंट्रल कमेटी मेंबर था और उस पर 1 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। वह लंबे समय से नक्सली हिंसा और आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा था।

सुरक्षा बलों की तरफ से की गई इस कार्रवाई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ी उपलब्धि बताई। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। दशकों से देश के कई हिस्सों में भय और हिंसा फैलाने वाला नक्सलवाद अब अंतिम दौर में है।

झारखंड पुलिस के आईजी अभियान माइकल राज ने बताया कि सुबह से ही सारंडा जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है और नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ है। मुठभेड़ स्थल से कई नक्सलियों के शव, अत्याधुनिक हथियार, गोला-बारूद और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। सुरक्षा को देखते हुए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। वरिष्ठ पुलिस और सुरक्षा अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर पूरे ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने चाईबासा में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की थी, जिसमें नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई थी।

# डीएम की अध्यक्षता में एक करोड़ से अधिक निर्माण कार्यों की प्रगति की बैठक संपन्न

**जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं से प्रगति कार्यों की जानकारी लेते हुए दिए निर्देश**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में गुरूवार को सीएमआईएस पोर्टल के माध्यम से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित एक करोड़ से ऊपर के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा के अन्दर कार्य करते हुए, प्रगति रिपोर्ट सीएमआईएस पोर्टल पर फीड करने के निर्देश दिए।

बैठक दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं से प्रगति कार्यों की जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन के निर्माणाधीन तीन कार्यों में से चरखारी व जैतपुर की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य की भौतिक प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही साथ कार्यदाई संस्था जल निगम नगरीय को धीमी कार्यों की प्रगति को बढ़ाने और कबरई पेयजल योजना में आ रही शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड के कराए जा रहे कार्यों में गति माह के सापेक्ष कोई प्रगति न होने और समीक्षा बैठक में प्रतिभाग न करने के कारण उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अधिशासी अभियंता मौदहा बांध निर्माण खंड प्रथम को निर्देश दिए गए कि जिन कार्यों की भौतिक प्रगति 90 प्रतिशत से अधिक है उन कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराकर हैंडओवर करना सुनिश्चित करें, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कार्य के लिए नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए गए। सभी संबंधित नोडल अधिकारियों को प्रत्येक माह कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, डिप्टी कलेक्टर सल्तनत परवीन, डीएसटीओ सादुलउल्लाह सहित सभी सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्तिथ रहे।

## हजरत बाबा शाह का सालाना उर्स आज

**महोबा।** चरखारी तहसील के ग्राम पहरेथा में आज शुक्रवार को हजरत बाबा शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स और संदल शरीफ पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर स्थानीय जायरीन और अंजुमन कमेटी में भारी उत्साह है।

अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष रहमत अली ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उर्स का आयोजन भव्य तरीके से किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चादरपोशी और रूहानी महफिलें होंगी। चादरपोशी- नमाज-ए-मगरिब एवं बाद नमाज़-ए-इशा के तुरंत बाद दरगाह शरीफ पर पारंपरिक चादर पेश की जाएगी।

**महफिल-ए-शमा :** नमाज-ए-इशा के बाद कव्वाली और महफिल-ए-शमा का आयोजन होगा, जिसमें जायरीन बाबा की शान में कलाम पेश करेंगे। मंसूरी समाज के जिला अध्यक्ष राका मंसूरी ने बताया कि यह उर्स क्षेत्र की आपसी एकता और आस्था का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की है।

# संतों और बटुकों को पीटना षड्यंत्र तो नहीं, निष्पक्ष जांच होनी चाहिए : स्वामी चक्रपाणि जी महाराज

**अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ संत समाज खड़े हैं : स्वामी चक्रपाणि जी**

**उत्पल मुखर्जी,अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** अखिल भारत हिंदू महासभा/संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज अपने एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को काशी पहुंचे। उनके काशी आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। चक्रपाणि जी महाराज ने सनातन संस्कृति, राष्ट्रहित एवं सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा ही समाज को एकता और संस्कार प्रदान करती है। उन्होंने प्रयागराज पर आयोजित माघ मेला के मौनी अमावस्या के नहान पर्व पर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिष्यों और बटुकों के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले पर अवधनामा को बताया कि, यह घटना अत्यंत दुखद घटना घटित हुई है। इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंनेकहा कि, इस विषय पर मुख्यमंत्री योगी जी को चाहिए कि सीबीआई या एक निष्पक्ष एजेंसी से इस घटना का विधिवत जांच कराए ताकि इस घटना का कारण पता चले। और दूसरों को सख्त सजा दे ताकी दोबारा ऐसी घटना का पुर्नवृत्ति ना हो। उन्होंने कहा कि मैं और पूरा संत समाज शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज जी

के साथ खड़े हैं। उपस्थित लोगों ने उनके उद्बोधन को प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में आयोजक मंडल के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। अंत में आयोजक देवेंद्र कुमार पाठक (कार्यकारी अध्यक्ष) द्वारा स्वामी जी का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया और डॉ श्याम सुंदर पांडे जी ने स्मृति चिन्ह भेंट किए गया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की गई। काशी के डमरू दल द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर है अखिल भारत हिंदू महासभा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत पांडे, बृजेश पाठक,तनुश्री राय,कान्हा पांडे, ब्रजेश उपाध्याय सर्वज्ञ मिश्रा उमेश भारद्वाज डॉक्टर प्रेम प्रकाश पांडे बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संतगण एवं सनातन प्रेमी उपस्थित रहे। बता दे की श्री काशी सत्संग मंडल के तत्वाधान 68 श्री सूर्यलाल शास्त्री के आचार्यत्व में 111 भूदेवों द्वारा मानसपाठ एवं विश्व शांति हेतु 9 दिनों तक अनवरत् महायज्ञ का आयोजन 23 जनवरी से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कारिडोर (वाई.एस.के.2 शनि मन्दिर के समीप) में आयोजित किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वामी चक्रपाणि महाराज जी काशी पहुंचे।

# कांग्रेस जनो ने की गौ पूजा, कहा- सनातन विरोधी है वर्तमान सरकार

**मणिकर्णिका घाट पूरी दुनिया में सनातन धर्म की आस्था का केंद्र और मोक्ष का द्वार है : अजय राय**

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** गौ माता की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में कांग्रेस पार्टी ने पौराणिक कुंड ईश्वरगंगी तालाब स्थित गौशाला में विधिवत गौ पूजा का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने स्वयं गौ पूजा कर यह स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी गौ माता,संत समाज और सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि,शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का अपमान और सनातन आस्था पर चोट यह दर्शाता है कि मोदी-योगी सरकार सनातन विरोधी है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी जैसे महान धर्मगुरु, जिन्होंने समाज को ज्ञान और संस्कार का मार्ग दिखाया,आज अपने सम्मान की रक्षा के लिए अनशन पर बैठने को मजबूर हैं। यह स्थिति सत्ता की संवेदनशीलता और सनातन के प्रति उसकी वास्तविक सोच पर गंभीर प्रश्न उठाती है। अजय राय ने कहा कि योगी सरकार ने बटुकों का शिखा नोचकर और बुजुर्ग संतों को लाठियों से पीटकर एक निंदनीय कार्य किया है। जो सरकार खुद को गौ रक्षा और सनातन की रक्षक बताती है, उसी सरकार में उत्तर प्रदेश गौ मांस का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। यह सरकार की कथनी और करनी के बीच का सबसे बड़ा विरोधाभास है। उन्होंने मणिकर्णिका घाट के सौंदर्यीकरण के नाम पर इस पवित्र स्थल की आत्मा को नुकसान पहुँचाने की भी निंदा की। मणिकर्णिका घाट केवल एक घाट नहीं,बल्कि पूरी दुनिया में सनातन धर्म की आस्था का केंद्र और मोक्ष का द्वार है। अजय राय ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि यदि मूर्ति से जुड़ा वीडियो एआई जनरेटेड है,तो उसके ठोस सबूत सार्वजनिक किए जाएँ। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार के मंत्री और अधिकारी मूर्ति टूटने की बात स्वीकार कर रहे हैं, दूसरी तरफ उसी मामले को एआई वीडियो बताया जा रहा है। यह विरोधाभास सरकार की नीयत और मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है।उन्होंने कहा कि, संतों का अपमान,गौ माता की उपेक्षा और पवित्र तीर्थ स्थलों की आत्मा से छेड़छाड़ इस सरकार के सनातन विरोधी चेहरे को उजागर करते हैं। कांग्रेस पार्टी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ मजबूती से खड़ी है और खड़ी रहेगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे,सतनाम सिंह, मनीष मोरोलिया,चंचल शर्मा, विजय देवल, हसन मेहदी कब्बन, नरसिंह दास वर्मा, मनोज वर्मा मनू, अब्दुल हमीद डोडे, धीरज सोनकर, किशन यादव, अनिल सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीएम एवं एसएसपी ने लिया सिद्धार्थनगर महोत्सव-2026 की तैयारियों का जायजा




**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा जनपद में 28 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक बीएसए ग्राउण्ड मे आयोजित होने वाले सिद्धार्थनगर महोत्सव-2026 की तैयारियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान महोत्सव की तैयारियों, पार्किग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, शांति व्यवस्था हेतु लगाये जाने वाले पुलिस बल इत्यादि की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान मुख्य विकाश अधिकारी सिद्धार्थनगर, एसडीएम सदर, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, विश्वजीत सौरयान सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सदर, सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी यातायात प्रभारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## स्वामी चक्रपाणि जी महाराज मणिकर्णिका घाट स्थित प्राचीन पांचों प्रहार स्थल का दर्शन पूजन किया

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** हिंदू सम्राट स्वामी चक्रप्राणी जी महाराज ने मणिकर्णिका घाट स्थित प्राचीन पांचों प्रहार स्थल पर विधिवत पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर उन्होंने चक्र पुष्करणी कुंड तीर्थ का दर्शन कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचमन किया। स्वामी जी ने कहा कि मणिकर्णिका तीर्थ सनातन परंपरा, मोक्ष और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। ऐसे पावन स्थलों का संरक्षण और उनकी महिमा को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी का कर्तव्य है।

पूजन कार्यक्रम के दौरान अखिल भारत हिंदू महासभा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत पांडे बृजेश पाठक देवेंद्र कुमार पाठक विवेक शुक्ला मनीष मनीष नंदन मिश्र,तनुश्री राय कान्हा पांडे शंकर बोस,प्रियंका मिश्रा,सुनीता अग्रवाल एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। धार्मिक वातावरण में सम्पन्न इस आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

## सदर तहसील सभागार में एसआईआर के तहत दावे-आपत्तियों का निस्तारण जारी

**10 से 5 बजे तक पीठासीन अधिकारियों के समक्ष साक्ष्यों के साथ पहुंच रहे मतदाता**

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** जनपद में चल रहे एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान के अंतर्गत गोरखपुर सदर तहसील सभागार में मतदाता सूची से जुड़े दावों और आपत्तियों का निस्तारण व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। जिन नागरिकों को एसआईआर का नोटिस प्राप्त हुआ है अथवा जिनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने, संशोधित कराने या दुरुस्त कराने में किसी प्रकार की अड़चन आ रही है, वे प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पीठासीन अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर अपने साक्ष्यों के साथ दावा प्रस्तुत कर रहे हैं।

सदर तहसील में इस कार्य के लिए कई पीठासीन अधिकारियों की तैनाती की गई है। इनमें ज्ञान प्रताप सिंह, सुनील सिंह, आकांक्षा पासवान, अरविंद नाथ पांडे और देवेंद्र यादव शामिल हैं। सभी पीठासीन अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों से आए मतदाताओं की समस्याएं सुनते हुए नियमानुसार उनकी आपत्तियों और दावों का निस्तारण कर रहे हैं। तहसील सभागार में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। कोई नया नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर रहा है तो कोई नाम, पता, आयु या अन्य विवरण में हुई त्रुटियों को ठीक कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर रहा है। मतदाताओं को आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड सहित अन्य वैध अभिलेख साथ लाने की सलाह दी जा रही है, ताकि उनके मामलों का त्वरित निस्तारण किया जा सके। पीठासीन अधिकारियों द्वारा प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना जा रहा है। प्रस्तुत साक्ष्यों की जांच के बाद यदि दावा या आपत्ति सही पाई जाती है तो उसे स्वीकार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जिन मामलों में दस्तावेज अधूरे हैं, वहां आवेदकों को दिशा-निर्देश देकर अगली तिथि पर पूर्ण अभिलेखों के साथ उपस्थित होने को कहा जा रहा है।

## यूजीसी एक्ट 2026 लागू किए जाने पर अधिवक्ताओं का विरोध प्रर्दशन

**महोबा।** यूजीसी एक्ट 2026 लागू किए जाने के विरोध में सामान्य वर्ग के अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रर्दशन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को सौंपा। ज्ञापन में नए नियमों को भेदभाव पूर्ण बताया गया। अधिवक्ताओं ने बताया कि यह कानून सामान्य वर्ग के छात्रों में असुरक्षा और उत्पीड़न का कारण बन सकता है। एक्ट को लेकर गुरूवार को सुबह से ही कचहरी परिसर में अधिवक्ता एकजुट होने लगे। इसके बाद अधिवक्ताओं और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए विरोध जताया। एक्ट के प्रावधानों को लेकर सामान्य वर्ग के छात्रों के समक्ष भविष्य में संकट पैदा होने की संभावना जताई जा रही है, जिसे लेकर सामान्य वर्ग के वकीलों ने जोरदार तरीके से अपनी नाजागी व्यक्त की। अधिवक्ता समाज के प्रतिनिधि नीरज पाठक, योगेंद्र और प्रदीप पांडेय आदि ने अशंका जताई की कि भविष्य में इस एक्ट के दुरुपयोग की संभावना है।

# एसआईआर का दबदबा, राजस्व कार्यालयों में ठप पड़े आम जन के काम



**एसआईआर से परेशान बुजुर्ग महिला पहुंची तहसील, बोलीं- बाबू कहिया बइठल जाई, तारीख पे तारीख से टूट गइल बा सब्र**

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** जनपद के सभी तहसीलों और राजस्व कार्यालयों में इन दिनों केवल एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) का ही काम चलता नजर आ रहा है। हालत यह है कि दाखिल-खारिज, पैमाइश, वरासत, खतौनी सुधार जैसे आम नागरिकों से जुड़े जरूरी कार्य लगभग ठप हो गए हैं। एसआईआर के कारण अधिकारी, कर्मचारी से लेकर लेखपाल तक पूरी तरह इसी प्रक्रिया में लगाए गए हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसी क्रम में बृहस्पतिवार को एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला तहसील सदर के एक अधिकारी के पास पहुंचीं। बुजुर्ग महिला ने टूटी आवाज में अपनी पीड़ा बयां करते हुए कहा कि वह कई महीनों से चक्कर काट रही हैं, लेकिन हर बार यही जवाब मिलता है कि एसआईआर चल रहा है, बाद में आइए। महिला ने बताया कि बाबू कहां बैठते हैं, यह भी कोई ठीक से बताने वाला नहीं है। तारीख पर तारीख दी जा रही है और ब्रोकरों द्वारा बार-बार परेशान किया जा रहा है। बुजुर्ग महिला की हालत देखकर तहसील में मौजूद लोग भी भावुक हो गए। महिला ने कहा कि उम्र के इस पड़ाव पर बार-बार तहसील आना उनके लिए बहुत कठिन हो गया है। इस पर तहसील के साहब ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा, माता जी, आप परेशान मत होइए। कोर्ट बैठेगा, जो सही होगा, वही किया जाएगा। अभी हम सभी एसआईआर के काम में लगाए गए हैं। तहसील अधिकारी ने बुजुर्ग महिला को ब्रोकरों से दूर रहने की भी सख्त हिदायत दी और कहा कि किसी को भी जमीन या कागजात न सौंपें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जैसे ही एसआईआर का दबाव कम होगा, उनके प्रकरण पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से एसआईआर अभियान शुरू हुआ है, तब से हर तहसील में यही स्थिति बनी हुई है। कर्मचारी, अधिकारी और राजस्व अमला पूरी तरह एसआईआर में व्यस्त है।

## ए आर पी श्याम श्रीवास्तव द्वारा प्राथमिक विद्यालय मदारपुर स्कूल का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया




**फर्रुखाबाद।** एआरपी ने मदारपुर स्कूल में किया सहयोगात्मक पर्यवेक्षण - प्रातः प्रार्थना के उपरांत प्राथमिक विद्यालय मदारपुर पहुंचे एआरपी श्याम जी श्रीवास्तव को कक्षा 5 के बच्चे अखबार पढ़ते मिले। बच्चों ने बताया कि उन्हें रोज दैनिक जागरण,अमर उजाला और हिंदुस्तान , समृद्धि न्यूज अखबार पढ़ने को मिलता है जिसमें हमारे स्कूल की न्यूज फोटो सहित लगी होती है। हमारे स्कूल की न्यूज देखकर बच्चों के साथ अभिभावकों को भी बेहद खुशी मिलती है।जानवी,अंशी, चांदनी,मनीष, पंकज ने बताया कि अखबार पढ़ने से हमारा सामान्य ज्ञान बहुत अच्छा हो गया है। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल की पहल का स्वागत करते हुए एआरपी ने कहा कि विद्यालय व्यवस्था उत्तम है।इस अवसर कु. अंशी एवं कु.जानवी ने 30 तक पहाड़े सुनाये जिस पर एआरपी ने बच्चों से ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान आज्ञाराम भी उपस्थित रहे।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत



**महोबा।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हमीरपुर चुंगी के पास एक डंपर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक चालक बुरी तरह घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से गुस्साए लोगों ने डंपर चालक की जमकर धुनाई कर दी, बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुर्घटना से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। शहर कोतवाली के कालीपहाड़ी गांव निवासी गीता तिवारी (52) पत्नी स्व. मुनराज तिवारी अपने भतीजे अवधेश तिवारी के साथ बाइक से महोबा आ रही थी। तभी हमीरपुर चुंगी के पास पीछे से आ रहे डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिला सड़क पर गिरी उसी समय संतुलन खो बैठे चालक ने डंपर से कुचल दिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि सड़क दूर गिरे भतीजा अवधेश तिवारी को राहगीरों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

## 15 किसानों के खेतों में पानी भर जाने से 21 बीघा गेहूं की फसल जलमग्न, सिंचाई विभाग की लापरवाही

**महोबा।** सिंचाई विभाग ने नहर विकासखंड कबरई की माइनर नहर की उचित सफाई न कराकर अनियंत्रित तरीके से पानी छोड़े दिया, जिससे डढ़हतमाफ गांव के खेतों में पानी भर गया। 15 किसानों के खेतों में पानी भर जाने से लगभग 21 बीघा गेहूं की फसल जलमग्न होने से बर्बादी की कगार पर पहुंच गई है। किसानों ने उच्चाधिकारियों से फसल क्षति का आंकलन कराकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र की माइनर नहर की सफाई नहीं की गई, जिससे उसमें जंगली पौधे, झाड़ और कूड़ा एकत्र हो गया था, बावजूद इसके विभाग ने नहर में क्षमता से अधिक पानी छोड़ दिया गया।

# भूमाफियाओं के कब्जे में धूरन शाह तकिया कब्रिस्तान

**कब्रिस्तान कमेटी ने प्रेस वार्ता कर अवैध कब्जे व सरकारी रास्ता बंद करने का लगाया आरोप**

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** शहर के बसंतपुर खास स्थित धूरन शाह तकिया कब्रिस्तान को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। कब्रिस्तान कमेटी के अध्यक्ष वसीऊल्लाह और सचिव मुशीर अहमद खां ने गोरखपुर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्षों पुराने कब्रिस्तान और उससे जुड़े सरकारी रास्तों पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

प्रेस वार्ता में कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि धूरन शाह तकिया कब्रिस्तान राजस्व अभिलेखों में आराजी संख्या 377 के रूप में दर्ज है, जिसका उल्लेख बंदोबस्त और चकबंदी अभिलेखों में भी स्पष्ट रूप से मिलता है। कब्रिस्तान के चारों ओर पूर्व से ही सरकारी रास्ते दर्ज हैं, जिनमें आराजी संख्या 377/54 से 377/2 तक लगभग 54 फीट चौड़ा और आराजी संख्या 378 से 6 फीट चौड़ा रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है।

अध्यक्ष वसीऊल्लाह ने कहा कि लंबे समय तक कब्रिस्तान कमेटी सक्रिय न होने के कारण कुछ दबंग और भू-माफिया तत्वों द्वारा कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध तरीके से नाम दर्ज कराकर कब्जा करने की कोशिश की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे कब्रिस्तान की जमीन को निजी संपत्ति दिखाया जा रहा है, जिससे मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है।

सचिव मुशीर अहमद खां ने बताया कि कब्रिस्तान में वर्षों से मुस्लिम समाज के लोग दफन संस्कार करते आ रहे हैं और आज भी नियमित रूप से अंतिम संस्कार किया जा रहा है। इसके बावजूद कब्रिस्तान तक जाने वाले रास्ते को संकरा करने और बंद करने की साजिश की जा रही है, जिससे जनाज़े के दौरान भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कमेटी ने यह भी बताया कि 17 दिसंबर 2025 और 18 दिसंबर 2025 को प्रशासन द्वारा निरीक्षण और सीमांकन की कार्रवाई की गई थी, लेकिन उसके बाद भी अवैध निर्माण और कब्जा हटाने की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। आरोप है कि कुछ लोगों ने जेसीबी लगाकर रास्ता अवरुद्ध करने की कोशिश की, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

प्रेस वार्ता में मौजूद कमेटी सदस्यों ने स्पष्ट किया कि यदि कब्रिस्तान की जमीन और सरकारी रास्ते को अवैध कब्जे से मुक्त नहीं कराया गया, तो वे शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि राजस्व अभिलेखों के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कब्रिस्तान की भूमि को सुरक्षित किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं।

कब्रिस्तान कमेटी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी हस्तक्षेप की अपील करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा शासन की जिम्मेदारी है और इस मामले में त्वरित न्याय न मिलने पर समाज में भारी आक्रोश व्याप्त हो सकता है।

## ब्लॉक बढ़पुर में ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाकर जागरूक किया गया



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी फर्रूखाबाद आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में आज दिनांक 05-01-2026 को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं यातायात प्रभारी श्री सत्येन्द्र कुमार द्वारा ब्लॉक बढ़पुर में ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में 23 ग्राम प्रधानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 01.01.2026 से 31.01.2026 तक किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में परिवहन आयुक्त महोदया द्वारा पंचायती राज विभाग को ब्लॉक स्तर पर ग्राम प्रधानों की बैठक आहूत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधानों को ग्राम सड़क सुरक्षा समिति के अन्तर्गत उस ग्राम का सड़क सुरक्षा अग्रदूत घोषित किया जाये। इसी क्रम में ब्लॉक बढ़पुर में यह बैठक आयोजित की गई। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत के द्वारा अवगत कराया गया कि यातायात पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार माह दिसम्बर 2025 तक जनपद फर्रूखाबाद में 490 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं जिनमें 284 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है जबकि दिसम्बर 2024 तक जनपद फर्रूखाबाद में 390 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई थीं, जिनमें 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी।

अवधनामा



# विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का अयोध्या आगमन, महापौर की अगुवाई में हुआ भव्य स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अगुवाई में अयोध्या भ्रमण पर आए दल का नगर में भव्य स्वागत किया गया। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के नेतृत्व में पार्षदों एवं भाजपा नेताओं ने भवदीय पब्लिक स्कूल के सामने विधानसभा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार पांडे (खुन्नू), गिरीश पांडे (डिपुल), साकेत महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील शास्त्री, अवधेश वर्मा, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष डॉ. राकेश मणि त्रिपाठी, सुबोध चतुर्वेदी, सुशील मिश्र बबलू, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, नगर निगम के उपसभापति राजेश गौड़, पार्षद अनुज दास, रिशु पांडे, राजकरन, अनिल सिंह, अनूप श्रीवास्तव, धर्मेंद्र मिश्र, सुनील यादव, विकास कुमार, हरिश्चंद्र, किशन मौर्य, विजय पांडेय, सौरभ सूर्यवंशी सहित अनेक भाजपा नेता व गणमान्य लोग मौजूद रहे।इसके अलावा साकेत महाविद्यालय झारखंड के पूर्व अध्यक्ष मुकेश सिंह एवं श्रीनिवास शास्त्री भी स्वागत करने वालों में शामिल रहे। विधानसभा अध्यक्ष के स्वागत को लेकर क्षेत्र में उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला।

## पत्रकार के भाई को बंधक बनाकर पीटने का आरोप, निर्वस्त्र कर वीडियो बनाने की चर्चा से मचा हड़कंप

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** रामनगरी अयोध्या में कानून-व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कोतवाली अयोध्या क्षेत्र से सामने आए एक सनसनीखेज मामले में सत्ता से जुड़े एक व्यक्ति पर एक युवक को बंधक बनाकर अमानवीय तरीके से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगे हैं। यह मामला न केवल मानवता को शर्मसार करने वाला बताया जा रहा है, बल्कि पुलिस-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लगा रहा है। आरोप है कि भाजपा नेता के पुत्र, मौर्य मिष्ठान भंडार के भतीजे एवं मौर्य इलेक्ट्रॉनिक के संचालक गोलू मौर्य ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक युवक को दुकान में बंधक बनाकर घंटों पीटा। पीड़ित युवक गणेश यादव, जो एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर कार्य करता है, को 19 जनवरी को कथित तौर पर दुकान के अंदर ही बंद कर बेरहमी से मारपीट की गई।पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसे निर्वस्त्र कर उसका वीडियो बनाया और ठंडा पानी डालकर अमानवीय यातनाएं दीं। मारपीट इतनी गंभीर बताई जा रही है कि उसकी जान तक खतरे में पड़ गई।

## राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में अयोध्या के कोच को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बने शूटिंग इंचार्ज

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** नेशनल मास्टर्स गेम्स शूटिंग प्रतियोगिता में अयोध्या जिले के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। अयोध्या जिला राइफल क्लब के कोच शनि कुमार वर्मा को महाराष्ट्र के पुणे शूटिंग रेंज में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान शूटिंग इंचार्ज नियुक्त किया गया है।यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर से लगभग 2000 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में प्रतिभाग करेंगे। चार दिवसीय इस शूटिंग मैच के सफल संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी कोच शनि कुमार वर्मा को सौंपी गई है। श्री वर्मा को ऑल इंडिया स्तर की इस बड़ी प्रतियोगिता का इंचार्ज बनाए जाना अयोध्या वासियों के लिए अत्यंत गर्व की बात है। इससे न केवल अयोध्या जिला राइफल क्लब बल्कि पूरे जिले का मान राष्ट्रीय पटल पर बढ़ा है।

# 1200 मेधावी छात्र-छात्राओं व राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का होगा सम्मान

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) अयोध्या महानगर द्वारा आगामी 27 जनवरी 2026 को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 1200 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही खेल स्पर्धाओं के माध्यम से अयोध्या महानगर के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भी उनकी प्रतिभा के अनुसार सम्मान प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर प्रांत सह मंत्री शिवम मिश्रा ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य समाज के मेधावी और होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को मंच देना है, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिले। यह आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। महानगर मंत्री जयश्री रावत ने बताया कि 2024-25 सत्र में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा अयोध्या महानगर के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को इस समारोह में सम्मानित किया जाएगा।विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् अपने स्थापना काल से ही छात्र-छात्राओं के बीच कार्य करने वाला संगठन है। प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से समाज एवं शिक्षण संस्थानों के मेधावी छात्रों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रेरणादायक मार्गदर्शन देकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।वहीं राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के साथ-साथ उन्हें प्रेरित करना और करियर मार्गदर्शन प्रदान करना है। प्रतिभा सम्मान समारोह की प्रेस वार्ता समाज में शिक्षा और उत्कृष्टता के महत्व को उजागर करने का सशक्त माध्यम है, जो भावी पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

# 2027 में जनता भाजपा को हटाने के लिए तैयार है: सुरेश यादव



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** हमेशा की तरह आज भी सदर विधायक ने गांव के बड़े बुजुर्ग एवं महिलाओं से इंटरलॉकिंग रोडो का फीता कटवा कर उद्घाटन करवाया। गुरुवार को सदर विधानसभा के विकासखंड देवां के ग्राम गुरगुज, जसनवारा सरैया,दसखंड में विधायक निधि से बनी इंटरलॉकिंग रोड़ों का लोकार्पण करते हुऐ सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि कार्यकर्ता और मददगार भाईयों अपने अपने बूथों पर मजबूती से लग जाओ,एसआईआर का दूसरा चरण चल रहा हैं। नए वोट बनाए जा रहे है। सभी लोग मिलकर छूटे मतदाताओं का वोट बनवाएं और मतदाता सूची में शामिल करायें। और उन्होंने कहा कि पार्टी के लोग मतदाता सूची पर पूरी नज़र रखे, कोई चूक नहीं होनी चाहिए। हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है। पार्टी के नेता-कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर नए मतदाताओं के लिए फार्म-6 भरवा कर उनका नाम जुड़वाए। उन्होंने कहा कि बेईमानी और लूट भाजपा की फितरत है। भाजपा अपनी फितरत से बाज नहीं आ रही है। जनता को गुमराह करने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गयी है। कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्थाएं बर्बाद हैं। महिला अपराध और साइबर क्राइम में उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर है। किसान, नौजवान परेशान है। किसानों का खाद बीज नहीं मिल रहा है। नौजवानों के लिए नौकरी-रोजगार नहीं है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। प्रदेश की जनता भाजपा की सच्चाई जान चुकी है।

# सहकारी ग्राम विकास बैंक प्रतिनिधि पद पर संजय सिंह राजू निर्विरोध निर्वाचित, सौंपा गया प्रमाण पत्र



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सहकारी ग्राम विकास बैंक अयोध्या शाखा के प्रतिनिधि पद के लिए संजय सिंह राजू को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नामांकन प्रक्रिया में कोई अन्य प्रत्याशी न होने के कारण उनका निर्वाचन तय था। मसौधा ब्लाक कार्यालय पर तहसीलदार सदर धमेन्द्र सिंह ने उन्हें विधिवत जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर सर्मथकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रमाण पत्र प्राप्त करने के दौरान विधायक अभय सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संजय सिंह राजू को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों ने 51 किलो की माला से स्वागत कर खुशी जाहिर की। विधायक अभय सिंह ने कहा कि सहकारी ग्राम विकास बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और संजय सिंह राजू के अनुभव से बैंक को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि किसानों, छोटे उद्यमियों और ग्रामीण जनता के हित में बैंक की योजनाओं को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी ने एक कर्मठ और ईमानदार कार्यकर्ता पर भरोसा जताया है। संजय सिंह राजू के निर्वाचित होने से सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता और विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि बैंक के माध्यम से ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को और मजबूती मिलेगी।

निर्वाचन के बाद संजय सिंह राजू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सहकारी बैंक की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे और जनहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करेंगे।

## शंखनाद और पुष्पवर्षा के बीच विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का विधायक अयोध्या ने किया स्वागत



**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना तथा देशभर से आए पीठासीन अधिकारियों का अयोध्या आगमन पर भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने निषाद राज चौराहा (टेढ़ी बाजार चौराहा) पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अतिथियों का अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान शंख ध्वनि, घंटा-घड़ियाल की गूंज और पुष्पवर्षा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय और उत्सवमय वातावरण से सराबोर हो गया। कार्यकर्ताओं ने ÷जय श्रीराम÷, ÷भारत माता की जय÷ और ÷वंदे मातरम के गगनभेदी नारों के साथ राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। स्वागत के दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप और फूलों की सजावट ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया। नागरिकों और श्रद्धालुओं की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही, जिससे आयोजन जनसहभागिता का प्रतीक बन गया। इसके उपरांत विधायक वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा राम जन्मभूमि परिसर में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना एवं अन्य पीठासीन अधिकारियों का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अयोध्या की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गरिमा का उल्लेख करते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## नशे मे धुत ट्रक ड्राइवार ने कोटेदार को बुरी तरह रौदा, मौत

**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** बुधवार की देर रात्रि नशे मे धुत ट्रक ने सड़क के किनारे खड़े बाईक सवार कोटेदार को बुरी तरह रौद दिया जिससे बाईक सवार कोटेदार की दर्दनाक मौत हो गयी सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बिकौली निवासी ट्रक ड्राइवर अमन वर्मा पुत्र दिलीप वर्मा नशे मे धुत होकर ट्रक को लेकर गाँव आया था नशे मे होने के कारण पहले पवन कुमार उर्फ़ आदित्य गौतम व अखिलेश वर्मा को कुचलते कुचलते बचाया तथा गाँव के पास स्थित दुर्गा प्रतिमा स्थल के निकट एक जामुन के पेड़ मे टक्कर मार दी तथा ट्रक को खड़ा कर घर चला गया इसी दौरान टक्कर से बाल बाल बचे पवन व अखिलेश उलाहना लेकर पहुंचे जिसपर ट्रक ड्राइवर अमन वर्मा ट्रक लेकर वापस जा रहा था।

# सपा कार्यालय मे समाजवादी पुरोधा पंडित जनेश्वर मिश्र को सपाइयो ने दी श्रद्धांजलि



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विलक्षण ऊर्जा और ताकत के साथ सदन के अंदर और बाहर गांव गरीब गुरबत में रहने वाले आम आदमी की लड़ाई लड़ते रहते थे जनेश्वर मिश्रा। जिनका कहना था जब हम किसी को नेता मान लेते हैं तो उम्र का बंधन नहीं रहता छोटे बड़े का भेद खत्म हो जाता है हमको अपने नेता के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए और अपने नेता और पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करते रहना चाहिए। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने समाजवादी पुरोधा पंडित जनेश्वर मिश्र जी की पुण्यतिथि पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी में जनेश्वर मिश्र जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करने के उपरांत व्यक्त किये। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया संघर्ष की जीती जागती मिसाल हैं जिन्होंने हमेशा समाजवाद को मजबूत करने के लिए काम किया कितनी भी कठिन परिस्थिति रही हो उन्होंने संघर्ष का रास्ता कभी नहीं छोड़ा आज जनेश्वर मिश्र हम सबके बीच नहीं हैं लेकिन उनके संघर्ष विचार राजनीति करने वालों को सदैव गांव गरीब गुरबत मे रहने वालों की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए ऊर्जा देते रहेंगे। विचार गोष्ठी मे मुख्य रूप से प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, सुरेश चंद्र गौतम, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, अजय वर्मा बबलू, राजेश वर्मा, प्रदुमन यादव, लल्ला यादव, मोहम्मद आफाक, युवजन सभा जिला अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, महिला सभा जिला अध्यक्ष पूनम यादव, रजनी यादव, अर्पित यादव, आकाश यादव, दीपक गुप्ता, बाबुल मिश्रा, राजकुमार वर्मा आदि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## डीएम के आदेश पर अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान, अवैध कब्ज़ा हटा



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार, नगर पंचायत जैदपुर में नगर पंचायत व पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान कस्बे के मुख्य मार्ग से दर्जनों की संख्या में अवैध कब्जों को हटाया गया। साथ ही मुख्य मार्गों पर लगी तमाम होल्डिंग भी हटाई गयी। जानकारी के अनुसार यह अभियान नगर पंचायत जैदपुर के थाना चौराहे के पास से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए बड़ी बाजार चमरहिया के आस पास तक चलता रहा, कार्यवाही को देखते हुए कुछ अतिक्रमणकारियों ने स्वयं ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया तो किसी के द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने में नगर पंचायत की जीसीवी का भी प्रयोग किया गया, इस टीम में नगर पंचायत के जैदपुर के अधीशाषी अधीकारी राम जनक तिवारी अपनी टीम के साथ कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह के साथ जैदपुर पुलिस के जवान भी मौजूद रहे, इस दौरान थाना चौराहे के पास मकड़ी के जाले की तरह फैली तमाम होल्डिंगों को हटाने के साथ दर्जनों अतिक्रमणकारियों के द्वारा किये गये रोड पर अवैध कब्जे को भी हटाया गया जबकि कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाने के लिये जीसीवी का भी प्रयोग किया गया।

# व्यापारियों को मिले राजनीतिक हिस्सेदारी: अनूप शुक्ला



**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल (रजि0, उ0प्र0) की अयोध्या इकाई द्वारा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ला के अयोध्या आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिले एवं महानगर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के.के. गुप्ता, जिलाध्यक्ष अयोध्या शशि प्रकाश मिश्रा, जिला महामंत्री अनुज सागर जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह, महानगर अध्यक्ष बद्री प्रसाद त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष संदीप त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी सतीश यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में कुछ अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। कई मामलों में अधिकारियों की संलिप्तता भी सामने आई है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को राजनीतिक हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान प्रभावी ढंग से हो सके।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जानकारी दी कि व्यापारी उत्पीड़न एवं व्यापारियों को राजनीतिक भागीदारी दिलाने सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर 29 जनवरी को कानपुर में व्यापारी महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

## आरके मोटर्स महराजगंज को मिला लगातार सातवीं बार हाईएस्ट पीबीए अवार्ड



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** 21 जनवरी को गोवा में आयोजित रॉयल एनफील्ड डीलर कॉन्फ्रेंस में महाराजगंज की आरके मोटर्स ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के दौरान आरके मोटर्स को अपने जोन में लगातार सातवीं बार सबसे प्रतिष्ठित हाईएस्ट क्क्क अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड कंपनी के इंडिया हेड (गियर) संगीत किशोर द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर आरके मोटर्स के संचालक राकेश गुप्ता ने कहा कि लगातार कई वर्षों से यह अवार्ड प्राप्त करना न केवल संस्थान बल्कि पूरे महाराजगंज जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इसके लिए अपने सभी ग्राहक बंधुओं का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने आरके मोटर्स फैमिली का हिस्सा बनकर हमेशा भरोसा और सहयोग दिया। राकेश गुप्ता ने अपनी पूरी टीम को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि कस्टमर सैटिस्फैक्शन के प्रति टीम की निरंतर मेहनत और समर्पण का ही यह परिणाम है। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी आरके मोटर्स इसी तरह हर कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अवार्ड हासिल करता रहेगा और महाराजगंज जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करता रहेगा।

## हार्ट अटैक ने ले ली ज़िंदगी, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के लक्ष्मीपुर क्षेत्र के राजधानी गांव में मंगलवार शाम दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। करीब 45 वर्षीय राजबली यादव की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बताया गया कि शाम लगभग 5 बजे, जब वे भैंसों का दूध निकालने जा रहे थे, तभी अचानक सीने में तेज दर्द उठा। परिजन उन्हें नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि रास्ते में उनकी हालत बिगड़ गई और इलाज मिलने से पहले ही उनकी मौत हो गई। राजबली यादव अपने परिवार के मुखिया थे। उनके परिवार में छह बेटियां और एक बेटा है। अचानक हुई इस मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना पर गांव के वर्तमान प्रधान ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि राजबली यादव अत्यंत सज्जन और मेहनती व्यक्ति थे।

## सर्राफा व्यवसायी पर फायरिंग से मचा हड़कंप, व्यापारियों में आक्रोश

### 24 घंटे में खुलासे व गिरफ्तारी की उठी मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा नगर पालिका क्षेत्र के बाईपास रोड पर बुधवार रात सर्राफा व्यवसायी पर हुई फायरिंग की सनसनीखेज घटना से पूरे नगर में दहशत फैल गई। घटना के बाद व्यापारियों में भारी रोष देखने को मिला। गुरुवार को सिसवा स्वर्णकार संघ एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित कर घटना की कड़े शब्दों में निंदा की गई और प्रशासन से तत्काल मुकदमा दर्ज कर 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा करने की मांग की गई।बैठक को संबोधित करते हुए व्यापारियों ने कहा कि दिनदहाड़े हुई फायरिंग ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसी घटनाओं से व्यापारी वर्ग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है और व्यापारिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, जिन्हें समय रहते कड़ी कार्रवाई से कुचलना आवश्यक है। स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष दिनेश सोनी एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिबू खान ने बताया कि घटना को 16 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक मामला दर्ज न होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

# भरे चौराहे पर दबंगई का नंगा नाच: जनता का प्रतिनिधि बना गरीब का उत्पीड़क

### दबंगई, गैर-जिम्मेदारी और सम्मान को रौंदता प्रधान का युवा चेहरा

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** लोकतंत्र में जनता जिन हाथों को इज्जत, मान-सम्मान और प्रतिनिधित्व सौंपती है, जब वही हाथ सरेआम लात-घूंसे चलाने लगें तो सवाल सिर्फ कानून का नहीं, समाज की आत्मा का भी बन जाता है। मसौली थाना क्षेत्र के कस्बा त्रिलोकपुर बस स्टॉप के भरे-पूरे चौराहे पर दिनदहाड़े जो हुआ, उसने जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी और मर्यादा पर गहरा धब्बा लगा दिया। आरोप है कि ग्राम प्रधान पूरेजबर सुधाकर सिंह वर्मा ने अपने एक सहयोगी के साथ मिलकर एक गरीब ट्रक चालक को सरेआम लात-घूंसों से पीट डाला। घटना के वक्त चौराहे पर भारी भीड़ जुट गई, हंगामा मच गया और लोग हैरान होकर यह तमाशा देखते रह गए कि जिसे जनता ने मुखिया बनाया, वही खुलेआम गुंडागर्दी पर उतर आया। सूत्रों के मुताबिक दबंगई यहीं नहीं रुकी। नशे में धुत्त बताए जा रहे प्रधान और उसके सहयोगी ने मौके पर पहुंची चौकी पुलिस से भी ठीक से पेश नहीं आए। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने सख्ती दिखाई और ग्राम प्रधान व उसके सहयोगी को पकड़कर थाने में बंद कर दिया। रात भर हिरासत के बाद पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। लेकिन असली सवाल कानून की कार्रवाई से भी बड़ा है। क्या जनता का प्रतिनिधि होने का मतलब यह है कि गरीब, कमजोर और मेहनतकशों की सरेआम बेइज्जती की जाए? क्या सत्ता और पद का नशा इंसानियत, मर्यादा और जिम्मेदारी से ऊपर हो गया है? जो प्रधान जनता की आवाज़ बनने के लिए चुना गया हो, वही अगर सड़क पर गरीब ड्राइवर को लात-घूंसे मारे, तो यह सिर्फ एक व्यक्ति की दबंगई नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधि की गरिमा पर करारा तमाचा है।

# समाजवादी चिंतक एवं विचारक छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की मनाई गई 16वीं पुण्यतिथि

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** सपा जिला कार्यालय पर समाजवादी चिंतक एवं विचारक ÷छोटे लोहिया÷ श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र जी की 16वीं पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लाल जी यादव की अध्यक्षता में मनाई गई और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। विचार गोष्ठी के माध्यम से उनके जीवन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष लाल जी यादव ने कहा की छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र जी केंद्र की राजनीति में सात बार केंद्रीय मंत्री रहकर विभिन्न प्रमुख मंत्रालयों में कार्य किया, उनकी कार्यशैली उनकी ईमानदारी और उनकी कर्तव्यनिष्ठा का शायद ही कोई ऐसा मिसाल हो, कि जो व्यक्ति 7 बार केंद्रीय मंत्री रहे और उसके पास ना अपना निजी बंगला कोठी ना अपनी गाड़ी ना कोई बैंक बैलेंस और ना ही कोई जमीन हो ऐसी महान विभूति विरले ही जन्म लेती है। समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने में सबसे बड़ा योगदान स्वर्गीय मिश्रा जी को जाता है और उन्होंने पूरे देश में समाजवादी विचारधारा को पहुंचाने का काम किया वह कहते थे कि समाजवाद का नारा ही परिवर्तन का हथियार है और उन्होंने कहा था कि समय परिवर्तनशील है लेकिन जो व्यक्ति समय से आगे बढ़कर अपने कर्म से समय को पीछे कर दे वह महान होता है। राजनीति के क्षितिज पर श्रद्धेय मिश्रा जी एक उदीयमान सूर्य की तरह हमेशा चमकते रहेंगे और अपने व्यक्तित्व और अपने सिद्धांतों और विचारों से हमेशा अमर रहेंगे। सपा जिला अध्यक्ष ने पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आवाहन करते हुए कहा कि इस जन विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के साथ-साथ 2027 में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लेकर जाएं यही श्रद्धेय मिश्रा जी के प्रति हम लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वचार गोष्ठी में पूर्व विधायक विजय पासवान, मुरलीधर मिश्रा, बेचई यादव, राममिलन भारती, प्रदीप पथरकट्ट, कमरूज्जमा खान, डॉ धीरेंद्र यादव, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, हरिराम यादव, रामसेवक लोधी, विजय चौधरी, मोहम्मद हारुन, चंद्रभान पहलवान, चंद्रजीत यादव, अब्दुल कलाम खान, कृष्णनाथ यादव, लव कुश सैनी, चंचल रावत व अंगद यादव आदि उपस्थित रहे।

## श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ पर दो दिवसीय अनुष्ठान का कार्यक्रम सम्पन्न

**जलालपुर,अम्बेडकरनगर।** श्रीराम मन्दिर की वर्षगाँठ पर श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित तथा माँ की महिमा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजन में चल रहा संपन्न हुआ। पवित्र वैदिक विधि-विधान से अलंकृत भव्य मंच पर मांगलिक पूजन-अनुष्ठान का आयोजन हुआ, यजमानों के रूप में अध्यक्ष संजीव मिश्र, अतेन्द्र त्रिपाठी, आशुतोष श्रीवास्तव, राम किशोर राजभर, संदीप अग्रहरि, विमलेश दुबे, जितेन्द्र भार्गव,राधेश्याम शुक्ल, शिवराम मिश्र,अरुण मिश्र, सुशील अग्रवाल, सुरेंद्र सोनी, विकाश निषाद सहित ने हवन पूजन किया।जहाँ वेदमंत्रों की ध्वनि ने वातावरण को पवित्रता से आप्लावित कर दिया। आयोजित अखंड रामायण और भंडारे के कार्यक्रम में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयघोषों ने आकाश को भक्तिमय कर दिया । पूजन के दौरान सुरेश गुप्त,अतुल जायसवाल,गोलू जायसवाल, महेंद्र प्रताप चौहान,कृष्ण गोपाल गुप्त, रामलाल निषाद, सोनू गौड, सुशील अग्रवाल,गुड्डन मिश्र संदीप, दिलीप यादव, विक्की गौतम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु क्रेस ब्लैकआउट एवं एयर रेड मॉकड्रिल का आयोजन आज

- मॉकड्रिल में आधे घंटे के लिए रहेगा ब्लैक आउट : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने बताया कि प्रमुख सचिव, नागरिक सुरक्षा अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के आदेशानुसार सिद्धार्थनगर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु क्रेस ब्लैकआउट एवं एयर रेड मॉकड्रिल का आयोजन 23 जनवरी को सायंकाल 6 बजे से 6.30 बजे तक मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर पर किया जाना प्रस्तावित है।

कार्यक्रम के दौरान ( आवश्यक सेवाओं के भीतर की व्यवस्थाओं को छोड़कर) प्रकाश प्रतिबन्धित रहेगा । यह अभ्यास नागरिको को सम्भावित आपातकालीन परिस्थितियों जैसे कि हवाई हमले या बड़े आपदाओं की स्थिति में सतर्क रहने और त्वरित प्रतिक्रिया देने हेतु तैयार करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने जनता से विनम्र अपील की है, कि वे ब्लैकआउट के समय सावधानी बरतें। सुरक्षित शरण स्थल एवं बँकर की जानकारी लें। शरण स्थल तक जल्दी से पहुँचने का रास्ता पहले से तय करें। ब्लैकआउट के दौरान इनवर्टर का प्रयोग ना करें अपने घर में मजबूत बिना खिड़की वाला कमरा तैयार रखें। जरुरी वस्तुएं तैयार रखें। प्राथमिक चिकित्सा किट, टार्च एवं एक्सट्रा सेल रखें । निर्धारित समय सायंकाल 6 बजे से रात्रि 6.30 बजे तक ब्लैक आउट के समय बिजली बुझाना। एयररेड सायरन बजने पर शान्तिपूर्वक अपने सुरक्षित स्थान पर शरण लें। हवाई हमले के बाद बाहर तभी निकलें जब सरकारी निर्देश मिलें। घायल हों तो प्राथमिक उपचार करें। संदिग्ध वस्तु या बम दिखें तो छुये नही पुलिस को सूचित करें। यदि रोड पर हों तो वाहन किनारे खड़ी कर वाहन की लाईट आफ कर दें। समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। ट्रैफिक नियमों और आपदा प्रबन्धन कर्मियों/पुलिस के निर्देशों का पालन करें।

डीएम ने कहा कि यह अभ्यास आपकी सुरक्षा के लिए है। सायंकाल 6 बजे से 6.30 बजे तक अपने घरों/प्रतिष्ठानों आदि की लाईट/प्रकाश/इनवर्टर आदि के प्रकाश को देश हित में बन्द रखें, जिससे प्रकाश बाहर दिखाई न दें। हवाई हमले का रेड सिग्नल 2 मिनट तक ऊँची-नीची आवाज में सायरन बजाया जाता है। यह एक केवल मॉकड्रिल है, जो जनता में जागरुकता फैलाने के लिए की जा रही है।

# मनरेगा बचाओ संघर्ष के तहत की 400 रूपये दिहाड़ी और रोजगार गारंटी की मांग

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के आहवान पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशन में चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संघर्ष में हमपूर्ण रूप से किसानों, मजदूरों गरीबों नवजवानों, महिलाओं के बीच चौपाल करेंगे और जीतेंगे।

बांसी ब्लॉक के तिवारी पुर ग्राम के टोला पिपरी, पचहर में मनरेगा श्रमिकों और जनता को केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के प्रारूप में बदलाव कर श्रमिकों का हक मारने और काम की गारंटी को खत्म करने के विरोध में हम मजदूरों के साथ खड़े हैं ताकि उनकी रोजी रोटी और अधिकारों की रक्षा की जा सके कांग्रेस पार्टी के जिला कॉर्डिनेटर राजन श्रीवास्तव, युवक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव, अश्विनी सिंह सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर सिंह, जिला महासचिव सतीश चंद्र त्रिपाठी, ने ब्लॉक अध्यक्ष बांसी शिवकुमार दुबे केद्वारा आयोजित कार्यक्रम में मनरेगा श्रमिकों के लिए सरकार से 400 रूपये दिहाड़ी की मांग और रोजगार गारंटी की मांग के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष मंगन गुप्ता, बूथ अध्यक्ष तिवारी पुर, मज़ीबुल्लाह अब्दुल रशीद,सुबास प्रजापति, गणेश दिलीप कुमार भास्कर मुस्तफा यार मोहम्मद सुरेश, गज्जर, सुलेमान, दीनानाथ, किरण, अशफाक शरीफ, किसलवाती , सविता, सरस्वती देवी सावित्री देवी, माधुरी सहित सैकड़ों मनरेगा श्रमिकों और जनता की मौजूदगी रही।

## एसटीएफ लखनऊ व थाना परसपुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में ईनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना परसपुर में 05 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था, जिसमें गिरफ्तारी से बचने हेतु अभियुक्त मलखान सिंह (गैंग- सदस्य) फरार चल रहा था। जिसकी जल्द से जल्द गिरफ़्तारी हेतु पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन अमित पाठक द्वारा 50,000/- का पुरस्कार घोषित किया गया था, जिसके क्रम में दिनांक 21.01.2026 को एसटीएफ लखनऊ व परसपुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में गैंगस्टर मलखान सिंह पुत्र राकेष उर्फ भोदर को मरचौर मोड ग्राम हरदिहा डीहा टावर के पास थाना परसपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त एक आपराधिक गिरोह का सदस्य है जो भौतिक एवं आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु चोरी/नकबजनी/लूट आदि की घटनाओं को कारित किया करते हैं । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध परसपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

# गणतंत्र दिवस को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

- परम्परागत एवं सादगीपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा 77वां गणतंत्र दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** 77वां गणतंत्र दिवस को परम्परागत एवं सादगीपूर्ण ढंग से मनाये जाने के लिए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि प्रातः 8:30 बजे सभी सरकारी कार्यालयों/ भवनों पर कार्यालयाध्यक्ष अपने-अपने कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे। प्रातः 9:30 बजे पुलिस लाइन में परेड का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 10 बजे समस्त शैक्षिक संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाय, जिसमें राष्ट्रगान, सामूहिक गान सम्मिलित हो। प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जायेगी तथा विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास एवं देश भक्तों के प्रेरक प्रसंग बताये जाये। इसके संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी होंगे। प्रातः 10 बजे मेडिकल कालेज में मरीजों को फल वितरण/रक्त दान शिविर का आयोजन किया जायेगा, इसके संयोजक मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक होंगे। प्रातः 11.30 बजे संविधान से सम्बंधित वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये जिसके संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक होंगे।

अपरान्ह 2:30 बजे एनसीसी स्काउटों एवं गाइड तथा पीआरडी व होमगार्ड के जवानों का सम्मिलित रूट मार्च किया जायेगा जिसमें मतदाता जागरूकता एवं विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण अभियान के विषय पर परिचर्चा किया जायेगा। इस कार्यक्रम के संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला कमान्डेन्ट होमगार्ड होगे। इसके अलावा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो व शहीदो की पत्नी को को आमंत्रित कर उनको सम्मानित किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री गौरव श्रीवास्तव ने नगर क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्ति की साफ-सफाई कराये। जिला पंचायत राज अधिकारी को पंचायत भवनों एवं अमृत सरोवरों की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। एक दिन पूर्व सभी सरकारी भवनों में साफ-सफाई, सजावट/लाइटिंग आदि कराने का निर्देश दिया। खादी के झण्डों का प्रयोग किया जाये। प्लाटिक के झण्डे किसी भी दशा में प्रयोग न किये जाये।

बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, तहसीलदार नौगढ़, क्षेत्राधिकारी राजकुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एके झा, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, अधि0 अधि0 नगर पालिका/नगर पंचायत तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्रों की मेहनत से चमक उठी नेताजी की प्रतिमा




**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर गुरुवार को सनई तिराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा विद्यार्थियों की मेहनत से चमक उठी। प्रतिमा को छात्रों ने श्रमदान कर स्वच्छ किया। प्रतिमा के साथ-साथ चबूतरे एवं पूरे चौराहे की साफ-सफाई कर चूना आदि का छिड़काव किया गया। इसके पश्चात प्रतिमा को फूल-मालाओं से आकर्षक रूप से सजाया गया।

नेताजी की जयंती पर प्रतिवर्ष विभिन्न संगठनों द्वारा यहां विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में गुरुवार दोपहर बाद जयंती प्रमुख आचार्य दिलीप श्रीवास्तव एवं नवनीत के नेतृत्व में रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, तेतरी बाजार के छात्रों का एक दल सनई तिराहे पर पहुंचा। प्रतिमा एवं चबूतरे की सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया। थोड़ी ही देर में पूरा परिसर स्वच्छ और चमकदार नजर आने लगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नेताजी की जयंती के अवसर पर यह स्वच्छता अभियान चलाया गया है, जिससे छात्रों को उनके जीवन और विचारों के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। छात्र नेताजी के आदर्शो से प्रेरणा लेकर देश और समाज के उत्थान में योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर विद्यालय की छात्र संसद के पदाधिकारियों सहित छात्र सूर्यांश, मनीष, उत्कर्ष, हेमंत, दिव्यांश, फारूख अहमद तथा कर्मचारी विनोद की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# जश्ने शहंशाह ए कर्बला के अवसर पर महफ़िल का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** ग्राम सभा दाउदपुर अकबरपुर अंबेडकर नगर मे तहसील क्षेत्र अंतर्गत दाउदपुर में बीती रात पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिन के अवसर पर जश्न शहंशाह- ए - कर्बला के उनवान से एक भव्य महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें मक़ामी व बैरूनी नामचीन शोरा व खुतबा ने शिरकत की। महफिल का आगाज़ मोलवी मीर तालिब अब्बास साहब ने तिलावत ए कुरान व हदीस ए किसा से किया। संचालन मशहूर शायर अनीस जायसी व अध्यक्षता मौलाना जमीरुल हसन साहब ने की मौलाना जमीरुल हसन साहब ने इमाम हुसैन अ. की शख्सियत पर बहुत ही सुन्दर वर्णन किया और कहा कि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम इंसानी कुलूब में रहती दुनिया तक मोहब्बत व एहतेराम के साथ याद किये जाएंगे । विधानसभा क्षेत्र जलालपुर के समाजवादी पार्टी के भावी प्रत्याशी डॉ राजेश सिंह ने अपने बयान में कहा यह इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम मानवता की जिंदा मिसाल है। मौलाना वसीम असगर व मौलाना नूरुल हसन साहब ने भी इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के जीवन पर रोशनी डाली बानिए महफिल सैयद मोहम्मद हसन मरहूम के लिए मग़फिरत की दुआएं की गई और उनके साथ-साथ सैयद अली अब्बास मरहूम व सैयद सोहेल अब्बास महरूम को भी याद किया गया महफिल में महताब रज़ा , ज़फर आज़मी , नफीस हल्लौरवी , काशिफ अयोध्यावी , काज़िम जार्चवी, सोहेल बस्तवी, हैदर कोरालवी ज़ोहैरे सुल्तानपुरी , आरिफ जौनपुरी, इब्राहिम खलील जलालपुरी ,मोहम्मद गाजीपुर, जफर सल्लमहू ने खूबसूरत कलाम पेश किए।

# गणतंत्र दिवस से पहले भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट, एसएसबी-पुलिस ने खुनुवां बॉर्डर पर कसा शिकंजा



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** गणतंत्र दिवस के मद्देनज़र भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई हैं। किसी भी तरह की घुसपैठ, तस्करी और देश विरोधी गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए गुरुवार को एसएसबी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने खुनुवां बॉर्डर का सघन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसएसबी कमांडेंट उज्ज्वल दत्ता, एसडीएम शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्रा, क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी एवं थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह , एसएसबी के असिस्टेंट कमांडर कैलाश डान ने सीमा चौकियों की सुरक्षा व्यवस्था, जवानों की तैनाती, गश्त प्रणाली और निगरानी तंत्र की गहन समीक्षा की।

सीमा क्षेत्र में नशीली पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, गो-तस्करी तथा भारत-नेपाल के अतिरिक्त अन्य देशों के संदिग्ध व्यक्तियों की घुसपैठ को लेकर अधिकारियों ने चिंता जताते हुए संवेदनशील इलाकों में कड़ी निगरानी के निर्देश दिए।

एसएसबी कमांडेंट उज्जवल दत्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सीमा पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसएसबी और पुलिस के बीच समन्वय को और मजबूत करते हुए संयुक्त गश्त, चेकिंग अभियान और इंटेलिजेंस शेयरिंग को तेज किया गया है, ताकि देश की सुरक्षा में कोई सेंध न लग सके।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आज

**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जयन्ती को पूरा देश पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है। इसी क्रम में पीएम श्री केंद्रीय सिद्धार्थनगर में परीक्षा पे चर्चा -2026 (PPC-2026) कार्यक्रम के तहत गुरुवार को एक जिला स्तरीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल ने बताया कि इस प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए जिले के विभिन्न विद्यालयों से 100 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इसमें जिले में स्थित केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, राजकीय विद्यालय, पीएम श्री स्कूल, यूपी बोर्ड एवं मान्यता प्राप्त सी बी एस ई बोर्ड से कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे।

# प्राण प्रतिष्ठा के दुसरे वर्षगांठ पर लोटन चौराहे पर भंडारे का आयोजन



**लोटन सिद्धार्थनगर ।** रामनगरी अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर लोटन बाजार में क्षेत्र वासियों के सहयोग से भण्डारा का आयोजन किया गया। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को संपन्न हुई थी । भण्डारे के दौरान विश्व हिन्दू परिषद के जिला सेवा प्रमुख प्रेंमचन्द मोदनवाल ने जन्मभूमि मंदिर की व्यवस्थाओं से जुड़े कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश-विदेश में भी आज के दिन भजन कीर्तन व भण्डारे किये जा रहे हैं और शहर से लेकर देहात तक जगह जगह 22जनवरी के दिन पूजा पाठ व अलग अलग तरह से आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। भण्डारे में पहुंचे श्रद्धालुओ के लिए इंतजाम किया गया था। भण्डारे के दौरान लोटन प्रधान प्रदीप मोदनवाल,विनय सिंह,अंगद चौरसिया, हरिलाल कन्नौजिया,लाल बहादुर, अवधेश चौरसिया, अर्जुन मोदनवाल, संजय जायसवाल, शिवकुमार जायसवाल, मुनिराम वर्मा, रविन्द्र सिंह, मुरली मौर्या सहित तमाम लोगों ने भण्डारे में बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

# सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देना प्रत्येक नागरिक का उत्तरदायित्व : सुधीर श्रीवास्तव

- मां तिलसरा देवी पीजी कॉलेज भसड़ा टांडा अंबेडकर नगर में सड़क सुरक्षा सप्ताह का शपथ लेते हुए रैली का हुआ समापन

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा-2026 के तहत आज 22 जनवरी 2026 को मां तिलेसरा देवी पी.जी. कॉलेज, भसड़ा टांडा, जनपद अम्बेडकर नगर के छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

रैली का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से हुआ, जो रामपुर कला पुंथर राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंची। इसके पश्चात रैली पुनः महाविद्यालय परिसर लौटी, जहां सभी प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा सप्ताह की शपथ लेकर कार्यक्रम का समापन किया। रैली के दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां, पोस्टर और बैनर लेकर हेलमेट पहनना जरूरी है, जीवन अनमोल है– सुरक्षा अपनाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें जैसे प्रेरक नारे लगाते नजर आए। रैली में शामिल छात्राओं ने राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों एवं ग्रामीणों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट के उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों के पालन से होने वाले लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में भूमिका निभाते हैं। वहीं मुख्य नियंता डॉ. सुशील कुमार ने विद्यार्थियों से सुरक्षित यातायात की आदतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार, एन.एस.एस. कार्यक्रमाधिकारी अभिषेक पांडेय (प्रथम इकाई) एवं डॉ. शिवानी श्रीवास्तव (द्वितीय इकाई) ने भी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि हेलमेट और यातायात नियमों का पालन न केवल स्वयं की सुरक्षा करता है, बल्कि दूसरों के जीवन को भी सुरक्षित बनाता है। रैली में शिक्षकगण प्रमोद पटेल, सुनील कुमार वर्मा, डॉ. अमित शर्मा, सुश्री लक्ष्मी देवी, शिव प्रकाश, इंद्रेश कुमार सहित अन्य प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों में रिंका, गरिमा गौड़, मोनिका, रिमझिम पटेल, साक्षी वर्मा, रूपाली, रुचि प्रजापति, शर्तिमा, सोनाली, प्रीति, आस्था शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई।

## ब्लैकआउट विषय पर डीएम की अध्यक्षता में मॉक ड्रिल का किया जायेगा आयोजन

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश दिवस-2026 एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में, 23 जनवरी, 2026 को ब्लैकआउट विषय पर जिलाधिकारी गोण्डा की अध्यक्षता में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शाम 6:00 बजे शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित इस मॉक ड्रिल में युद्ध जैसी आपात स्थिति में किस प्रकार जनमानस की सुरक्षा हेतु कार्य किया जाए, इस विषय के ऊपर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। ब्लैक आउट के संबंध में इस व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य, आपातकालीन स्थितियों में, विशेष तौर पर ब्लैक आउट की स्थिति में, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं का परीक्षण करना है। इस अभ्यास के माध्यम से, सुरक्षा के मानकों को सुदृढ़ किया जाएगा और किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए तत्परता बढ़ाई जाएगी। इस महत्वपूर्ण मॉक ड्रिल में, पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, चिकित्सा विभाग, जन सूचना एवं संपर्क विभाग और अन्य सभी विभागों के विभागाध्यक्ष शामिल होंगे।

# श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में सुंदर काण्ड पाठ एवं भण्डारे का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगाँठ के पावन अवसर पर गुरुवार को सदर विधायक श्यामधनी राही के अगुवाई में ग्राम धौरीकुइयाँ स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में सुंदर काण्ड पाठ एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने प्रभु श्रीराम की आराधना करते हुए भारत माता की जय तथा जय श्री राम का जयघोष किया तथा लोगों ने भण्डारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। सदर विधायक श्यामधनी राही ने उपस्थित साधु संतों को कम्बल वितरण भी किया। इस दौरान विधायक श्यामधनी राही ने सनातन स्वाभिमान की पुनर्स्थापना के गौरवपूर्ण प्रतीक श्री राम जन्मभूमि मंदिर के स्थापना दिवस पर समस्त हिन्दू जनमानस को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पावन अवसर सत्य, धर्म, आस्था और राष्ट्रीय चेतना के विजय प्रतीक के रूप में युगों युगों तक मानवता को प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश राही, शिव प्रसाद त्यागी, नितेश पाण्डेय, सुरेंद्र पाण्डेय, गंगा मिश्र, अर्चिष्मान मिश्र, विवेक सिंह, शनि पांडेय, रामस्वरूप अग्रहरि, श्याम सुंदर मित्तल, नीरज श्रीवास्तव, आशीष सिंह, गंगाराम यादव, तेजी विश्वकर्मा, अनिल चौधरी, बबलू पाण्डेय, अर्जुन लोधी, सोनू लोधी, सत्येंद्र मिश्र, हरिराम मिश्र, पवन पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# सम्मनपुर के पुराने मुकदमे में न्याय, अभियोजन की सख्त पैरवी से दोषी करार

**हजपुरा,अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद अम्बेडकरनगर में न्याय की बड़ी जीत दर्ज हुई है। थाना सम्मनपुर क्षेत्र के 30 साल पुराने आपराधिक मामले में माननीय न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अम्बेडकरनगर ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। थाना सम्मनपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-124/1993 धारा 323, 504, 506 भा0द0वि0 से संबंधित अभियुक्त सत्य नारायण पुत्र श्री पाल सिंह, निवासी केशवपुर, थाना सम्मनपुर, जनपद अम्बेडकरनगर को न्यायालय ने दोषी करार दिया। आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा तथा 1200 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। यह कामयाबी निगरानी प्रकोष्ठ और अभियोजन विभाग की लगातार और सख्त पैरवी का नतीजा है। वर्षों से लंबित मामलों में भी सजा दिलाकर पुलिस ने यह संदेश दिया है कि कानून के शिकंजे से कोई नहीं बच सकता। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत पुराने मुकदमों को प्राथमिकता पर लेकर कार्रवाई की जा रही है, ताकि पीड़ितों को न्याय और अपराधियों को दंड सुनिश्चित किया जा सके। इस फैसले से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर आमजन का भरोसा और मजबूत हुआ है।

# बहन व प्रेमी का कत्ल कर दफनाया

## पाकबड़ा थाना क्षेत्र के सब्जीपुर उमरी गांव में हुई ऑनर किलिंग से सनसनी

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** जिले के पाकबड़ा थाना क्षेत्र से सनसनीखेज मामला सामने आने पर पुलिस व प्रशासन सतर्क हो गया है। सामाजिक शान की खातिर तीन भाइयों ने अपनी बहन और उसके कथित प्रेमी की हत्या करके शवों को मंदिर के पीछे दफना दिया। हत्या का खुलासा होने तथा मामला दो सम्प्रदाय से जुड़ा होने के कारण गांव में तनातनी का माहौल बन गया है जिसपर पुलिस और पीएसी की तैनाती की गई है। पुलिस ने शवों को निकालकर पोस्टमार्टम कराया है।

गांव का अरमान चौधरी सऊदी में नौकरी करने के बाद पिछले छह महीने पहले ही आया है और गांव में पत्थर का काम कर रहा था। अरमान रविवार रात नौ बजे घर से निकला था जिसके बाद नहीं लौटा। अरमान के परिजन ने संबंधियों और रिश्तेदारों में तलाश के बाद पाकबड़ा पुलिस को सूचित कर दिया था। पुलिस दो दिन से अरमान की तलाश में जुटी हुई थी, इस बीच काजल

**■ मामला दो सम्प्रदाय से जुड़ा होने से कारण गांव में पुलिस और पीएसी तैनात**



काजल, अरमान (फाइल फोटो)

सैनी के परिजन भी गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंच गए थे। अरमान के परिजन बताते हैं कि उन्हें गांव में अरमान की हत्या करने की जानकारी मिली थी जिसपर उन्होंने बुधवार को कचहरी में एसएसपी से मुलाकात करके पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। एसएसपी से मुलाकात के बाद वह थाने आए और थाने पर पुलिस को पूरी जानकारी दी। पुलिस ने काजल के भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह खुल गया। पुलिस के मुताबिक अरमान रविवार रात नौ बजे काजल से मिलने गया था। इस दौरान काजल के परिजन ने दोनों को देख लिया और घर में बंधकर बनाकर मारपीच की जिससे दोनों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने गांगन नदीं के किनारे स्थित मंदिर के पीछे गड्ढा खोदकर दबाई गई दोनों की लाशों को निकाल लिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि अरमान और काजल एक-दूसरे से प्यार में थे और अरमान अक्सर काजल से मिलने जाता था। बताते हैं कि युवती के परिजनों ने दोनों को एक साथ देख लिया और फिर आक्रोश में आकर दोनों को बेरहमी से मार डाला गया। बीती रात डबल मर्डर का मामला सामने आने से गांव में तनाव को देखते हुए जिले के सभी थानों से पुलिस को बुलाने के साथ पीएसी भी तैनात की गई है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि अरमान के पिता की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट काजल के तीनों भाइयों के खिलाफ दर्ज कर ली गई है।

### पुलिस ने तीन हत्यारोपियों के नाम निकाल दिए एफआईआर से

**मुरादाबाद।** सनसनीखेज हत्याकांड की जांच के शुरुआत में पुलिस पर पक्षपात के आरोप लगने लगे हैं। अरमान के पिता मो. हनीफ का कहना है कि उन्होंने एफआईआर दर्ज कराने के लिए दी गई तहरीर में छह लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट में तीन नाम निकाल दिए हैं। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। अरमान के पिता ने मीडिया को बताया कि गुमशुदगी दर्ज कराने के बाद भी पुलिस की कार्रवाई सुस्त रही थी जिसके कारण उन्हें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगानी पड़ी। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने जांच तेज की जिसके बाद घटना का खुलासा हो सका है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए छह लोगों को आरोपी बनाया था, लेकिन पुलिस ने केवल तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है।

## किसानों की समस्याओं पर डीएम का त्वरित संज्ञान लिया

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं, जिन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। किसानों द्वारा नहरों के संचालन की मांग किए जाने पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि आज से ही नहरों का संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की असुविधा न हो और फसलों को समय पर पानी मिल सके। इसके साथ ही किसानों ने विद्युत आपूर्ति में लो वोल्टेज की समस्या तथा लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराई गई बोरिंग पर विद्युत कनेक्शन न मिलने का मुद्दा भी उठाया। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि किसानों को निर्बाध एवं मानक वोल्टेज की बिजली उपलब्ध कराई जाए।

# कबड्डी बॉयज जूनियर वर्ग में रेड हाउस विजेता रहा

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** शहर के नेशनल पब्लिक स्कूल सोदा के प्रांगण में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम किंकर मिश्र, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रवि प्रकाश मिश्र एवं समाजसेवी अनिल मिश्र उपस्थित रहे।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक संजय शंकर मिश्र ने मुख्य अतिथि का स्वागत स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या मृदुला सिंह ने विशिष्ट अतिथियों का स्वागत स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र देकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कदमताल करते हुए अतिथियों को सलामी दी।

प्रतियोगिता के प्रथम दिन खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं सैक रेस का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल



**■ नेशनल पब्लिक स्कूल सोदा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन**

सीनियर वर्ग में ग्रीन हाउस और येलो हाउस के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें येलो हाउस विजेता रहा। विजेता टीम में आलोक कुमार, रवि, आदित्य विश्वकर्मा, आदित्य मल्ल, दिवेश, आयुष निषाद एवं बालाजी शामिल रहे।

कबड्डी सीनियर गर्ल्स वर्ग में ब्लू हाउस एवं येलो हाउस के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जूनियर गर्ल्स वर्ग में येलो हाउस और ब्लू हाउस के बीच मुकाबला हुआ। इसके बाद ग्रीन हाउस और रेड हाउस के बीच भी रोचक मुकाबले खेले गए। सीनियर गर्ल्स वर्ग में ग्रीन हाउस और रेड हाउस के बीच हुए मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। कबड्डी बॉयज जूनियर वर्ग में रेड हाउस विजेता रहा। येलो हाउस और ग्रीन हाउस के बीच हुए मुकाबले में ग्रीन हाउस विजयी रहा। इसके पश्चात फाइनल मुकाबला रेड हाउस और ग्रीन हाउस के बीच हुआ, जिसमें रेड हाउस की टीम विजेता घोषित की गई। प्रतियोगिता में रेड हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की अध्यापिका प्रिया मिश्रा तथा विद्यार्थियों विधूभूषण मिश्र एवं श्रेया सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं निर्णायक दल उपस्थित रहे।

# केएम में पैसा नहीं सेवा का भाव ही सर्वोपरि : किशन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** केएम स्वास्थ्य की राजधानी केएम हॉस्पिटल के सौजन्य से वृंदावन चन्द्रोदय मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक स्वामी अनंत वीर्य जी महाराज के सानिध्य में इन दिनों निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर गांव गांव लगाये जा रहे है, जिसमें वरिष्ठ डाक्टर्स बीमारों का निःशुल्क इलाज व परामर्श के साथ दवाई भी मुफ्त दे रहे है। लाभान्वित मरीज केएम हॉस्पिटल के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा कर रहे है।

इसी श्रृंखला में केएम अस्पताल ने गांव दौलता के पंचायत घर में डॉ. मनन, डा. अंकिता सिंह, डा. राजलक्ष्मी ने सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। इसके अलावा केएम हॉस्पिटल ने अछनेरा स्थित लक्ष्मन मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसमें डा.

**■ दौलता और अछनेरा में लगा केएम का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर**

तन्मय डा. आशीष, डा. अंकिता सिंह, डा. लक्ष्य ने निःशुल्क परामर्श के साथ फ्री जांच, दवाएं वितरित की।

ब्रज में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने वाले केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल तथा चन्द्रोदय मंदिर संस्थान संयुक्त रूप से पिछले कई महीनों से गांव-गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गरीब तबके के लोगों को उनके घर व गांव में अच्छे स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क परामर्श के साथ जांच एवं दवाएं निःशुल्क दी जा रही है। केएम और चन्द्रोदय मंदिर अब तक 33 गांवों में शिविर लगाया जा चुका है, जिसमें हजारों की संख्या में मरीज लाभान्वित हुए है।

## अनशनकारी का स्वास्थ्य बिगड़ा

**मथुरा।** जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा के पीड़ित कर्मचारियों का अनशन बुधवार को काली पट्टी बांध कर जारी रहा वही दूसरी ओर जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा तीसरे दिन भी कार्यालय पर नहीं आए

जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा के मैनेजमेंट से पीड़ित कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन अनशन बुधवार को अपनी घोषणा के अनुसार काली पट्टी बांध कर जारी रहा अनशन पर लंबे समय से बैठे एक अनशनकारी अक्षय भारद्वाज वरिष्ठ सहायक का स्वास्थ्य बिगड़ा गया उनका किसी भी अधिकारी ने उपचार कराना उचित नहीं समझा जिस कारण अनिश्चितकालीन अनशन बैठे अन्य लोगों में जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा की शैली को लेकर आक्रोश उत्पन्न हो गया बताते चले की अक्षय भारद्वाज और सुधा देवी सेविका को काफी लंबे समय से मैनेजमेंट उपस्थिति पंजिका पर उपस्थिति दर्ज नहीं करा रहे है अक्षय भारद्वाज का एक वर्ष से उनका वेतन, इंक्रीमेंट बोनस रोक रखा है।

# फिजाओं में गूंजने लगी शहरे जिगर की तहजीब, अदब और विरासत की शान

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** चेतना का महापर्व उदीषा साहित्योत्सव -2026 का रंगारंग आगाज फिल्म अभिनेता और लेखक आशुतोष राणा ने दीप प्रजवल्लित करके किया। 26 जनवरी तक चलने वाले उदीषा का आयोजन जिले की साहित्य और कला का प्रदर्शन करने के लिए किया गया है। बुद्धि विहार स्थित गांधी पार्क में आला अफसरों के साथ सामाजिक और राजनीतिक लोगों के बीच किया गया है।

सांस्कृतिक शून्यता को भरने और शब्दों को पुनः ब्रह्म के रूप में स्थापित करने के ध्येय के साथ पीतल नगरी की पावन धरा पर उदीषा साहित्योत्सव-2026 का शंखनाद किया गया है। फिल्म अदाकार व लेखर आशुतोष राणा ने अपनी अद्वितीय शब्दावली और मौन के मुखर संवाद के माध्यम से भारतीय दर्शन, संस्कृति और वर्तमान समय में



**■ पाच दिवसीय कला व साहित्य सम्मेलन का फिल्म अदाकार व लेखक आशुतोष राणा ने किया उद्घाटन**

साहित्य की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उनके व्याख्यान से युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने की एक नई दृष्टि प्राप्त हुई है। उदीषा में चोटिपुरा गुरुकुल की कन्याओं द्वारा वेदमंत्रों के सस्वर पाठ करके आधुनिक युग में हमारी प्राचीन ऋषि-परंपरा का जीवंत प्रमाण बना। वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगाँठ पर नाद यात्रा के अंतर्गत दुर्जय भौमिक के नेतृत्व में सात शास्त्रीय वाद्य यंत्रों की जुगलबंदी राष्ट्रगीत के गौरवमयी इतिहास को सुरों से अभिसिंचित किया गया। पंडित अनुज मिश्र और दिव्या उपाध्याय के निर्देशन में कथक के माध्यम से शिव-शक्ति की ऊर्जा, राम-कृष्ण का प्रेम और अंत में सूफी संतों की रूहानी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। उदीषा में शाम ढलने पर विश्वविख्यात गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी प्रचंड ऊर्जा और रूहानी आवाज से श्रोताओं को आनंद के संमुद्र में गोते लगवाए। इसके अलावा पार्क में साहित्य, कला, लेखन, फोटोग्राफी का प्रदर्शन भी किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम ने रिफाइनरी में चलाया जागरूकता अभियान

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** नगर निगम नेचर ग्रीन की आईईसी टीम द्वारा रिफाइनरी दिवस के अवसर पर बार्ड 27 टाउनशिप गेट स्थित मथुरा रिफाइनरी परिसर में प्रदीप कुमार वरिष्ठ मेंटेनेंस प्रबंधक सिविल रिफाइनरी के निर्देशन में एक प्रभावशाली स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीम ने आवासीय क्षेत्रों में घर-घर जाकर सोर्स सेग्रीगेशन का लाइव प्रदर्शन किया। वहीं कमर्शियल एरिया में नक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को कचरे के सही पृथक्करण एवं उचित निस्तारण की प्रभावी जानकारी दी गई। प्रदीप ने कहा हम सबको स्वच्छता के प्रति हमेशा जागरूक और सतर्क रहना चाहिए। स्वच्छता बनाए रखने में सभी का सहयोग जरूरी है। सभी कूड़े को उचित कूड़ेदान में कूड़े के स्थान पर ही डालें। इस दौरान ऑपरेशन अभिषेक बाजपेई प्रभारी सुरजीत सिंह, निशांत चौधरी जोनल,फरहान, वंदना आदि लोग मौजूद थे।

### पर्यावरण संरक्षण पर बच्चों ने किया मनमोहक नृत्य

**चन्दौली (अवधनामा संवाददाता)।** राम कृष्ण महिला विद्या मंदिर इंटर कालेज मुगलसराय में काशी वन्य जीव प्रभाग चन्दौली द्वारा परिस्थितिकीय पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल, नगर के प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी सतीश कुमार जिंदल, एसडीओ वन विभाग वरुण प्रताप सिंह, विद्यालय प्रबंधक रमेश सिंह एवं प्रधानाचार्या श्रीमती माधुरी देवी के द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सुधीर भास्कर पाण्डे, विजय प्रताप सिंह, शरद चन्द्र मिश्रा, कल्पना रानी, शिल्पी राय, रचना मौर्य, गायत्री सिंह, शशि यादव, लीलावती कुशवाहा, पुष्पा मिश्रा, प्रिया सिंह,अपूर्णा ,पूर्णिमा,राजन, मंजीषा आदि अध्यापिकाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अपर्णा मालवीय द्वारा किया गया।

### कृषि उत्पादन मंडी समिति में सरकारी क्रय केंद्र खोला गया

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** किसानों को उरद, मूंगफली और तिल की फसल बेचने के लिए कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में सरकारी क्रय केंद्र खोला गया है। क्रय केन्द्र पर अब तक 223 क्विंटल उरद की खरीद हुई है। जबकि क्रय केंद्र पर मूंगफली और तिल की फसल नहीं आई है। जनपद के किसानों से उरद, मूंगफली और तिल की फसल खरीदने के लिए कृषि उत्पादन मंडी समिति के नीलामी चबूतरे पर सरकारी क्रय केंद्र खोला गया है। सरकार द्वारा 7800 रुपये प्रति क्विंटल की दर से उरद, मूंगफली 7263 रुपये प्रति क्विंटल और तिल 9846 रुपये प्रति क्विंटल की दर से एमएसपी निर्धारित की गई है। क्रय केंद्र 29 जनवरी तक संचालित किया जाना है। लगभग एक सप्ताह का समय शेष है। लेकिन क्रय केंद्र पर अभी तक न तो मूंगफली की खरीद हुई है और न तिल की खरीद हुई है।

### बीएलएस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)।** महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज में बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी चिकित्सकों को बीएलएस में प्रशिक्षित करना है, ताकि गंभीर मरीजों को समय पर सीपीआर देकर उनकी जान बचाई जा सके। कार्यक्रम का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. रजनी पटेल, डॉ. एस.के. मिश्रा एवं डॉ. श्वेता



सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन 25 चिकित्सकों ने भाग लिया। उन्हें एनेस्थीसिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धीरज सिंह तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रशांत कुमार शाही द्वारा बीएलएस की बारीकियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. रजनी पटेल ने कहा कि बीएलएस प्रशिक्षण डॉक्टरों के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे इमरजेंसी में आने वाले अधिक से अधिक मरीजों की जान बचाई जा सके।

# जनेश्वर मिश्र का सपना था जनता को मिले मुफ्त शिक्षा, रोजगार और चिकित्सा सेवा

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक व दार्शनिक जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर मकबरा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्र को पुष्प अर्पित कर महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने कहा है कि जनता को मुफ्त शिक्षा, रोजगार और चिकित्सा उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी है जिसमें मौजूदा सरकार विफल साबित हो रही है।

इस मौके पर हुई विचार गोष्ठी में महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने जनेश्वर मिश्र के विचारों को साझा करते हुए कहा कि उनका सपना था कि समाज के हर व्यक्ति को शिक्षा, रोजगार और चिकित्सा मुफ्त मिलनी चाहिए, तभी असली समाजवाद आएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओ से उनके आदर्शों



सपा कार्यालय में जनेशवर मिश्र की पुण्यतिथि मनाते सपाई।

पर चलने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही सच्ची सियासत है और सपा ने हमेशा गरीब, मजदूर, किसान, दबे-कुचलों के उत्थान के लिए कार्य किया है। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष कमरुज्जमा सैफी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने समाजवादी विचारधारा और जनता के हितों के लिए पूरे जीवन संघर्ष किया। उन्होंने युवाओं, किसानों और मजदूरों को आंदोलन की नई राह दिखाई। उनके संघर्ष और विचारों को अपनाकर समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाना होगा। कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव गजेंद्र सिंह यादव ने किया। सलीम वारसी, मोहित राघव, राशिद हुसैन अंसारी, मौअज्जम अली, शाकिर हुसैन, डॉ हसन सलमानी, नसीम परवेज, हाजी भूरे अंसारी, फईम मंसूरी, दाऊद अंसारी, आसिफ अंसारी, गुलशन बाबा, अकरम अंसारी, शाहिद गामा, शमशाद हुसैन अंसारी, हाजी फईम, नितिन, अतुल कुमार, दिलदार हुसैन, कासिम आदि लोग रहे।

## माघ मेला में शंकराचार्य के अपमान पर गौड़ ब्राह्मणों में आक्रोश

**मथुरा।** अखिल भारतीय गौड़ मंडल की बैठक मंडल के महाविद्या कालोनी स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में मौनी अमावस्या के अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अवमुक्तेश्वरानंद महाराज को पुलिस प्रशासन द्वारा स्नान करने से रोकने व संतों के साथ धक्का-मुक्की कर एक ब्राह्मण बालक (बटुक) की चोटी पकड़ कर खींचा जाना बहुत ही निंदनीय कार्य करने पर गौड़ ब्राह्मणों में रोष व्यक्त करते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री से की है। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण की शिखा कोई फैशन नहीं है। यह सनातन और ब्राह्मणत्व का प्रतीक है। यह सिर्फ एक ब्राह्मण का ही अपमान नहीं, सनातन धर्म पर हमला है।दोषी पुलिस वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जानी बहुत आवश्यक है। ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह का अपमान नहीं कर सके।

# बिरौना में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल, नहीं आते सफाईकर्मी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** केंद्र और राज्य सरकार सफाई व्यवस्था को लेकर जितनी गंभीर है उतनी ही विकासखंड बलदेव के गांव पंचायत बिरौना में सफाई व्यवस्था को लेकर ग्राम प्रधान और पंचायत सेक्रेटरी उदासीनता अपने हुए हैं गांव में सफाई कर्मियों के दर्शन दुर्लभ है कभी कबार पंचायत सेक्रेटरी और प्रधान के कहने पर कहीं-कहीं सफाई कर जाते हैं बाकी पूरे गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल है जहां नालियां चौक होने के कारण रास्तों पर जल भराव और कूड़े के ढेरो के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है गांव में सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति और ग्राम सचिव की लापरवाही के चलते स्वच्छ भारत अभियान कागजों तक सीमित रह गया है जिससे ग्रामीण बहुत परेशान है नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी रास्तों पर बह रहा है गांव में सफाई कर्मी नियमित रूप से

**■ नालियां गंदगी से पटी, संक्रामक बीमारियों का खतरा**

नहीं आते हैं जिससे गंदगी जमा हो रही है गांव वासियों ने जिसकी शिकायत विकासखंड अधिकारी नेहा रावत से भी की परंतु उनका ध्यान भी सफाई की ओर आकर्षित नहीं हुआ और सहायक विकासखंड अधिकारी से भी सफाई कर्मियों की शिकायत की गई तो वह भी टाल मटोल करते नजर आए महीनों से गांव में सफाई कर्मचारी सफाई के लिए नहीं पहुंच रहे हैं जो भी अधिकारी बलदेव ब्लॉक में है उनकी मानसिकता ऐसा लगता है कि विपक्षी दल की मानसिकता के है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को धूमल करने में पीछे नहीं है अगर वह समय से समस्याओं का निदान करते हैं तो दोबारा योगी सरकार आएगी इसलिए वह अपने काम को अंजाम देने में असमर्थ दिखते हैं।

# सादात चौराहे से हटायी पूर्व ब्लाक प्रमुख की आदमकद प्रतिमा

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** नगर पंचायत सादात क्षेत्र के उत्तर पश्चिम में सड़क के मध्य चौराहे पर स्थित चौराहे पर स्थित पूर्व ब्लॉक प्रमुख रघुवंश सिंह की प्रतिमा को आखिरकार 27 वर्षों बाद बुधवार को चौराहे से उखाड़ दिया गया।बताते चलें कि चौराहे से प्रतिमा को हटाने का निर्णय सैदपुर से मरदह तक बन रहे एनएच 124 डी सड़क के निर्माण के मद्देनजर लिया गया। जेसीबी मशीन के सहारे मजदूरों ने प्रतिमा को चौराहे से हटाकर फिलहाल थोड़ी दूर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज परिसर में रख दिया। पूर्व ब्लाक प्रमुख स्व. रघुवंश सिंह की पुत्री सुनीता सिंह ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी बिना किसी लिखित नोटिस के ही प्रतिमा को हटा दिए, जो सरासर गलत है। उन्होंने प्रतिमा को पुनः किसी सार्वजनिक स्थान पर लगाने की मांग की है। उल्लेखनीय है



कि स्व. रघुवंश सिंह सादात क्षेत्र पंचायत की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मिर्जापुर के निवासी थे। उनका जन्म 10 मार्च 1939 को और निधन 11 अप्रैल 1997 को हुआ था। वह मई 1983 से जुलाई 1995 तक तीन बार सादात के ब्लॉक प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त, वे 1992 से 1997 तक जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी रहे। सादात नगर में रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले चौराहे पर स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण 14 फरवरी 1999 को तत्कालीन जिलाधिकारी राजन शुक्ला ने किया था।

## अवैध होर्डिंग को लेकर नगर निगम की कार्रवाई से हड़कंप

**मथुरा।** नगर आयुक्त के आदेशानुपालन में नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बिना अनुमति के लगाये गये विज्ञापन पटों को चिन्हांकन किया गया। चिन्हित विज्ञापन पटों पर नगर निगम द्वारा निमित्त विज्ञापन उपविधि विज्ञापन पर (अनुज्ञा शुल्क कर निर्धारण और वसूली उपविधि 2019) मे वर्णित नियम, शर्तो के अनुसार निम्न फर्मों पर बिना अनुमति के लगाये गये विज्ञापन पटो पर निम्नानुसार जुर्माना निर्धारित किया गया। बृज चिकित्सा संस्थान दरेसी रोड मथुरा पर रू0 1,10,000/-. डा0 हर्ष गुप्ता हाई-टेक किडनी एण्ड स्टोर हॉस्पीटल एन0एच0 19 छटीकरा मथुरा पर रू0 1,25,000, कान्हा माखन मिलेनियम स्कूल मसानी लिंक रोड मथुरा पर रू0 1,10,000/-, श्री राधा ग्रुप सौख रोड, जीएस टावर मथुरा पर रू0 1,25,000/- कॉफिया ब्रू ऑन द रॉक सरस्वती कुण्ड मथुरा पर रू0 1,25,000/- तथा रोमियो लोन गोपाल टावर गोवर्धन रोड मथुरा पर रू0 1,25,000/।

# सनातन धर्म ने सदैव समाज को एकता, सहिष्णुता और सेवा का मार्ग दिखाया



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित केशव बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सनातन धर्म की एकता, सामाजिक जागरूकता व राष्ट्रहित में संगठित प्रयासों को लेकर चर्चा की गई।

पुराना बस स्टैंड पर आयोजित हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता महावीर प्रसाद ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अखंड प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रहलाद द्वारा हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अखंड प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की पहचान उसकी गौरवमयी संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों से है। सनातन धर्म ने सदैव समाज को एकता, सहिष्णुता और सेवा का मार्ग दिखाया है। वर्तमान समय में समाज को संगठित रहकर अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने की आवश्यकता है। यदि हिंदू समाज एकजुट होकर कार्य करे तो सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के साथ राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभा सकता है। देव एवं लावण्या ने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता में निहित है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति और संस्कारों को समझें और

**■ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की केशव बस्ती का हिंदू सम्मेलन सम्पन्न**

समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। शशिकांत ने सामाजिक समरसता, परिवार मूल्यों और नैतिक शिक्षा के महत्व को समझाया। महेंद्र पाटकार मृदुल ने काव्य पाठ के माध्यम से हिंदू समाज को संगठित रहने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संदेश दिया। उनकी रचना ने श्रोताओं में उत्साह और चेतना का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल मिश्रा ने किया। सम्मेलन में मंगल सिंह चौहान, डॉ. देवेंद्र, आशा देवी सोनी, रेखा माई, विनय निगम, आशीष सोनी, शिवम, अनुज, विनोद साहू, कपिल सोनी, लकी ठाकुर, बीनू गुप्ता, विश्वजीत चौहान, धर्मेंद्र चौहान, सुशील तिवारी, अनुराग तिवारी, मानवेंद्र परिहार, मनीष, अरविंद, अभिषेक, हरिश्चंद्र वर्मा, राजा भदौरिया, राधिका, वैदेही, साध्वी खेमरिया आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के रक्षोपाय पूरी गम्भीरता के साथ किए जाएं



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** 31 जनवरी तक पूरे प्रदेश में मनाए जा रहे 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' के अंतर्गत परिवहन अधिकारियों द्वारा सड़क सुरक्षा, जागरूकता और प्रवर्तन कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी केडी सिंह गौर ने आज बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के डकोर स्थित टोल प्लाजा पर, उरई के प्रवर्तन अधिकारियों एवं टोल प्रबंधन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

उप परिवहन आयुक्त केडी सिंह ने बैठक में कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, झांसी परिक्षेत्र के 5 जनपदों से गुजरता है और इस एक्सप्रेस वे पर घटित दुर्घटनाएं, पूरे परिक्षेत्र में दुर्घटनाओं की संख्या और मृत्यु दर का ग्राफ तय करती हैं। यह आवश्यक है कि एक्सप्रेस वे पर सड़क सुरक्षा के रक्षोपाय पूरी गम्भीरता और प्रतिबद्धता के साथ किए जाएं।

टोल प्रबंधन के साथ वार्ता एवं समीक्षा बैठक में उप परिवहन आयुक्त ने टोल प्लाजा पर, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, तथा सड़क सुरक्षा संबंधी आवश्यक संसाधनों का भी निरीक्षण किया। टोल में एक एंबुलेंस, क्रेन, रेस्क्यू वाहन, तथा पेट्रोलिंग वाहन मौजूद पाए गए। केडी सिंह ने जनपद उरई के परिवहन अधिकारियों के प्रवर्तन कार्यों की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि एक्सप्रेस वे के जनपद में एंट्री और एक्जिट प्वाइंट पर सघन प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# ईओ ने लिया एमआरएफ एवं वेस्ट वेस्ट सेंटर का जायजा

■ निर्माणाधीन कान्हा गौशाला में समयबद्ध मानक अनुरूप कार्य पूर्ण करनें के निर्देश दिये



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गुरूवार को नगर पंचायत समधन अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने स्वच्छता व्यवस्था एवं नगर विकास कार्यो को लेकर मोहल्ला लोहिया नगर रिहुआ स्थित एमआरएफसेंटर के निरीक्षण के दौरान सफाई नायक नरेश चन्द्र व सेन्टर संचालनकर्ता को निर्देश देते कहा कि एमआरएफसेन्टर शासन दिये गये आदेशों के अनुसार चलाया जाये एंव कूडे का निस्तारण किया जाना अति आवश्यक है। इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। इसके उपरान्त उनके द्वारा वेस्ट वेस्ट प्लांट का निरीक्षण किया गया वहा पर गंदगी पाये जाने पर तत्काल सफाई करवाने के निर्देश देते हुये स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होनें कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारी जिम्मेदारी से कार्य करें। इसके उपरांत ईओ ने पनगवां में निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सामग्री एवं प्रगति की जांच की गई। ईओ ने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप ही कराए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ईओ ने कहा कि कान्हा गौशाला का निर्माण पशुओं के संरक्षण एवं देखभाल के उद्देश्य से किया जा रहा है, इसलिए निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान सफाई नायक नरेश कुमार, नरेश चन्द्र व कार्यालय स्टाप दीपक श्रीवास्तव, अशोक कुमार, प्रशांत शाक्य, मतलूब सहित अन्य कर्मी मौजूद रहें।

# गंधौलिया ग्राम प्रधान ने किया विकास कार्यों का बखान

■ दलित बस्ती से वर्षों पुरानी जल भराव समस्या को समाप्त किया

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गंधौलिया ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान राजेश सिंह यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में तिगड़ा दलित बस्ती में वर्षों पुरानी जल भराव की गंभीर समस्या को समाप्त कर दिया गया है। ग्राम प्रधान राजेश सिंह यादव ने जानकारी दी कि बस्ती में लंबे समय से मिट्टी व गंदगी भर जाने के कारण जलभराव की समस्या बनी रहती थी, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते थे। समस्या को गंभीरता से लेते हुए पंचायत स्तर पर वर्षों पुराने जल भराव का निकास बनवाकर समस्या समाप्त की साथ ही 300 मीटर इण्टरलाकिंग रोड नाली बनवाई जिससे तिगड़ा दलित बस्ती के लोगों को राहत मिली है। ग्राम प्रधान ने बताया कि मंदिर कन्हैया के जलभराव की समस्या को निस्तारण कराकर पंचायत घर का भी निर्माण कराया। इसके अलावा गांव में एक सड़क नाली, साफ-सफाई, 18 बिधवा पेंसन, 22 बृद्धा पेंसन, 05 विकलांग पेंसन, करीब 20 हेंण्डपम्पों का रिबोर कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए गये हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत का उद्देश्य बिना भेदभाव के सभी वर्गों के विकास को सुनिश्चित करना है और आगे भी जनहित में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# मिशन शक्ति केंद्र में दंपति के बीच कराया समझौता

■ पीएलबी सहित मुख्य महिला आरक्षी ने की काउंसलिंग

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर स्थित मिशन शक्ति केंद्र में आपसी विवाद से परेशान एक दंपति के बीच काउंसलिंग कराकर सुलह कराई गई। दंपति के बीच लंबे समय से पारिवारिक मतभेद चल रहे थे, जिसके चलते दोनों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई थी। मामले की जानकारी मिलने पर दंपति को मिशन शक्ति केंद्र बुलाया गया।

मिशन शक्ति केंद्र में अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में मुख्य महिला आरक्षी शशिबाला, महिला कांस्टेबल प्रियंका रानी एवं पीएलबी सीमा बानों ने आवेदिका दीपा मिश्रा पत्नी अनुराग मिश्रा निवासी बारामऊसराय के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पति अनुराग मिश्रा को बुलाकर दोनों पक्षों को समझाते हुए काउंसलिंग की। काउंसलिंग के दौरान पारिवारिक जिम्मेदारियों, आपसी विश्वास, संवाद और समझदारी से समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया। लगातार चली काउंसलिंग के बाद दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी गलतियों को स्वीकार किया और आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया। मिशन शक्ति केंद्र के प्रयास से दंपति के बीच सुलह हो गई, जिससे दोनों के चेहरे पर संतोष और राहत दिखाई दी। इस अवसर पर मुख्य महिला आरक्षी ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र का उद्देश्य महिलाओं और परिवारों को सुरक्षित माहौल प्रदान कर समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान कराना है। उन्होंने बताया कि पारिवारिक विवादों में काउंसलिंग एक प्रभावी माध्यम है, जिससे टूटते रिश्तों को बचाया जा सकता है।



दंपति में काउंसिलिंग कर समझौता करातीं मुख्य महिला अरक्षी व पीएलवी

## छोटे लोहिया का जीवन सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा: श्यामलाल

**प्रयागराज।** समाजवादी विचारधारा के प्रखर चिंतक, पूर्व केंद्रीय मंत्री, स्व. जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि सपा कार्यालय में गोष्ठी आयोजित कर मनाई गई। जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन एवं यमुनापार अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद की संयुक्त अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्व. जनेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि स्व. जनेश्वर मिश्र समाजवाद के ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की मजबूती के लिए समर्पित कर दिया। वे संसद में आम जनता की आवाज बुलंद करने वाले निर्भीक नेता थे।

# सांसद का स्टीकर व भाजपा का झंडा लगे स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

अवधनामा संवाददाता




**गाजीपुर।** उत्पाद विभाग बिहार सरकार द्वारा मंगलवार की देर शाम कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र के लूरपुरवा गांव से राज्यसभा सांसद डा. संगीता बलवंत का स्टीकर और बीजेपी का झंडा लगी स्कॉर्पियो से 277 लीटर शराब बरामदगी पर जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। वहीं इस घटना को संज्ञान में लेते हुए राज्यसभा सांसद डा. संगीता बलवंत के पति डा. अवधेश ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर धोखाधड़ी करने वाले तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि बरामद गाड़ी से उनकी पत्नी का कोई लेना-देना नहीं है और यह गाड़ी उनकी नहीं है बल्कि तस्करों ने उनके नाम का दुरुपयोग कर उनके मान का हनन किया है। उन्होंने वाहन स्वामी पर उचित कार्यवाही की मांग की है। बताया गया कि मंगलवार की शाम बिहार उत्पाद विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश से भारी मात्रा में अवैध शराब एक स्कॉर्पियो से बिहार आ रही है।

इस सूचना पर उत्पाद विभाग ने सतर्कता से वाहन चेकिंग आरम्भ कर दिया। कुछ समय बाद दो वाहन उत्तर प्रदेश की ओर से आते दिखाई दिये। सामने चल रही पुलिस चेकिंग देखकर वाहन चालकों ने अपने वाहन लुरपुरवा गांव की तरफ मोड़ दिया और वाहन लेकर भाग निकले। वाहन चेकिंग में लगी पुलिस ने दोनों गाड़ियों का पीछा किया तो चालक गाड़ी छोड़ मौके से फरार हो गये। पुलिस ने वहां खड़ी स्कॉर्पियो की तलाशी ली तो उसमें से कुल 277 लीटर शराब बरामद हुई। स्कॉर्पियो के पीछे शीशे पर राज्यसभा सांसद डॉ संगीता बलवंत का स्टिकर लगा था और वाहन के आगे भाजपा का झंडा लगा था। उस पर यूपी 61बी क्यु 9062 का नम्बर प्लेट लगा था। इस संबंध में उत्पाद विभाग के एएसआइ कुमार गौरव ने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त कर, बरामदगी के आधार पर कार्रवाई की गयी है। वाहन पंजीकरण के आधार पर वाहन स्वामी की पहचान कर तस्करों की छानबीन में लगी है।

# राम मंदिर के स्थापना दिवस पर प्रसाद वितरण

■ भगवान श्रीराम के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला किदवई नगर स्थित शिव मंदिर परिसर में राम मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गुरुवार को कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव के विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में जय श्रीराम के उद्घोष गूंजते रहे। आयोजकों सभासद चरणजीत, मास्टर जगदीश चंद्र बाथम, मास्टर विनोद द्वारा भगवान श्रीराम के आदर्शों और मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया गया। पूजन उपरांत बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन को लेकर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने कहा कि राम मंदिर की स्थापना भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, जिसे हर वर्ष उत्साहपूर्वक मनाया जाना चाहिए इस दौरान पत्रकार ठा. रंजीत सिंह, नरेश कुमार, शिवा, करन, सनी, अंशु, प्रदीप, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

## ज्ञान सबसे लो, लक्ष्य से न भटको: हरिओमानंद



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** सेक्टर छह हर्षवर्धन मार्ग स्थित श्री हरिओम मानव सेवा ट्रस्ट में श्रीमद्भागवत कथा का गुरुवार को समापन हुआ। व्यासपीठ पर विराजमान महंत हरिओमानंद सरस्वती ने कहा कि ज्ञान सबसे लो, लेकिन लक्ष्य से न भटको। उन्होंने कहा कि सदैव प्रभु का स्मरण करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा संगमतीरे एक माह तक केवल जप-तप करनी चाहिए। इसके लिए सरकार और मेला प्रशासन ने बेहतर व्यवस्था की है। इस दौरान जगन्नाथ सिंह, संजय सिंह, देवेश, अमरनाथ मिश्र, बलराम गुप्ता, शिव प्रसाद, अशोक कुमार राजनाथ शुक्ल, रामशेष आदि उपस्थित रहे।

## ट्रेड यूनियन लीडर हरिशचंद्र द्विवेदी करेंगे देहदान



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** ट्रेड यूनियन लीडर हरिशचंद्र द्विवेदी ने देहदान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने गुरुवार को हलफनामा देकर एसआरएन अस्पताल के एनाटामी विभाग में दहीचि देहदान संस्थान के प्रमुख मनोज सेंगर को इसकी जानकारी दी है। श्री द्विवेदी ने बताया कि चिकित्सकीय सरोकारों को देखते हुए कैप्टन लक्ष्मी सहगल व ज्योति बसु से प्रेरणा स्वरूप अपना देहदान करने का संकल्प लिया है। साथ ही फेसबुक पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि देहदान करें चलो मानववाद के लिए, बहुत दिनों जिये और लड़े समाजवाद के लिए। उनके इस संकल्प के लिए उनके साथियों ने बधाई दी है।

## पूर्वांचल की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत का वर्णन किया गया

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** भारत की आन,बान,शान और ऐतिहासिक महत्व की गरिमा बढ़ाने वाली गौरवशाली पूर्वांचल पुस्तक का अवलोकन सिविल लाइन कार्यालय आजमगढ़ में करते हुए भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय,भाजपा लालगंज के पूर्व जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं वरिष्ठ नेता प्रवीण कुमार सिंह ने प्रधान संपादक एवं प्रभारी अरविंद चित्रांश की पुस्तक गौरवशाली पूर्वांचल का अवलोकन करते हुए सामूहिक रूप से कहा कि पूर्वांचल, जो उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसका केंद्र आजमगढ़, काली मिट्टी के बर्तन निजामाबाद और मुबारकपुर की बनारसी साड़ी और सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों के लिए विश्व प्रसिद्ध है। जिसे प्राचीन काल से ही एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक साहित्यिक और ऐतिहासिक केंद्र माना गया है। गोरखपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि अरविंद श्रीवास्तव चित्रांश एक प्रसिद्ध सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जो अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजनों के संयोजक और लोक कला संरक्षक के रूप में जाने जाते हैं। वे प्रधान संपादक और प्रभारी के रूप में गौरवशाली पूर्वांचल पुस्तक को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संघर्षरत हैं, जो भारत की गौरव गाथा को दर्शाती है।

# बसंत पंचमी और निराला जयंती का कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया



अवधनामा संवाददाता

**संभल।** एमजीएम कॉलेज संभल में हिंदी अध्ययन एवं शोध विभाग द्वारा वसंत पंचमी और निराला जयंती का कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र और निराला जी के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के साहित्य में मानवीय संवेदना विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजेश कुमार ने सरस्वती वंदना और वसंत गीत प्रस्तुत किया। डा मोहम्मद नदीम ने कहा कि निराला का व्यक्तित्व हिंदी साहित्य में अद्वितीय है। उनके साहित्य में प्रकृति और जीवन की अनेक छवियां मौजूद हैं। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ फहीम अहमद ने कहा कि निराला का साहित्य मानवीय जीवन मूल्यों और संवेदना से परिपूर्ण है। वे पूरा जीवन हाशिए के समाज के लोगों के लिए आवाज उठाते रहे और पुरातन रूढ़ियों का विरोध कर नवल बसंत की कामना की। हिंदी विभाग के प्रभारी डा मो. इमरान खान ने निराला के जीवन के विविध प्रसंगों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि निराला ने साहित्य में मुक्त छंद और नवीन विषयों के माध्यम से क्रांतिकारी परिवर्तन किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो डा योगेंद्र सिंह ने कहा कि निराला ने अपने साहित्य में जीवन की बहुरंगी छवियां प्रस्तुत की हैं। निराला के काव्य में मानवीय संवेदना दीन-दुखियों की पीड़ा, स्त्री-गरिमा, प्रकृति-प्रेम और करुणा के रूप में प्रकट होती है। उनका साहित्य संवेदनशील और सामाजिक सरोकारों से परिपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन डा रीतू भटनागर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अमृतेश अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में डा शशिकांत गोयल, डॉ राघवेंद्र प्रताप सिंह,डा नवेद खान,डा निलेश कुमार,डा दुष्यंत मिश्र, डॉ विकास सिंह यादव डा धीरेन्द्र कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# संगम में जज के गले से सोने की चेन चोरी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** माघ मेले में संगम स्नान के दौरान मध्य प्रदेश में तैनात एक सिविल जज के गले से सोने की चेन कट गई। वारदात को तीन महिलाओं ने अंजाम दिया। मामले में दारागंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीक्षा तनेजा वर्तमान में भाण्डेर, जिला दतिया (मध्य प्रदेश) में वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश (सिविल जज) के पद पर तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 18 जनवरी को वह अपने सास- ससुर के साथ माघ मेले में संगम स्नान के लिए प्रयागराज आई थीं। सास-ससुर कल्पवास कर रहे हैं। उसी दिन संगम स्नान के लिए जाते समय दो से तीन महिलाएं बार-बार उन्हें धक्का दे रही थी। इस हरकत पर उन्हें संदेह हुआ और उन्होंने अपनी चेन चेक की, लेकिन इसके बावजूद महिलाएं धक्का देती रहीं। कुछ देर बाद जब उन्होंने दोबारा देखा तो उनकी सोने की चेन और लॉकेट गायब थे। उन्होंने बताया कि उनके गले पर हल्का कट का निशान भी महसूस हुआ, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि चेन काटकर चोरी की गई है।

दीक्षा तनेजा ने बताया कि चोरी हुई सोने की चेन उन्हें शादी में ससुराल पक्ष से मिली थी, जिसका वजन लगभग 2 तोला (करीब 20 ग्राम) है, जबकि लॉकेट का वजन करीब 5 ग्राम बताया गया है। चोरी की गई चैन और लॉकेट की कीमत लगभग 4.50 लाख रुपए है।

जज ने उसी दिन थाने में तहरीर दी। इस तहरीर के आधार बुधवार रात रात तीन अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। दारागंज थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संगम क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## कुत्ते के दौड़ाने से डिवाइडर से टकराई बाइक, मौत

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस क्षेत्र में बाइक सवार को अचानक आवारा कुत्ते ने दौड़ा लिया। कुत्ते से बचने की कोशिश में बाइक डिवाइडर से टकरा गई और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर पर गंभीर चोट लगने से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन दो दिन बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों का बुरा हाल रहा, तो वहीं स्थानीय लोगों में आवारा कुत्तों के आतंक को लेकर नाराजगी बनी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहपुर जिले का मूल निवासी 48 वर्षीय नूर अली करेली स्थित रोशन बाग में किराए का कमरा लेकर रहता था। वह बाइक मिस्त्री था और सिविल लाइंस में दुकान खोल रखी थी। बताया जाता है कि दो दिन पहले नूर अली बाइक से रोशन बाग लौट रहा था। रास्ते में नवाब यूसुफ रोड पर कुत्तों ने दौड़ा लिया। कुत्तों से बचने के लिए नूर अली ने बाइक की गति बढ़ा दी। हालांकि, इसी बीच अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई और नूर अली गंभीर रूप से घायल हो गया।

# वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 'वर्चस्व-2026' का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान स्कूल ऑफ नर्सिंग की ओर से वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 'वर्चस्व-2026' का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग हाउस (रेड हाउस, ग्रीन हाउस, यलो हाउस एवं ब्लू हाउस) के लगभग 1200 से अधिक खिलाड़ियों ने दो दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। चार दिनों तक चलने वाले इस खेल महाकुम्भ में रविवार को समापन पर विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को संस्थान की ओर से ट्रॉफी, मेडल एवं सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया जायेगा। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान के मेजर ध्यानचन्द ओपन खेल परिसर में 'खेल महाकुम्भ' वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 'वर्चस्व-2026' का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे, वित्त निदेशक युवराज सिंह, नर्सिंग डीन डा. ऐना ऐरिक ब्राउन ने खेल मशाल जलाकर हवा में कबूतर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि खेल ही नहीं बल्कि जीवन की किसी भी 'स्पर्धा' में हम कभी हारते नहीं है, जब हम किसी स्पर्धा में प्रतिभाग करते हैं तो, या तो हम जीतते हैं या फिर सीखते हैं कि हमारे प्रदर्शन में कहाँ कमी रह गयी। इसलिए युवा विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाग अवश्य करें। प्रतिकुलाधिपति डा.राजीव त्यागी ने कहा कि 'फिट इण्डिया' 'खेलो इण्डिया' जैसी शानदार योजनाओं से आज भारतीय खिलाड़ी विश्व स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

'वर्चस्व-2026' के पहले दिन कबड्डी, भालाफेंक, गोलाफेंक, 100 मीटर दौड़, वालीबाल समेत एक दर्जन प्रतियोगिताओं में विजेताओं ने अगले दौर में प्रवेश किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. (डा.) पीयूष कुमार पाण्डेय, डीन एकेडमिक डा. राजेश सिंह, डा. मंजरी राणा, डा. मनीष शर्मा, डा. आशुतोष गौतम, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. स्नेहलता गोस्वामी, रीना जोशी, मारूफ चौधरी, एस. एस. बघेल, संजीव कुमार, अनुषा कर्णवाल, जूही गुप्ता, इन्दुबाला, हुमा कौसर, हरप्रीत कौर, सुमनदीप कौर, एलिशा एडवर्ड, अखिल कुमार, अनुज कुमार शर्मा, तहसीर आलम, शोएब आलम, जुबैर आलम, डा. श्री राम गुप्ता, शक्ति ध्वज सिंह एवं मेरठ परिसर से डा.पंकज चौधरी मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# नहीं रहे प्रो. एच.एस. बालियान

अवधनामा संवाददाता



**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के लिए यह अत्यंत पीड़ादायक क्षण है कि विभाग जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग के वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रोफेसर डॉ. एच. एस. बालियान जी अब हमारे बीच नहीं रहे। उनके निधन से विश्वविद्यालय परिवार ही नहीं, बल्कि संपूर्ण कृषि विज्ञान और शैक्षणिक जगत को एक गहरी क्षति पहुँची है।

प्रोफेसर बालियान जी सेवानिवृत्त होने के बाद भी शिक्षा और शोध से सक्रिय रूप से जुड़े रहे। इन दिनों वे विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एमेरिटस के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे थे। यह उनके समर्पण और अकादमिक प्रतिबद्धता का प्रमाण था कि औपचारिक सेवा निवृत्ति के बाद भी उनका जीवन ज्ञान, मार्गदर्शन और अनुसंधान को समर्पित रहा।

अपने लंबे शैक्षणिक जीवन में उन्होंने विश्वविद्यालय में अनेक महत्वपूर्ण और जिम्मेदार पदों पर रहकर कार्य किया। प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए भी उन्होंने कभी शिक्षण और शोध की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया। वे एक ऐसे शिक्षक थे जिन्होंने अकादमिक अनुशासन, पारदर्शिता और कार्यसंस्कृति को सदैव सर्वोपरि रखा।

जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। फसल सुधार, आनुवंशिक विविधता, उत्पादन क्षमता में वृद्धि और बीज गुणवत्ता जैसे विषयों पर उनके शोध कार्यों ने कृषि विज्ञान को मजबूती प्रदान की। उनके निर्देशन में अनेक विद्यार्थियों ने एम.एससी. और पीएचडी की उपाधियाँ प्राप्त कीं, जो आज विभिन्न संस्थानों और संगठनों में उनकी ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

प्रोफेसर बालियान जी केवल एक विद्वान शिक्षक ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील मार्गदर्शक भी थे। वे छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते, उन्हें आत्मविश्वास देते और सही दिशा दिखाने का प्रयास करते थे। उनकी सादगी, स्पष्टवादिता और कर्मनिष्ठा उन्हें विशेष बनाती थी।

# सुभारती विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में शैक्षणिक, शोध एवं कौशल विकास को समर्पित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, राष्ट्रीय जागरूकता आधारित ऑनलाइन क्विज़ तथा विधिक करियर पर व्याख्यान शामिल रहे। सुभारती कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर, फैकल्टी ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन चिकित्सा निदान प्रौद्योगिकी में हाल के रुझान विषय पर भव्य शुभारंभ हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. राजीव प्रसाद, अध्यक्ष, विश्व ऑप्टोमेट्री संगठन के साथ विशिष्ट वक्ता डॉ. कैथी स्टर्न, न्यूरो ऑप्टोमेट्रिस्ट, संयुक्त राज्य अमेरिका तथा विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल प्रो. डॉ. जी. के. थपलियाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. डॉ. शल्या राज, डॉ. डी. सी. सक्सेना, डायरेक्टर आई. के. एस., प्रोफेसर डॉ. जैस्मिन आनंदाबाई, प्रोफेसर डॉ. पंकज किशोर मिश्रा, प्रोफेसर उमेश कुमार, डॉ. अंशु कुमार सिंह, डॉ. मीनाक्षी मिश्रा एवं डॉ. रविंद्र कुमार मानिक की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रवलन कर सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया। सम्मेलन की शुरुआत आयोजन सचिव डॉ. अंशु कुमार सिंह के अभिवादन के साथ हुई, जिसके पश्चात सुभारती कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर के प्राचार्य प्रो. डॉ. पंकज किशोर मिश्रा ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। मेजर जनरल प्रो. डॉ. जी. के. थपलियाल ने आधुनिक चिकित्सा निदान के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. राजीव प्रसाद ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के महत्व पर चर्चा की। प्रो. डॉ. शल्या राज ने सटीक निदान के महत्व तथा एलाइड एंड हेल्थकेयर की भूमिका पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को आधुनिक निदान प्रौद्योगिकी में नवाचार हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर डिजिटल सौवेनियर का विमोचन किया गया तथा प्रो. डॉ. उमेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री हिबा खान एवं खुशी कंसल द्वारा किया गया। सम्मेलन के प्रथम दिवस डॉ. कैथी स्टर्न, न्यूरो ऑप्टोमेट्रिस्ट, बोस्टन, संयुक्त राज्य अमेरिका, डॉ. राजीव प्रसाद, प्रेसिडेंट इलेक्ट, वर्ल्ड ऑप्टोमेट्री काउंसिल, प्रो. सुदीप दत्ता, डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल लेबोरेटरी मेडिसिन, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली, श्री गगन साहनी, डायरेक्टर, सिल्वर लाइन लेबोरेटरीज, नई दिल्ली, श्री मनोज पाहिजू, त्रिभुवन विश्वविद्यालय, नेपाल तथा डॉ. कविता ठाकुर, येल विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा अतिथि व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। उर्दू के प्रसिद्ध शायर मोहम्मद अली ताज ने अपनी शायरी से सभी को मंत्रमुग्ध किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सुश्री उर्वशी त्यागी एवं श्री संयम ठाकुर द्वारा किया गया। वहीं शिक्षा विभाग, शिक्षा संकाय, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा वंदे मातरम् के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता- 150 ईयर्स ऑफ़ वंदे मातरम- का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

# रोमांटिक जगहः पार्टनर के साथ इन हसीन जगहों पर बिताएं रोमांटिक पल, जिंदगी में भर जाएगा रोमांस

अगर आप भी किसी ठंडी जगह की तलाश कर रहे हैं, लेकिन यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि आपको कहां जाना चाहिए तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको पूर्व भारत से लेकर उत्तर-दक्षिण भारत की कुछ ऐसी हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना है, जब देश के अधिकतर हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने लगती है। अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए कई लोग पहाड़ों पर घूमने के लिए जाते हैं। इस महीने में कपल्स गर्मी से दूर हसीन, खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहों की तलाश करते हैं। जहां पर वह रोमांटिक और सुकून के पल बिता सकें। ऐसे में अगर आप भी अप्रैल के महीने में किसी ठंडी जगह की तलाश कर रहे हैं, लेकिन यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि आपको कहां जाना चाहिए तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पूर्व भारत से लेकर उत्तर-दक्षिण भारत की कुछ ऐसी हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

**सोनमर्ग**

अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए आप सोनमर्ग का ही रुख कर सकते हैं। यह जम्मू कश्मीर की हसीन वादियों में मौजूद है। इसको जम्मू-कश्मीर का एक रोमांटिक और खूबसूरत हिल स्टेशन माना जाता है।

अप्रैल में सोनमर्ग का तापमान 2एष्ट से लेकर 15एष्ट के बीच रहता है। यहां पर आप कृष्णासर झील, विशनसर झील, थजवास ग्लेशियर और बालटाल घाटी जैसी रोमांटिक जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**स्पीति वैली**

हिमाचल प्रदेश में ऐसी कई शानदार और हसीन जगहें मौजूद हैं, जहां पर आप अप्रैल के महीने में अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए



जा सकते हैं। हिमाचल में स्पीति वैली एक रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है।

अप्रैल की गर्मी में यहां पर कई कपल्स घूमने के लिए आते हैं। अप्रैल में स्पीति वैली का तापमान 7एष्ट से लेकर 20एष्ट के बीच रहता है। यहां पर आप पिन वैली नेशनल पार्क और चंद्रताल को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**गंगटोक**

अप्रैल के महीने में पूर्व भारत में गंगटोक जा सकते हैं। कपल्स के लिए यह एक हसीन और रोमांटिक जगह है। सिक्किम की राजधानी गंगटोक पूर्व भारत का एक टॉप क्लास डेस्टिनेशन है।

गंगटोक में बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़, झीर-झरने और घने जंगल यहां की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। यह पूर्व भारत का एक रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। गंगटोक में आप एनचे मठ, त्सोमो झील, ताशी व्यू प्वाइंट और हिमालयन जूलॉजिकल पार्क जैसी हसीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**चोपता**

समुद्र तल से करीब 8 हजार से ज्यादा फीट की ऊंचाई पर मौजूद चोपता एक बेहतरीन हिल स्टेशन है। हिमालय की गोद में बसे चोपता हिल स्टेशन पर हर कपल्स जाना चाहता है। चोपता एक रोमांटिक डेस्टिनेशन के रूप में जाना जाता है।

अप्रैल में यहां का तापमान 2एष्ट और अधिकतम 15एष्ट रहता है। इसलिए यहां पर कई कपल्स हनीमून मनाने के लिए पहुंचते हैं और साथ में टाइम स्पेंड करते हैं। चोपता में आप देवरिया ताल, तुंगनाथ मंदिर और चंद्रशिला ट्रेक आदि जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं।

**कुर्ग**

अगर आप अप्रैल महीने में दक्षिण भारत की किसी शानदार और हसीन जगह जाना चाहते हैं। तो आपको कुर्ग पहुंचना चाहिए। यह कर्नाटक का एक खूबसूरत और रोमांटिक हिल स्टेशन है।

कुर्ग की हसीन वादियों में स्टे के लिए आपको कई रिसॉर्ट और विला मिल जाएंगे। जहां पर आप रोमांटिक पल बिता सकते हैं। यहां पर आप राजा की सीट, एबी फॉल्स, दुबारे हाथी शिवर और नामद्रोलिंग मठ आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

## केरल के मुनरो आइलैंड की खूबसूरती देखकर झूम उठेंगे आप

## प्रकृति प्रेमियों के लिए है जन्नत



जब भी केरल घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले एलेप्पी, कुमारकोम, मुन्नार, वायनाड, वागामों और त्रिशूर जैसी फेमस जगहों पर जाना चाहते हैं। लेकिन मुनरो द्वीप के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है।

दक्षिण भारत में जब किसी खूबसूरत राज्य में घूमने की बात होती है, तो बहुत सारे लोग केरल का नाम सबसे पहले लेते हैं। केरल दक्षिण भारत का पर्यटन हब माना जाता है। केरल की खूबसूरती हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। यहां पर स्थित लैगून और बैकवॉटर देखने के लिए लोग केरल पहुंचते हैं। जब भी केरल घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले एलेप्पी, कुमारकोम, मुन्नार, वायनाड, वागामों और त्रिशूर जैसी फेमस जगहों पर जाना चाहते हैं। लेकिन मुनरो द्वीप के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मुनरो द्वीप की खूबसूरती, खासियत और यहां पर मौजूद कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

केरल के कोल्लम जिले में स्थित मुनरो द्वीप एक अद्भुत और अनोखी जगह है। यह कोल्लम शहर के कुछ किमी की दूरी है। इस द्वीप को कई लोग मुंद्रोथुरुथु के नाम से भी जानते हैं।

केरल में अष्टमुडी झील और कल्लदा नदी के संगम पर यह द्वीप स्थित है। मुनरो द्वीप राजधानी तिरुवनंतपुरम से करीब 90 किमी की दूरी पर है। यह द्वीप एलेप्पी से करीब 87 किमी दूर और कोट्टयम से महज 84 किमी दूर है।

### मुनरो द्वीप का इतिहास

मुनरो द्वीप का इतिहास काफी रोचक है। इस आइलैंड के बारे में बताया जाता है कि इसका नाम पूर्व ब्रिटिश निवासी कर्नल मुनरो के नाम पर रखा गया है। बताया जाता है कि जब कर्नल मुनरो ने देखा कि सिंचाई के लिए आसपास के इलाकों में बहुत समस्या हो रही है, तब इस द्वीप का निर्माण करवाया गया था।

### मुनरो द्वीप की खासियत

केरल के साथ-साथ दक्षिण भारत का भी यह एक ऐसा आइलैंड है, जो नदी और झील के किनारे स्थित है। मुनरो द्वीप अष्टमुडी झील और कल्लदा नदी के संगम पर स्थित है। जोकि अपने आप में अनोखा है।

इस द्वीप के बारे में कहा जाता है कि यह केरल का छिपा हुआ मोती है, जो करीब 8 द्वीपों से बना हुआ है। यहां पर स्थित बैकवाटर और लैगून पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

### सैलानियों के लिए है खास

मुनरो द्वीप अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है और यहां पर हर दिन हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं। खासकर जो सैलानी बैकवाटर और लैगून से प्रेम करते हैं, उनके लिए मुनरो द्वीप किसी स्वर्ग से कम नहीं है। वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए भी यह खास जगह है।

मुनरो द्वीर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। यहां पर कई पर्यटक बोटिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस द्वीप की खूबसूरती चरम पर होती है।

### आसपास घूमने की जगहें

मुनरो द्वीप के आसपास कई शानदार और मनमोहक जगहें हैं। ऐसे में आप इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप यहां पर अष्टमुडी झील, वेस्ट एंड ईस्ट कल्लाडा और थेवलक्करा गांव को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### कैसे पहुंचे मुनरो द्वीप

बता दें कि मुनरो द्वीप पहुंचना आसान है। इसके पास में कोल्लम रेलवे स्टेशन है, जोकि यहां से 27 किमी दूर है। वहीं अगर आप हवाई मार्ग से जाना चाहते हैं, तो यहां पर सबसे पास त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट जोकि 80 किमी दूर है। ऐसे में आप एयरपोर्ट से कैब या टैक्सी करके मुनरो द्वीप जा सकते हैं।

## स्काइडाइविंग का मजा लेने के लिए दक्षिण भारत की इन जगहों पर पहुंचे, जिंदगी भर याद रहेगा ये एडवेंचर



लोगों को स्काइडाइविंग के लिए परफेक्ट जगह नहीं मालूम होती है, जिस कारण वह यह एक्टिविटी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज हम आपको दक्षिण भारत की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप दोस्तों के साथ स्काइडाइविंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

पहाड़ों पर घूमने का शौक तो लगभग हर किसी को होता है। लेकिन जब हम पहाड़ों पर घूमने जाते हैं, तो एडवेंचर एक्टिविटी करना पसंद करते हैं। कई लोग रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, कैम्पिंग और स्कूबा डाइविंग करना पसंद करते हैं। इस दौरान लोग स्काइडाइविंग का लुत्फ उठाना भूल जाते हैं। यह एक ऐसी एडवेंचर एक्टिविटी है, जिसको कई लोग करना पसंद करते हैं। हालांकि कुछ लोगों को स्काइडाइविंग के लिए परफेक्ट जगह नहीं मालूम होती है, जिस कारण वह यह एक्टिविटी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दक्षिण भारत की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप दोस्तों के साथ स्काइडाइविंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

**मैसूर स्काइडाइविंग**

दक्षिण भारत में किसी शानदार और चर्चित जगह स्काइडाइविंग एक्टिविटी करने की बात होती है, तो कई लोग सबसे पहले मैसूर का ही नाम लेते हैं। मैसूर कर्नाटक की एक खूबसूरत जगह होने के साथ-साथ एडवेंचरस जगह भी है।

मैसूर में स्काइडाइविंग के लिए पहले ट्रेनिंग दी जाती है और ट्रेकिंग के बाद करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई से जम्प किया जाता है। स्काइडाइविंग के दौरान, मैसूर शहर के आसपास के इलाकों की खूबसूरती को निहारा जा सकता है। यहां आकाश में उड़ते समय रोमांचक पल कोई नहीं भूल पाता है।

समय- 30-40 मिनट की स्काइडाइविंग।

चार्ज- करीब 25 हजार रुपये से शुरुआत।

**पुडुचेरी स्काइडाइविंग**

पुडुचेरी देश की एक ऐसी जगह है, जहां पर हर दिन हजारों के अधिक की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पुडुचेरी देश के टॉप डेस्टिनेशन में से एक है। यहां पर विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते हैं।

पुडुचेरी अपनी खूबसूत समुद्री लहरों के साथ स्काइडाइविंग के लिए भी फेमस है। यहां स्काइडाइविंग के लिए देश के हर कोने से लोग पहुंचते हैं और समुद्र के ऊपर से उड़ान भरते हैं। यहां पर 10 हजार फीट की ऊंचाई से जंप करते समय आपको कई शानदार दृश्य देखने को मिलेंगे।

समय-15-20 मिनट की स्काइडाइविंग

चर्च-करीब 18 हजार रुपये से शुरुआत

**हैदराबाद स्काइडाइविंग**

दक्षिण भारत राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद सिर्फ बिरयानी के लिए नहीं बल्कि कई चीजों के लिए फेमस है। हैदराबाद स्काइडाइविंग के लिए पूरे भारत में फेमस माना जाता है।

यहां पर आप नागार्जुन सागर एयरपोर्ट पर स्काइडाइविंग का लुत्फ उठा सकते हैं। टेंडम जंपिंग के लिए यह बेहतरीन जगहों में से एक है। हैदराबाद में करीब 10-12 हजार फीट की ऊंचाई से स्काइडाइविंग के लिए जंप किया जाता है। वहीं स्काइडाइविंग के लिए सागर एयरपोर्ट के पास ट्रेनिंग भी दी जाती है।

जगह- हैदराबाद से करीब 40 किमी दूर पोचमपल्ली

चार्ज- टेंडम जंप के लिए करीब 20 हजार रुपये से शुरुआत।

## फैमिली के साथ इन शानदार जगहों को बनाएं डेस्टिनेशन पॉइंट, हर पल रहेगा यादगार

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर पहुंच सकते हैं।

हर कोई परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहता है। इसलिए जब भी लोगों को समय मिलता है, तो वह अपने परिवार के साथ पसंदीदा जगहों पर पहुंच जाते हैं। अप्रैल के महीने में कई लोग अपने परिवार के साथ घूमने-फिरने के लिए निकलते हैं। अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ती है। गर्मी के कारण लोग फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर मौज-मस्ती का प्लान बनाते हैं। लेकिन लोग सही जगह का चुनाव नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर पहुंच सकते हैं।

अगर आप अप्रैल के महीने में



हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में फैमिली संग घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो मैक्लॉडगंज आपके लिए परफेक्ट जगह है। यह हिमाचल प्रदेश का एक खूबसूरत और फेमस हिल स्टेशन है। जोकि धर्मशाला से करीब 5 किमी दूर है।

अप्रैल में मैक्लॉडगंज का मौसम सुहावना रहता है। इस दौरान आप अपने परिवार के साथ यहां पर यादगार पल बिता सकते हैं। आप मैक्लॉडगंज में फैमिली के साथ सेंट जॉन चर्च, नड्डी व्यू पॉइंट, भागसूनाग वाटरफॉल और डल झील जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**बेताब वैली**

जब भी जम्मू-कश्मीर में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले गुलमर्ग, श्रीनगर या फिर सोनमर्ग का नाम लेते हैं। लेकिन आप इन सभी से हसीन बेताब वैली को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यह वैली जम्मू-कश्मीर का वह छिपा हुआ खजाना है, जिसकी खूबसूरती देखकर आप खुशी से झूम उठेंगे।

बेताब वैली में घास के मैदान, शांत और शुद्ध वातावरण और झील झरने इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। वहीं बॉलीवुड की कई फिल्मों की यहां पर शूटिंग हो चुकी है। अप्रैल के महीने में यहां का तापमान एकदम सुहावना रहता है।

**मुनस्यारी**

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी सबसे खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन माना जाता है। यह एक ऐसा हिल स्टेशन है, जो नेपाल और तिब्बत की सीमा के पास स्थित है। उत्तराखंड में स्थित मुनस्यारी को छोटा कश्मीर भी कहा जाता है। अप्रैल के महीने में मुनस्यारी में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। इस महीने यहां का तापमान 5एष्ट से 16एष्ट के बीच रहता है। ऐसे में आप इस दौरान यहां पर फैमिली के साथ घूमने के लिए आ सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं। मुनस्यारी में आप थमरी कुंड, बेतुली धार, खलिया टॉप और नंदा देवी मंदिर जैसी जगहों पर घूमने जा सकते हैं।


**रोहड़ू**

समुद्र तल से करीब 5 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद रोहड़ू एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह हिल स्टेशन हिमाचल प्रदेश में स्थित है। यह अपने शुद्ध और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है।

## भारतीय कपल्स बिना वीजा के इन देशों की कर सकते हैं यात्रा, दुनिया देखने का सपना हुआ आसान

अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक गेटअवे या हनीमून पर देश के बाहर जाने का प्लान बना रहे हैं। लेकिन वीजा की दिक्कतों और कागजी कामों के चलते प्लान कैंसिल करने की सोच रहे हैं। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आपके पास सिर्फ पासपोर्ट है तो आप बिना वीजा के कई देशों में घूम सकते हैं। यह ऐसे देश हैं, जहां पर भारतीय नागरिक बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। या फिर वीजा ऑन अराइवल की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। यह देश न सिर्फ खूबसूरत है, बल्कि कपल्स यहां पर खास एक्सपीरियंस कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन देशों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं।

अगर आपके पास भारतीय पासपोर्ट है, तो आप 57 देशों में वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं।



दरअसल, हेनली पासपोर्ट पावर इंडेक्स के मुताबिक भारतीय पासपोर्ट 122वें स्थान पर है। जिसके जरिए भारतीय नागरिक 57 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं वह 57 देश कौन से हैं, जहां पर आप वीजा के बिना यात्रा कर सकते हैं।

बारबाडोस, भूटान, बोलीविया, ब्रिटिश वर्जिन आइसलैण्ड्स, बुरून्दी, कंबोडिया, गिनी-बिसाऊ, आइलैंड्स, जिबूटी, जमैका, जॉर्डन, कजाखस्तान, केन्या, कोमोरो द्वीप, कुक, इथियोपिया, फिजी, ग्रेनेडा, मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव, तंजानिया, थाईलैंड, तिमोर-लेस्ते, त्रिनिदाद और टोबैगो, हैती, इंडोनेशिया, ईरान, किरिबाती, लाओस, मकाओ (एसएआर चीन), म्यांमार, नेपाल, नियू, पलाऊ द्वीप समूह, कतर, डोमिनिका, मार्शल द्वीपसमूह, मॉरिटानिया, मॉरीशस, समोआ, सेनेगल, सेशल्स, सेरा लिओन, सोमालिया, माइक्रोनेशिया, मोंटेसेराट, मोजाम्बिक, रवांडा, केप वर्डे द्वीप समूह, श्रीलंका, सेंट किट्स और नेविस, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, तुवालू, वानुअतु, जिम्बाब्वे।

**किन देशों में कितने दिन का फ्री है वीजा**

**मालदीव**

मालदीव में बिना वीजा के 30 दिन रह सकते हैं। यहां पर सफेद रेत, क्रिस्टल क्लियर पानी और शानदार रिजॉर्ट्स हैं। यह भारतीय कपल्स के घूमने के लिए परफेक्ट हनीमून डेस्टिनेशन है।

**भूटान**

भूटान में बिना वीजा के 14 दिनों तक स्टे की अनुमति है। भूटान की प्राकृतिक सुंदरता, शांति और सांस्कृति भारतीयों के लिए आकर्षक बनाती है। भूटान का %हैप्पिनेस इंडेक्स भी बहुत फेमस है।

**नेपाल**

नेपाल में बिना वीजा के भारतीय 90 दिनों तक घूम सकते हैं। हिमालय की गोद में बसा यह देश भारतीय कपल्स के लिए बेहतरीन जगह है। नेपाल में आप ट्रैकिंग और पर्वतीय पर्यटन का अनुभव ले सकते हैं।

**दुबई**

दुबई में घूमने के लिए आप 14 दिन के लिए वीजा ऑन अराइवल की सुविधा ले सकते हैं। दुबई एक ग्लैमरस शहर है। यहां पर शानदार आर्किटेक्चर, शॉपिंग मॉल्स और बीचेस बीचेस हैं।

# प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है कोडाइकनाल

## कोडाइकनाल, तमिलनाडु राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित एक खूबसूरत पर्वतीय स्थल है

कोडाइकनाल की सबसे प्रसिद्ध स्थल है कोडाइकनाल झील। यह झील पूरे शहर के केंद्र में स्थित है और यहां



पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। झील के चारों ओर सुंदर बगीचे और ट्री-लाइन पथ हैं, जहां आप सैर कर सकते हैं।

कोडाइकनाल, तमिलनाडु राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित एक खूबसूरत पर्वतीय स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है। इसे ÷दक्षिण भारत का शिमला÷ भी कहा जाता है। यहां की हरी-भरी पहाड़ियाँ, झीलें, जलप्रपात और वन्यजीव अभयारण्य इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं। कोडाइकनाल उन पर्यटकों के लिए स्वर्ग जैसा है जो प्रकृति के बीच शांति और सुकून की तलाश करते हैं। आइए जानते हैं कोडाइकनाल के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. कोडाइकनाल झील**

कोडाइकनाल की सबसे प्रसिद्ध स्थल है कोडाइकनाल झील। यह झील पूरे शहर के केंद्र में स्थित है और यहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। झील के चारों ओर सुंदर बगीचे और ट्री-लाइन पथ हैं, जहां आप सैर कर सकते हैं। यह स्थान परिवारों और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए आदर्श है। झील के किनारे स्थित कैफे और दुकानों से यहां के सौंदर्य का आनंद लिया जा सकता है।

**2. ब्रायंट पार्क**

ब्रायंट पार्क कोडाइकनाल का एक सुंदर बाग-बगिचा है, जहां फूलों और पौधों की एक अद्भुत विविधता देखने को मिलती है। यह पार्क झील के पास स्थित है और यहां की ताजगी और शांति पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है। यह स्थान फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए भी आदर्श है, क्योंकि यहां की हरियाली और रंग-बिरंगे फूल किसी चित्र के जैसे दिखते हैं। पार्क में एक विशेष फूल मेला भी आयोजित होता है, जो पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है।

**3. सुहाना पहाड़ी**

सुहाना पहाड़ी, जिसे कोकर वॉक भी कहा जाता है, कोडाइकनाल की एक प्रसिद्ध सैरगाह है। यह एक संकीर्ण मार्ग है, जो पहाड़ी की चोटी से गुजरता है और यहां से आप कोडाइकनाल का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। इस स्थल से आपको पूरे शहर का दृश्य और घाटियों का शानदार नज़ारा मिलता है। यह स्थल ट्रैकिंग और सैर के शौकिनों के लिए आदर्श है। विशेष रूप से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय यहां का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है।

**4. पिलर रॉक**

पिलर रॉक, कोडाइकनाल का एक प्रसिद्ध स्थल है, जो विशाल और ऊंची चट्टानों का समूह है। ये चट्टानें लगभग 400 फीट ऊंची हैं और इनका दृश्य बहुत ही अद्भुत और आकर्षक होता है। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और फोटोग्राफी का आनंद ले सकते हैं। यह स्थल कोडाइकनाल के आकर्षणों में से एक है और यहां का दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है।

**5. साइलेंट वैली व्यू**

साइलेंट वैली व्यू कोडाइकनाल का एक शांतिपूर्ण और खूबसूरत स्थल है, जहां से आप पूरी घाटी का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। यह स्थान पूरी तरह से प्रकृति के बीच स्थित है, जहां आपको शांति और एकांत का अनुभव होता है। यह स्थल विशेष रूप से उन पर्यटकों के लिए आदर्श है जो प्रकृति से जुड़ी शांति की तलाश में होते हैं।

**6. गोल्डन वैली और वाटरफॉल**

कोडाइकनाल के पास स्थित गोल्डन वैली और जलप्रपात एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां की घाटियां और गिरते हुए पानी के झरने बहुत ही सुंदर और आकर्षक होते हैं। यह स्थल ट्रैकिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श गंतव्य है। झरने के पास ठंडी हवा और शांत वातावरण में समय बिताना एक बेहतरीन अनुभव होता है।

**7. वैली व्यू**

वैली व्यू, कोडाइकनाल के प्रमुख दृश्य स्थलों में से एक है। यहां से आपको कोडाइकनाल की घाटियों और पहाड़ियों का खूबसूरत दृश्य दिखाई देता है। यह स्थल विशेष रूप से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय शानदार होता है। यहां से पहाड़ों के बीच फैली हरी-भरी घाटियों का दृश्य बहुत ही अद्वितीय होता है।

**8. शिवाजी पार्क**

शिवाजी पार्क कोडाइकनाल का एक प्रमुख पर्यटक स्थल है, जो झील के पास स्थित है। यह एक खूबसूरत पार्क है, जहां आप बच्चों के साथ आराम से समय बिता सकते हैं। यहां खेलकूद के सामान और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह स्थल परिवारों के लिए एक आदर्श गंतव्य है।



**9. कुन्नू वॉटरफॉल**

कुन्नू जलप्रपात कोडाइकनाल के पास स्थित एक और आकर्षक स्थल है। यहां पानी के गिरने की आवाज और आसपास का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है। यह झरना मुख्य रूप से ट्रैकिंग और साहसिक पर्यटन के शौकिनों के लिए एक बेहतरीन स्थल है।

# डॉक्टर संग्राम पाटिल मामले में अदालत ने पुलिस को भेजा नोटिस, अगली सुनवाई चार फरवरी को

**मांग**

**अपनी याचिका में पाटिल ने पुलिस की ओर से जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को भी खत्म करने की मांग की है।**



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने डॉक्टर संग्राम पाटिल की याचिका पर मुंबई पुलिस से जवाब मांगा है। पाटिल पर बीजेपी नेताओं के खिलाफ पोस्ट करने का केस है और उन्हें देश छोड़ने से रोका गया है। उन्होंने अदालत में केस रद्द करने की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई चार फरवरी को होगी।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुरुवार को मुंबई पुलिस को नोटिस जारी किया है। यह मामला यूनाइटेड किंगडम (यूके) में रहने वाले डॉक्टर और यूट्यूबर संग्राम पाटिल की याचिका से जुड़ा है। उन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित तौर पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है। पाटिल ने कोर्ट से अपील की है कि उनके खिलाफ दर्ज केस को रद्द मांग की है। अपनी याचिका में पाटिल ने पुलिस की ओर से जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को भी खत्म करने की मांग की है। पाटिल के वकील सुदीप पासबोला ने जस्टिस अश्विन भोबे की सिंगल बेंच को बताया कि डॉक्टर को अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर की जानकारी नहीं थी। वह अपनी मर्जी से यूके से भारत आए थे। दूसरी तरफ, एडवोकेट जनरल मिलिंद साठे ने कोर्ट को बताया कि पाटिल पुलिस के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। अदालत ने पुलिस को नोटिस जारी करते हुए याचिका के जवाब में एक एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 4 फरवरी को तय की गई है। याचिका के मुताबिक, 19 जनवरी को एलओसी के आधार पर पाटिल को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोक लिया गया था। उन्हें देश छोड़ने की इजाजत नहीं मिली।

पाटिल ने अपनी याचिका में कहा है कि वह जांच में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह अब तक तीन बार पूछताछ के लिए पेश हो चुके हैं। भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक और जलगांव जिले के रहने वाले पाटिल को सबसे पहले दस जनवरी को मुंबई एयरपोर्ट पर रोका गया था।

# हिंसा प्रभावित कोकराझार इलाके में हालात धीरे-धीरे हो रहे सामान्य, सेना अभी भी गश्त पर



**नई दिल्ली।** असम में हिंसा के बाद से अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम से जिले में कोई नई हिंसा नहीं हुई है। हालांकि अभी सुरक्षाकर्मी इलाके में गश्त कर रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि असम का हिंसाग्रस्त कोकराझार जिला गुरुवार को सेना सहित सुरक्षाकर्मियों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करने के साथ धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में लौट रहा था। दरअसल, सोमवार को एक सड़क दुर्घटना के बाद जिले में बोडो और आदिवासियों के बीच हुई झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम से जिले में कोई नई हिंसा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सेना की चार टुकड़ियों को तैनात किया गया है। वे संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि सीआरपीएफ और असम पुलिस भी प्रभावित क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं। अधिकारी ने बताया कि पांच स्कूलों में स्थापित राहत शिविरों में 1,000 से अधिक लोगों ने शरण ली है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने के प्रयास कर रहा है कि वे अपने घरों में वापस लौट सकें। ब्रिटिश नेशनल पुलिस स्टेशन (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा अभी भी लागू है और इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। पड़ोसी जिले चिरांग में भी इंटरनेट बंद कर दिया गया है। सोमवार रात को करीगांव इलाके में मानसिंह रोड पर तीन बोडो लोगों को ले जा रही एक गाड़ी ने दो आदिवासी व्यक्तियों को टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया कि तीनों बोडो व्यक्तियों की स्थानीय आदिवासियों ने कथित तौर पर पिटाई की और गाड़ी को आग लगा दी।

# सबरीमाला सोना चोरी मामले में सियासी संग्राम तेज



**तिरुवनंतपुरम।** सबरीमाला सोना गुमशुदगी मामले को लेकर केरल विधानसभा में सत्तारूढ़ एलडीएफ और विपक्षी यूडीएफ के बीच तीखा टकराव देखने को मिला। यूडीएफ ने देवस्वोम मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए सदन की कार्यवाही बाधित की। एलडीएफ ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए विपक्ष पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया। आइए इस पूरे मामले को विस्तार से जानते हैं। सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोना गुमशुदगी मामले ने केरल की राजनीति में एक बार फिर उबाल ला दिया। इसी मुद्दे पर गुरुवार को केरल विधानसभा के भीतर और बाहर सत्तारूढ़ एलडीएफ और विपक्षी यूडीएफ आमने-सामने आ गए। दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित हुई और मामला सियासी टकराव का केंद्र बन गया। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने सबरीमाला सोना गुम होने के मामले में देवस्वोम मंत्री वी.एन. वासवन के इस्तीफे की मांग को लेकर विधानसभा की कार्यवाही बाधित की। यूडीएफ का आरोप है कि इस पूरे मामले के पीछे सीपीआई(एम) की भूमिका है और सोने की कथित लूट हुई है। विपक्ष का कहना है कि जब तक मंत्री इस्तीफा नहीं देते, तब तक इस मुद्दे पर चर्चा का कोई औचित्य नहीं है। एलडीएफ ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए पलटवार किया। सदन में एलडीएफ का दावा रहा कि सबरीमाला से सोना गायब होने के मामले के पीछे कांग्रेस की भूमिका है। एलडीएफ के मंत्रियों एम.बी. राजेश और वी. शिवनकुट्टी ने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी की कांग्रेस नेतृत्व से मुलाकात हुई थी। शिवनकुट्टी ने यह भी कहा कि मामले की गहन जांच होनी चाहिए और दोषियों से सख्ती से पूछताछ की जानी चाहिए। कार्यवाही स्थगित होने के बाद एलडीएफ के विधायकों ने विधानसभा परिसर के बाहर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि यूडीएफ चर्चा से भाग रहा है और इसलिए सदन की कार्यवाही बाधित की जा रही है। एलडीएफ विधायकों का कहना था कि यदि विपक्ष के पास ठोस तथ्य हैं तो वह चर्चा से क्यों बच रहा है। उनका दावा रहा कि विशेष जांच दल की जांच से सच्चाई सामने आएगी और किसी को भी बचाया नहीं जाएगा। वहीं यूडीएफ नेताओं ने दोहराया कि देवस्वोम मंत्री की भूमिका संदिग्ध है और इसी कारण उनके इस्तीफे की मांग की जा रही है। विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन ने कहा कि सत्तापक्ष बेबुनियाद आरोप लगाकर असली मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब पहले इस मामले पर चर्चा की मांग की गई थी, तब इसे न्यायालय में विचाराधीन बताकर अनुमति नहीं दी गई थी। यूडीएफ का कहना है कि सत्तापक्ष खुद भ्रम की स्थिति में है और जनता को गुमराह किया जा रहा है।

# मुंबई पुलिस हाउसिंग टाउनशिप के अध्यक्ष बनाए गए इकबाल सिंह चहल, रह चुके हैं बीएमसी आयुक्त



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और पूर्व बीएमसी आयुक्त चहल को महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई पुलिस हाउसिंग टाउनशिप परियोजना का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं । वहीं, 1 फरवरी 2026 से नया कार्यभार संभालेंगे।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और पूर्व बीएमसी आयुक्त आईएस चहल को महाराष्ट्र सरकार की मुंबई पुलिस हाउसिंग टाउनशिप परियोजना का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह पद राज्य मंत्री के पद के समान है। सरकार ने बुधवार को एक संकल्प (जीआर) जारी किया। इसके अनुसार चहल, जो वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) हैं। वे इस महीने के अंत में अपनी सेवानिवृत्ति के बाद यह कार्यभार संभालेंगे। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के पूर्व आयुक्त पिछले साल मुख्य सचिव बनने की दौड़ में अपने सहपाठी राजेश अग्रवाल से हार गए थे। मुंबई पुलिस हाउसिंग टाउनशिप परियोजना सुरक्षा कर्मियों और उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय आवास प्रदान करने की एक पहल है, जिससे पुलिस बल के बेहतर जीवन स्तर और कल्याण को सुनिश्चित किया जा सके। इस परियोजना में बड़े पैमाने पर योजना बनाना, भूमि अधिग्रहण, कई सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय, बुनियादी ढांचा विकास, वित्तीय प्रबंधन और समयबद्ध क्रियान्वयन शामिल है, जिसके लिए उच्च स्तरीय प्रशासनिक अनुभव और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

सरकारी आदेश में कहा गया है कि सरकार उक्त परियोजना के सफल और समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए रणनीतिक नेतृत्व, पर्यवेक्षण और समन्वय प्रदान करने हेतु सिद्ध प्रशासनिक क्षमता वाले एक वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी को नियुक्त करना उचित और आवश्यक समझती है। इसमें कहा गया है कि एसीएस इकबाल सिंह चहल के पास प्रशासन, परियोजना प्रबंधन, केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ समन्वय का व्यापक अनुभव है। सार्वजनिक सेवा में उनका 36 वर्षों से अधिक का बेदाग रिकॉर्ड है। चहल 31 जनवरी को सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसमें आगे कहा गया है, उन्हें 1 फरवरी, 2026 से प्रभावी रूप से सेवानिवृत्ति के बाद मुंबई पुलिस हाउसिंग टाउनशिप परियोजना के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है।

# कर्नाटक में भी राज्यपाल बनाम सरकार, भाषण बिना पढ़े सदन से चले गए गवर्नर विधानसभा में हंगामा



**बंगलूरू।** कर्नाटक में भी राज्यपाल बनाम सरकार का विवाद गहरा गया है। दरअसल गुरुवार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत विधानसभा का संयुक्त सत्र संबोधित करने विधान सौधा पहुंचे तो लेकिन भाषण की सिर्फ दो लाइनें पढ़कर चले गए। इसे लेकर विधानसभा में हंगामा हो गया और विधायकों ने शर्म करो जैसे नारे लगाए। बीते दो दिनों में राज्यपाल बनाम राज्य सरकार के विवाद सामने आए हैं। जानिए इस मामले में क्या-क्या हुआ कर्नाटक में राज्यपाल बनाम राज्य सरकार विवाद हो गया है। दरअसल राज्यपाल गुरुवार को विधानसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करने पहुंचे तो लेकिन उन्होंने पूरा भाषण नहीं पढ़ा और सिर्फ दो लाइनें पढ़कर सदन से चले गए। इसके बाद विधायकों ने हंगामा कर दिया और नारेबाजी की। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि राज्यपाल ने भाषण न पढ़कर संविधान का उल्लंघन किया है। इससे पहले बुधवार को राज्यपाल ने विधानसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करने से इनकार कर दिया था। जिससे कर्नाटक में भी सरकार और राज्यपाल के बीच तनातनी की स्थिति बन गई थी, जो कि अभी कई गैर-भाजपा शासित राज्यों में दिखाई दे रही है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने विधानसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, कर्नाटक विधानसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। मेरी सरकार राज्य के आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी विकास की गति को दोगुनी करने के लिए समर्पित है। जय हिंद, जय कर्नाटक। राज्यपाल ने इतना कहकर ही अपना संबोधन समाप्त कर दिया और सदन से निकल गए। इस पर कांग्रेस विधायकों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की और उन्होंने शर्म करो, शर्म करो जैसी नारेबाजी की। वहीं भाजपा के विधायकों ने राज्यपाल का समर्थन किया और भारत माता की जय के नारे लगाए। कैबिनेट द्वारा ड्राफ्ट भाषण को नहीं पढ़ने के लिए सीएम सिद्धारमैया ने राज्यपाल की तीखी आलोचना की। सीएम ने आरोप लगाया कि राज्यपाल ने अपने सांविधानिक जिम्मेदारी और कर्तव्यों को पालन नहीं किया। सीएम ने राज्यपाल पर अपना भाषण पढ़ने का आरोप लगाया। साथ ही संविधान के उल्लंघन का आरोप लगाया। सीएम ने राज्यपाल पर केंद्र सरकार की कठपुतली की तरह काम करने का भी आरोप लगाया। सीएम ने ये भी कहा कि उनकी सरकार आगे की कार्रवाई पर विचार कर रही है और ये भी देखा जा रहा है कि इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया जाए या नहीं। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सरकार द्वारा तैयार किए गए 11 पैराग्राफ के भाषण को इसलिए पढ़ने से इनकार कर दिया था क्योंकि इसमें कथित तौर पर केंद्र सरकार की कई नीतियों की कड़ी आलोचना की गई थी।

## बस में जिंदा जले तीन यात्री, आंध्र प्रदेश के नांद्याल में ट्रक से टक्कर के बाद लगी आग

**नांद्याल।** नंदीयाल जिले में गुरुवार तड़के टायर फटने से एक बस और लॉरी में टक्कर हो गई, जिससे दोनों गाड़ियों में आग लग गई। हादसे में ड्राइवर समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। आंध्र प्रदेश के नंदीयाल जिले में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां एक प्राइवेट बस और लॉरी की टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। इस दुर्घटना में तीन लोगों की जान चली गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुनील श्योराण ने बताया कि हादसा सिरिवेल्ला मेट्टा के पास रात करीब 1:40 बजे हुआ। एसपी ने बताया कि बस हैदराबाद जा रही थी और उसमें 36 यात्री सवार थे। इस दौरान नंदीयाल जिले के सिरिवेल्ला मेट्टा अचानक बस का टायर फट गया और वह सामने से आ रही लॉरी से टकरा गई।

# बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए प्रचार शुरू



**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए प्रचार शुरू हो गया है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान इस चुनाव में पीएम पद के प्रबल दावेदार हैं। शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद ये पहले चुनाव हैं। जमात ए इस्लामी पार्टी भी इस चुनाव में तगड़ी दावेदार है।

बांग्लादेश के पहले राष्ट्रीय चुनावों के लिए गुरुवार को प्रचार शुरू हो गया। बांग्लादेश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने राजधानी ढाका और दूसरी जगहों पर 12 फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले प्रचार रैलियां शुरू कर दी हैं। इस चुनाव को बांग्लादेश के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह शेख हसीना को सत्ता से हटाए जाने के बाद एक अंतरिम सरकार के तहत हो रहा है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने का वादा किया है, लेकिन उनके प्रशासन द्वारा हसीना की अवामी लीग पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के बाद उनकी मंशा पर सवाल उठ रहे हैं।

फिलहाल इस चुनाव में बीएनपी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान को प्रधानमंत्री पद के लिए एक प्रमुख दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। उनकी पार्टी को उनकी मां की मजबूत राजनीतिक विरासत के कारण अच्छा समर्थन मिला है। खालिदा जिया का पिछले महीने ही निधन हो गया था। रहमान पिछले महीने यूनाइटेड किंगडम में 17 साल के निर्वासन के बाद बांग्लादेश लौटे थे। रहमान ने गुरुवार को उत्तर-पश्चिमी शहर सिलहट से अपनी पार्टी के चुनाव प्रचार की शुरुआत की। आने वाले दिनों में रहमान के कई अन्य जिलों का दौरा करने का कार्यक्रम है। जमात-ए-इस्लामी और हृष्क्क ने राजधानी ढाका में अपना कैंपेन शुरू किया। इस चुनाव में एक नेशनल चार्टर, जुलाई नेशनल चार्टर, पर जनमत संग्रह भी होगा। इस चार्टर पर पिछले साल देश की 52 पंजीकृत राजनीतिक पार्टियों में से 25 ने साइन किए थे। अवामी लीग ने इस विचार का विरोध किया, और कई दूसरी पार्टियों ने डॉक्यूमेंट पर साइन करने से मना कर दिया।

जुलाई नेशनल चार्टर, अभी अनिवार्य नहीं है, लेकिन चार्टर के समर्थकों का कहना है कि इसे कानूनी रूप से अनिवार्य बनाने और संविधान का हिस्सा बनाने के लिए जनमत संग्रह जरूरी है। बांग्लादेश में सिर्फ़ संसद ही संविधान बदल सकती है।

अंतरिम सरकार का कहना है कि यह चार्टर तानाशाही सरकारों से बचने के लिए जवाबदेही लाएगा, जिसमें राष्ट्रपति पद को ज़्यादा अधिकार देना शामिल है ताकि एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री पद को संतुलित किया जा सके।

# बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने से चीन का इनकार



**बीजिंग।** चीन ने बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने से इनकार कर दिया है। चीन ने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के संकेत दिए हैं। चीन ने बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के अमेरिकी आमंत्रण को ठुकरा दिया है। चीन ने कहा कि बीजिंग, अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में चीन के दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में यू जिंग ने चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से लिखा, चीन को बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के लिए अमेरिका का आमंत्रण प्राप्त हुआ। चीन हमेशा से बहुपक्षवाद का पालन करता आया है। अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में चाहे जो बदलाव आएं, चीन, संयुक्त राष्ट्र के केंद्र में रखकर बनाई गई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

चीन का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावोस में विश्व आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोर्ड ऑफ पीस को अब तक का सबसे प्रतिष्ठित बोर्ड बताया था और कहा कि यह बोर्ड ऑफ पीस संयुक्त राष्ट्र से भी ज्यादा काम करेगा।

# पूर्व पीएम ओली ने किया चुनाव में दो-तिहाई बहुमत मिलने का दावा, बालेन पर साधा निशाना



**काठमांडू।** नेपाल में आगामी आम चुनाव को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने चुनाव में दो-तिहाई बहुमत का दावा करते हुए कहा कि पार्टी को करीब 70 फीसदी मत मिल सकते हैं। उन्होंने नेपाली कांग्रेस को कमजोर बताया और कहा कि पूर्व माओवादी मतदाता भी अब एमाले के साथ हैं।


नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने आगामी चुनाव में दो-तिहाई बहुमत का दावा किया है। झापा के कमल गांवपालिका में उन्होंने कहा कि मतदाताओं का रुझान स्पष्ट रूप से एमाले के पक्ष में है और पार्टी को करीब 70 फीसदी मत मिलने की संभावना है। ओली ने नेपाली कांग्रेस को संगठनात्मक रूप से कमजोर बताया और कहा कि पूर्व माओवादी दल के मतदाता भी अब एमाले के साथ हैं। अपने प्रतिद्वंद्वी और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेता बालेन्द्र शाह बालेन पर ओली ने कहा, भूमिहीनों की बस्तियों पर बुलडोजर चलाने वाले पुनर्वास की पीड़ा नहीं समझ सकते। नेपाल में 4 पूर्व प्रधानमंत्रियों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली झापा-5 से चुनाव लड़ रहे हैं। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओइस्ट सेंटर) के पुष्प कमल दहल प्रचंड रुकुम पूर्व से मैदान में हैं। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के माधव कुमार नेपाल व प्रगतिशील लोकतांत्रिक पार्टी के बाबूराम भट्टराई ने क्रमशः रौतहट-1 और गोरखा-2 निर्वाचन क्षेत्रों से हैं। नेपाल में कार्यवाहक पीएम सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली सरकार के चार मंत्रियों ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा देकर पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल किया है। इनमें महाबीर पुन शामिल हैं। इससे पहले जगदीश खरेल, बबलू गुप्ता और कुलमान घीसिंग भी मंत्री पद छोड़ चुके हैं। नेपाल में आम चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां बढ़ गई हैं।

## सरकार ने कबूला हिंसा में मारे गए 3000 से ज्यादा लोग

**दुबई।** ईरान में प्रदर्शन के दौरान मरने वालों की संख्या को लेकर पहली बार सरकार की तरफ से बयान जारी किया है। सरकार के अनुसार ये आंकड़ा 3117 है, वहीं मानवाधिकार संगठनों का दावा है कि इस दौरान 4560 मौतें हुई हैं। दोनों में लगभग 1400 से ज्यादा लोगों का अंतर है। पढ़ें पूरी रिपोट...

ईरान में हाल ही में हुए बड़े विरोध-प्रदर्शनों को लेकर अब पहली बार सरकार ने मरने वालों का आधिकारिक आंकड़ा जारी किया है। ईरानी सरकारी टीवी ने बताया है कि इन प्रदर्शनों में कुल 3117 लोगों की मौत हुई है। ये प्रदर्शन 28 दिसंबर से शुरू हुए थे। सरकारी टीवी पर शहीद फाउंडेशन का बयान दिखाया गया, जिसमें कहा गया कि मरने वालों में से 2427 लोग आम नागरिक और सुरक्षा बलों के सदस्य थे। बाकी लोग कौन थे, इस बारे में सरकार ने कोई साफ जानकारी नहीं दी।

# मार्क कार्नी की आलोचना पर भड़के ट्रंप






**दावोस।** कनाडाई पीएम मार्क कार्नी की अमेरिकी नीतियों की आलोचना के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उन पर तीखा हमला बोला। ट्रंप ने कहा कि कनाडा अमेरिका की वजब से जिंदा है। उन्हें हमारा शुक्रगुजार होना चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावोस में कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि कनाडा को अमेरिका का शुक्रगुजार होना चाहिए। ट्रंप के मुताबिक, कनाडा को अमेरिका से कई चीजें मुफ्त में मिलती हैं। उन्होंने कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को सीधे संबोधित करते हुए कहा, ÷मार्क, अगली बार बयान देते समय याद रखना कि कनाडा अमेरिका की वजह से ही जिंदा है।÷

ट्रंप का यह बयान तब आया जब एक दिन पहले मार्क कार्नी ने बिना नाम लिए अमेरिकी दबदबे की आलोचना की थी। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कार्नी का भाषण सुना और उन्हें लगा कि कनाडाई पीएम अमेरिका के प्रति बिल्कुल भी शुक्रगुजार नहीं हैं। उन्हें हमारा शुक्रगुजार होना चाहिए।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के 56वें शिखर सम्मेलन में ट्रंप ने अपनी ÷गोल्डन डोम÷ मिसाइल सुरक्षा प्रणाली का जिक्र किया और कहा कि इससे कनाडा को भी सुरक्षा मिलेगी।

हालांकि, ट्रंप पहले भी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कह चुके हैं और पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो का मजाक उड़ाते हुए उन्हें कनाडा का गवर्नर कहा था।

बता दें कि हाल ही में ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक नक्शा भी साझा किया था, जिसमें कनाडा और वेनेजुएला को अमेरिकी झंडे से ढका हुआ दिखाया गया था। इसका मतलब उन पर अमेरिका का कब्जा था। यह जुबानी जंग ऐसे समय में हुई है जब एक कनाडाई अखबार ने दावा किया है कि कनाडाई सेना अमेरिकी हमले से निपटने की तैयारी कर रही है।

इससे पहले मंगलवार को कार्नी ने कहा था कि दुनिया की पुरानी व्यवस्था टूट रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अब सिर्फ भूगोल या पुराने समझौतों के भरोसे सुरक्षा नहीं मिल सकती। कार्नी ने कहा कि कनाडा जैसे देशों को एक साथ आना होगा।

उन्होंने एक मुहावरे का इस्तेमाल करते हुए कहा कि अगर आप मेज पर नहीं हैं, तो आप खाने के मेन्यू में हैं।÷ कार्नी ने ग्रीनलैंड पर ट्रंप के लगाए गए टैक्स का भी विरोध किया था। उन्होंने कहा था वे ग्रीनलैंड और डेनमार्क के साथ मजबूती से खडें हैं।

# दुनिया भारत को बंगलूरू के नजरिए से देखती है: डीके शिवकुमार



**दावोस।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कहा दुनिया भारत को बंगलूरू की माध्यम से देखती है। उन्होंने बताया राज्य में टेक्नोलॉजी और एआई के क्षेत्र में निवेश के कई मौके हैं। सरकार लगातार बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है ताकि राज्य के बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों में भी वैश्विक पूंजी और रोजगार लाया जा सके।

दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक के दौरान कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने राज्य की क्षमताओं पर बात की। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भारत को बंगलूरू के माध्यम से देखती है। शिवकुमार ने बताया कि कर्नाटक निवेश के लिए सबसे अच्छी जगह है और यहां काम करने का माहौल बेहतरीन है। शिवकुमार ने कहा कर्नाटक सभी सेक्टर्स के उद्योग के लिए बहुत सारे मौके देता है।

उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशक टेक्नोलॉजी, हेल्थ केयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सेमीकंडक्टर और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। वैश्विक निवेशक पूरे राज्य के लिए मोबिलिटी पर हमारे काम को देख रहे हैं। निवेशक अब सिर्फ बंगलूरू ही नहीं, बल्कि राज्य के छोटे शहरों (टियर-2 और टियर-3) में भी काम करना चाहते हैं।

शिवकुमार ने बताया कि सरकार बंगलूरू में मेट्रो, फ्लाईओवर और सुरंगों के निर्माण पर काफी पैसा खर्च कर रही है। लोगों को लगता है कि बंगलूरू सुरक्षित है, यहां प्रदूषण नहीं है और मौसम बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि देश के दूसरे हिस्सों की तुलना में कर्नाटक की अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत है।

शिवकुमार ने कहा वह अपनी पहली दावोस यात्रा के दौरान शिवकुमार अमेरिका, यूरोप और सऊदी अरब के कई नेताओं से भी मिल रहे हैं।

उन्होंने राज्य की मजबूत अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि कर्नाटक केंद्र सरकार को 43 प्रतिशत टैक्स देता है, लेकिन बदले में राज्य को कम हिस्सा मिलता है। इसके बावजूद, कर्नाटक हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा सम्मानित

**युवाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में जनपद की ऐतिहासिक उपलब्धि पर होगा सम्मान**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** संयुक्त आयुक्त उद्योग /राज्य नोडल अधिकारी, सीएम युवा मिशन कार्यालय सर्वेश्वर शुक्ला ने अवगत कराया है कि 24 जनवरी 2026 को उ0प्र0 दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 25-26 में प्रदेश के शीर्ष 05 जनपदों के जिलाधिकारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 के कर कमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया जाना प्रस्तावित है। जनपद जौनपुर उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त है, जिसके क्रम में 24 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल लखनऊ में जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र को सम्मानित किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस सम्मान के लिए चयन किया जाना जिलाधिकारी का नही अपितु युवाओं के उम्मीदो का चयन है जिसके आधार पर मुख्यंमत्री की प्रेरणा से नये उद्यम लगाकर जनपद का नाम रोशन कर रहे है। जनपद में इस वित्तीय वर्ष कुल लक्ष्य 2500 आवंटित किया गया था जिसके क्रम में अब तक 3315 युवाओं को ऋण वितरित किय गये है। इस योजना में प्रगति के लिए जिलाधिकारी के द्वारा लगातार बैंक के अधिकारियों के साथ बैठक और समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोन वितरित कराये गये। जिन बैंको के स्तर पर लोन देने पर शिथिलता बरती जा रही थी उन बैंको का स्थलीय निरीक्षण करते हुए बिना किसी समस्या के लोन देने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा इस कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत जनपद जौनपुर ने वर्ष 2025 में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। यह सफलता जनपद द्वारा लगातार किए जा रहे सामूहिक प्रयास, दूरदर्शी सोच, प्रभावी कार्ययोजना, साहस, विवेक एवं धैर्य के साथ किए गए सतत कार्य का परिणाम है। इस उपलब्धि में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य सभी बैंकों के अधिकारियों द्वारा सराहनीय भूमिका निभाई गई है। सभी बैंकों ने समन्वय के साथ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, लीड बैंक मैनेजर अभय श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग सन्दीप कुमार, सहायक आयुक्त उद्योग श्री जय प्रकाश जी एवं सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के समन्वित प्रयास, निरंतर और कठिन मेहनत के फलस्वरूप जनपद जौनपुर को यह गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। जिला प्रशासन के द्वारा सभी सहयोगी बैंकों एवं अधिकारियों और मीडिया बन्धुओं के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया।

# यह संतों की भाषा नहीं हो सकती

**अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर बोले अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष- अपनी मर्यादा नहीं भूलनी चाहिए**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच चल रही तनातनी में अब अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी भी खुलकर मैदान में आ गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर शंकराचार्य द्वारा दिए गए विवादित बयान पर रवींद्र पुरी ने कड़ा एतराज जताते हुए इसे संतों की मर्यादा के खिलाफ बताया है।माघ मेला क्षेत्र में आयोजित विहित के संत सम्मेलन में मौजूद साधु-संतों को संबोधित करते हुए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने शंकराचार्य के ताजा वक्तव्यों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी संत को मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। रवींद्र पुरी ने कहा कि जो भाषा प्रयोग की जा रही है, वह संतों की भाषा नहीं हो सकती। जो इस तरह की बातें करता है, उससे हमें दूरी बनानी होगी। उनका कहना था कि यह पुण्य भूमि, ऋषियों और संतों की भूमि है, लेकिन यहां इसे राजनीतिक अड्डे में तब्दील कर दिया गया है। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जब वे मेला क्षेत्र में आए तो उन्होंने देखा कि लगातार विरोध हो रहा है, गालियां दी जा रही हैं और राजनीतिक दलों के फोन आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां सत्ता की बातें हो रही हैं, राजनीति की बातें हो रही हैं। अगर प्रशासन से गलती हुई है तो आप एफआईआर कराइए, शिकायत करिए, लेकिन राजनीतिक पार्टियों के समर्थन की जरूरत क्या है? उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अखाड़ा परिषद को भी कई बार विरोध और विवादों का सामना करना पड़ता है, लेकिन वे कभी किसी राजनीतिक पार्टी के पास समर्थन मांगने नहीं गए।

## निगाहे वली में वह तासीर देखी: मोहम्मद आरिफ

**प्रयागराज।** अजीमुश्शान उर्स हज़रत बाबा सैय्यद रौशन अली शाह 20अ0 व हजरत सैय्यद मस्तान अली शाह 20अ0 व हज़रत सैय्यद गुलाम कादिर अली शाह 20अ0 व हज़रत सैय्यद गुलाम मोईनउद्दीन अली शाह 20अ0 के दरगाह पर आज उर्स के कार्यक्रम को शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया। उर्स बड़े सानो शौकत के साथ मनाया गया जिसमें सभी जायरीनों ने मिलकर जुलूस उर्स रौशन अली में सभी धर्म व हर मज़हब व हर सम्प्रदाय के लोगों ने मिलकर उर्स रौशन अली जिन्दाबाद, जश्न रौशन अली जिन्दाबाद आले रसूल, नवासे रसूल, औलादे अली जिन्दाबाद, पंजतनी शहजादा जिन्दाबाद का नारा बुलन्द रहा। अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों की तरफ से रात्रि में आयोजित जुलूस एवं चादरपोशी के कार्यक्रम को सफल बनाने एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने में दिये गये सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस तरह से सभी सूफी सन्त एहरामपोश सभी जाति धर्म व अन्य मज़हब के लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

## कबड्डी खेल के माध्यम से नवयुवकों में भरा जोश



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** युवा खेल कार्यक्रम के माध्यम से आज बजरंग दल ने सरकोनी प्रखंड के नारायण पब्लिक स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें भारी संख्या में युवक और युवतियों ने हिस्सा लिया जहाँ उन्हें शरीर को स्वस्थ रखने एवं मस्तिष्क को तंदुरुस्त रखने के लिए विभिन्न खेलों की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। हिंदू युवा बलवान करें के अंतर्गत 12 जनवरी से 23 जनवरी तक के पखवाड़े में अर्थात स्वामी विवेकानंद जी के जन्मोत्सव से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मोत्सव तक बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिले के सभी प्रखंडों में क्रमवार खेलों का आयोजन किया है जो हिंदू युवाओं को बलवान बनाने की प्रेरणा देता है। उसी क्रम् मे आज के कबड्डी प्रतियोगिता में फर्स्ट विनर खुशी यादव वह युवकों में विनर विवेक कुमार को पुरस्कार दे कर हौसला बढ़ाया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंदल के जिला संयोजक गणेश मोदनवाल, सह संयोजक आनंद, उपाध्याय ,राहुल बाबा, सूरत सेठ ,गौ रक्षा प्रमुख प्रभाकर निषाद ,प्रखंड संयोजक अमित शुक्ला और उनकी पूरी टीम ने युवावों का उत्साहवर्धन किया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रसाद इंजीनियरिंग कॉलेज में जागरूकता कार्यशाला आयोजित



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलाया जाना है जिसके अन्तर्गत 22 जनवरी 2026 को प्रसाद इंजीनियरिंग कालेज पचहटिया में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में विद्यालय के चालक/परिचालक एवं संस्थान के सभी बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 100 से अधिक चालक/परिचालकों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गयी और शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु पम्पलेट वितरण किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के चेयरमैन इं0 वी0पी0 यादव, रजिस्ट्रार इं0 माधवी सिंह, सी0ओ0 ट्रैफिक गिरेन्द्र सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिंह, यातायात निरीक्षक सुशील मिश्रा, एम0बी0ए0 विभागाध्यक्ष प्रमोद रावत के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ व यातायात कर्मी व प्रवर्तन कर्मी उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन डॉ0 अवनीन्द्र विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

## कवि युगल शैलेन्द्र एवं डॉ आभा जम्मू राज भवन में काव्य पाठ हेतु आमंत्रित



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** कवि युगल प्रख्यात गीतकार शैलेन्द्र मधुर एवं डॉ आभा श्रीवास्तव मधुर को जम्मू राज भवन में काव्य पाठ हेतु आमंत्रित किया गया। जम्मू कश्मीर कला ,संस्कृति एवम भाषा अकादमी द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय हिंदी कवि सम्मेलन जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की उपस्थिति में काव्य पाठ हेतु प्रयागराज के प्रख्यात गीतकार शैलेंद्र मधुर एवं प्रख्यात उद्घोषिका कवयित्री डॉ आभा मधुर श्रीवास्तव युगल जोड़ी को आमंत्रित किया गया है। ज्ञात हो कि प्रयागराज के चर्चित गीतकार शैलेंद्र मधुर इसके पूर्व भी तीन बार जम्मू राज भवन में काव्य पाठ के लिए आमंत्रित किए जा चुके है। इस बार कवि युगल जोड़ी शैलेन्द्र एवं आभा श्रीवास्तव को काव्य पाठ हेतु आमंत्रित किया गया है। इस बाबत साहित्यकारों, समाजसेवियों, गणमान्य लोगों ने गीतकार शैलेंद्र मधुर एवं आभा श्रीवास्तव मधुर को अपनी बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रीता बाजपेई, संजय पुरुषार्थी, राम कैलाश पाल प्रयागी, शिखा त्रिपाठी, नीरज सिंह, मनोज कुमार, राज रसिया, अमित जौनपुरी, योगेश केके पांडे, अमिता पांडे, अनीता श्रीवास्तव, अजय मोहन श्रीवास्तव, श्याम जी शुक्ला सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# एआई वीडियो से माहौल बिगाड़ने वाला युवक गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज की टीम ने पुलिस ने माघ मेला-2026 की शांति व्यवस्था भंग करने के प्रयास में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दीपक कुमार तिवारी उर्फ मुकेश कुमार तिवारी (39) निवासी लखनपुर, थाना मेजा के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक एपल मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आरोपी पर सोशल मीडिया पर एआई जनरेटेड भ्रामक सामग्री फैलाने का आरोप है। पुलिस कमिश्नर प्रयागराज के निर्देश पर साइबर सेल माघ मेला से जुड़ी भ्रामक सूचनाओं की लगातार निगरानी कर रही थी। इसी दौरान फेसबुक प्रोफाइल %दीपक मुकेश तिवारी% से एआई जनरेटेड, तथ्य विहीन पोस्ट और वीडियो सामने आए। इन पोस्ट और वीडियो में माघ मेला, पुलिस और साधु-संतों का नकारात्मक चित्रण किया गया था। पुलिस के अनुसार, इस सामग्री से समाज में डर, आक्रोश और वैमनस्य फैलने का खतरा था, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती थी। मामले में साइबर क्राइम थाना प्रयागराज पर संबंधित धाराओं और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। संयुक्त पुलिस टीम ने 22 जनवरी को थाना मेजा क्षेत्र के ग्राम लखनपुर स्थित नंद किशोर इंटर कॉलेज के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज ने आमजन से अपील की है कि माघ मेला-2026 से संबंधित किसी भी अपुष्ट, भ्रामक या पुराने वीडियो/सूचना को सोशल मीडिया पर साझा न करें। जानबूझकर गलत कंटेंट फैलाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साइबर सेल और साइबर थाना लगातार डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर नजर बनाए हुए हैं।

## सम्मान के लिए अड़े अविमुक्तेश्वरानंद के अनुयायी



**प्रयागराज।** सनातन धर्म और सामाजिक मूल्यों के प्रश्न पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के सम्मान को लेकर उनके अनुयायी खुलकर सामने आ गए हैं। एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान मंच से वक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संतों के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधु-संत, महिलाएं और युवा मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद ने सदैव धर्म, गौ-रक्षा और समाज हित के मुद्दों पर निडर होकर आवाज़ उठाई है, ऐसे में उनके सम्मान की रक्षा करना हर अनुयायी का कर्तव्य है।

मंच से यह भी संदेश दिया गया कि जब तक सम्मान सुनिश्चित नहीं होगा, तब तक यह संघर्ष शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ता के साथ जारी रहेगा।

# प्रो. प्रमोद को अल्ट्रासोनिक सोसायटी ऑफ इंडिया का प्रतिष्ठित डॉ. एस. पार्थसारथी मेमोरियल अवार्ड प्राप्त

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के भौतिकी विभागाध्यक्ष एवं प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार यादव को अल्ट्रासोनिक सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित डॉ. एस. पार्थसारथी मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें भौतिकी एवं अल्ट्रासोनिक्स के क्षेत्र में गत वर्ष प्रकाशित उनके उत्कृष्ट एवं शोधपरक कार्य के लिए प्रदान किया गया। इस सम्मानित शोध कार्य में उनके शोधार्थी प्रशांत श्रीवास्तव सह-लेखक रहे, जिन्हें भी इस उपलब्धि में सहभागी बनाया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार चेन्नई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन अल्ट्रासोनिक्स एंड मैटेरियल साइंस फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के दौरान प्रदान किया गया। सम्मेलन के अवसर पर प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने आमंत्रित कीनोट वक्ता के रूप में अपने नवीन एवं नवाचारी शोध कार्यों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसे देश-विदेश से आए वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों एवं शोधकर्ताओं द्वारा अत्यंत सराहना मिली। वर्तमान में प्रो. यादव विश्वविद्यालय में भौतिकी विभागाध्यक्ष, प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिक विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के निदेशक तथा अधिष्ठाता, छात्र कल्याण के पद पर कार्यरत हैं। उनके कुशल नेतृत्व, अकादमिक दृष्टि एवं शोधोन्मुख मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में अनुसंधान, नवाचार एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता को निरंतर नई दिशा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अल्ट्रासोनिक सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान किया जाने वाला डॉ. एस. पार्थसारथी मेमोरियल अवार्ड देश के चुनिंदा एवं विशिष्ट वैज्ञानिकों को ही दिया जाता है, जिन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं प्रभावशाली योगदान दिया हो। प्रो. यादव को यह सम्मान मिलना न केवल वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, बल्कि संपूर्ण जौनपुर जनपद के लिए भी गौरव का विषय है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह सहित सभी प्राध्यापकगण ने प्रो. यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को प्रशासन ने थमाया एक और नोटिस

**माघ मेला में आजीवन प्रतिबंध की चेतावनी**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** माघ मेले में प्रशासन और ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के बीच विवाद गहराता जा रहा है। मेला प्रशासन द्वारा स्वामी जी को एक और नोटिस जारी किया है। जिसमें प्रशासन ने 24 घंटे में जवाब मांगते हुए मेला से प्रतिबंधित करने की चेतावनी दी है। वहीं, इस नोटिस के बाद बाद उनके समर्थकों और भक्तों में भारी आक्रोश है।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने प्रशासन की इस कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने सीधे तौर पर सरकार और प्रशासन की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब सरकार पूरी तरह से बदले की भावना के साथ कार्रवाई कर रही है। प्रशासन ने पारदर्शिता का उल्लंघन करते हुए शंकराचार्य शिविर पांडाल के पीछे बैक डेट में नोटिस चस्पा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नोटिस लगाने के बाद अधिकारी खुद आकर कहने लगे कि आपने इसका जवाब क्यों नहीं दिया।

प्रशासन द्वारा दिए गए नोटिस में 24 घंटे के भीतर जवाब न देने पर मेले से प्रतिबंधित करने और सुविधाएं निरस्त करने की चेतावनी दी गई है। इस पर शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने स्पष्ट किया कि नोटिस का जवाब तैयार कर लिया गया है और जल्द ही इसे प्रशासन को सौंप दिया जाएगा।

प्राप्त नोटिस में लिखा है कि मौनी अमावस्या पर आपात परिस्थितियों के उपयोगार्थ आरक्षित त्रिवेणी पन्टून पुल नंबर 2 पर लगे बैरियर को तोड़ते हुये संगम अपर मार्ग से बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बग्घी पर सवार होकर भीड़ के साथ जाया जा रहा था। जबकि मेला पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संगम क्षेत्र में किसी प्रकार के वाहन न ले जाने की उद्घोषणा बार-बार की जा रही थी। स्नानार्थियों की अत्यधिक भीड़ थी और केवल पैदल आवागमन की अनुमति थी। वह क्षेत्र स्नानार्थियों के आवागमन एवं सुरक्षा के दृष्टिगत अत्यन्त संवेदनशील था। लेकिन आपके उक्त कृत्य के कारण मेला पुलिस एवं मेला प्रशासन को भीड़ प्रबन्धन में अत्यन्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। आप द्वारा वाहन निषिद्ध क्षेत्र संगम नोज तक अपनी बग्घी लेकर, जहां लाखों की संख्या में स्नानार्थी स्नान कर रहे थे, जाने का प्रयास किया था। नोटिस में आगे लिखा है कि आपके कृत्य से मौनी अमावस्या पर माघ मेला की व्यवस्था छिन्न-भिन्न हुई और स्नान हेतु आ रहे लाखों स्नानार्थियों को सुरक्षित स्नान कराकर उन्हें वापस भेजने में मेला में आये जन मानस की सुरक्षा व्यवस्था को गम्भीर खतरा उत्पन्न हुआ। उक्त के अतिरिक्त आप द्वारा अपने को शंकराचार्य बताते हुये मेले में बोर्ड आदि लगाये गये हैं, जबकि आधिकारिक रूप से आपके शंकराचार्य होने पर सर्वोच्च न्यायालय से रोक है, जो सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में है। आपको सूचित किया जाता है कि कृपया 24 घंटे के अन्दर यह स्पष्ट करें कि आपके उक्त कृत्य के कारण आपकी संस्था उपरोक्त को दी जा रही भूमि एवं सुविधाओं को निरस्त कर आपको सदैव के लिये मेले में प्रवेश से प्रतिबन्धित क्यों न कर दिया जाय। यदि उक्त निर्धारित अवधि में आपका उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो यह मानते हुए कि इस सम्बन्ध में आपको कुछ नहीं कहना है, तदनुसार निर्णय पारित कर दिया जायेगा।

# लंबित मांगों को लेकर दो दिवसीय ध्यानाकर्षण प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** लंबित मांगों को लेकर प्रदेश भर में चल रहे धरने के क्रम में जनपद में इलेक्ट्रिक एंड मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई विभाग ने दूसरे दिन भी मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र यादव के संचालन में अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर अधिकारियों की अनदेखी पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाध्यक्ष इंजीनियर विनय कुमार सिंह ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर लंबित मांगों को लेकर दो दिवसीय ध्यानाकर्षण प्रदर्शन किया गया। विभाग लंबे समय से कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं की अनदेखी कर रहा है, जिससे इंजीनियरों में भारी रोष व्याप्त है। संगठन की मांग है कि जूनियर इंजीनियरों के स्थायीकरण व वरिष्ठता सूची का प्रकाशन, वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की रिक्तियों के सापेक्ष सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति, वर्ष 2015 में लोक सेवा आयोग से चयनित इंजीनियरों को प्रथम एवं द्वितीय एसीपी का लाभ, सेवानिवृत्त कर्मियों के लंबित देयों का भुगतान, जूनियर इंजीनियरों के मध्य कार्यों का समान वितरण तथा नियम विरुद्ध कार्य कराए जाने पर रोक लगाई जाए।

## कोर्ट नोटिस

मा. सिविज जज (जुडि)नगर सहारनपुर। मूल वाद सं- 1109 सन 2024 अजीत प्रसाद पुत्र श्री मुन्ना निवासी ग्राम हबीबगढ़ मजरा दरा आली परगना व तहसील जिला सहारनपुर...प्रार्थी/वादी..नोटिस बनाम...नौशाद पुत्र श्री अख्तर निवासी गली नं0 8 जौहरी मस्जिद के पास आजाद कॉलोनी सहारनपुर (प्रतिवादी) चूकि उपरिनामांकित अजीत प्रसाद पुत्र श्री मुन्ना निवासी ग्राम हबीब गढ मजरा दरा आली प. व तहसील जिला सहारनपुर ने न्यायालय मे मूल वाद सं- 1109/2024 अजित प्रसाद बनाम अंकित कुमार आदि में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई हेतु प्रतिवादी नौशाद पुत्र श्री अख्तर निवासी गली नं0 8 जौहरी मस्जिद के पास, आजाद कॉलोनी, सहारनपुर को उक्त मूल वाद मे उपस्थित होने के लिये हिदायत दी जाती है कि आप उक्त मूल वाद 1109/2024 के खिलाफ अपना पक्ष रखने के लिये दिनांक 02.02.2026 को प्रातः 10ः बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखने हेतू उपस्थित हो ऐसा करने मे असमर्थ रहने पर उक्त मूल वाद एक पक्षीय रूप से आपके विरूद्ध सूना जायेगा और निस्तारित किया जायेगा मेरे असल हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक 22/01/2026 को जारी हुआ।

**आज्ञा से मुन्सरिम सिविल जज जूडि नगर, सहारनपुर।**

## कोर्ट नोटिस

समग वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

(आर्डर कायदा1व 5) न्याया. मा. लघुवाद न्यायाधीश, सहारनपुर लघुवाद सं0-24 सन 2007 श्रीमती मन्जू अग्रवाल पत्नी स्व. श्री निलेन्द्र मोहन अग्रवाल निवासी अर्चना,गिल कॉलोनी, थाना सदर बाजार जि. सहारनपुर (वादी)...बनाम 1.संजीव धींगडा पुत्र स्व. श्री चौधरी राम धींगडा हिमालय आप्टीकल्स एण्ड कम्यूनिकेशन दुकान नगर पालिका नम्बर 2 सी/3046, पुराना नगर पालिका नम्बर 2/2300/1.सदर थाना रोड गिल कॉलोनी, जिला सहारनपुर दुसरा पता-श्री संजीव श्रीगडा पुत्र स्व.श्री चौधरी राम धींगडा मार्जन गलास हाऊस, निकट हसनपुर चुगी जिला सहारनपुर 2. श्री विकास गर्ग (मृतक दौरान बाद) पुत्र एस0केंद्र गर्ग 2/1 श्रीमती तनुजा गर्ग पत्नी स्वः श्री विकास गर्न 2/2 नमन गर्ग पुत्र स्व0 श्री विकास गर्ग 2/3 कु0 निष्ठा गर्ग पुत्री त्वद्य श्री विकास गर्न निवासीगण प्रधुमन नगर जिला सहारनपुर (प्रतिवादीगण) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत दावा तकसीम चायर की है लिहाजा आपको हुकम होता है कि आप बातरीख 28.01.2026 10ः बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्श हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह यही तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफ़ीसाल कतई मुकदमे के तजवीज है बस लाज़िम है उसी रोज़ जुमला गवाह एवं दस्तावेज़ पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जाएगा।

**आज्ञा से मुंसरिम न्याय. लघुवाद न्यायधीश, सहारनपुर**

## अमीन की मौत से संग्रह अमीन संघ में आक्रोश, हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता** संदिग्ध परिस्थितियों में हुई अमीन की मौत से संग्रह अमीन संघ में आक्रोश, हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग, कहां प्रशासन की लापरवाही के चलते हुआ हादसा, विभाग में अनुसेवको की नियुक्ति व्यर्थ। संग्रह अमीन संघ के तत्वधान में बुधवार को उपाध्यक्ष शशिकांत वर्मा के नेतृत्व में अमीनो ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौंपा है। आरोप है कि सदर तहसील में संग्रह अमीन पद पर तैनात सुरेश उपाध्याय के लापता होने की सूचना शासन प्रशासन को दी गई थी। लापता होने से तीन दिन बाद मंगलवार को सिधारी थाने से कुछ ही दूर खेत में उनका शव बरामद हुआ। कही न कही प्रशासन की लापरवाही के चलते उनकी हत्या की गई। संघ ने प्रशासन से तत्काल अमीन सुरेश के हत्यारों के गिरफ्तारी और अमीनो के साथ अनुसेवकों के नियुक्ति की मांग की।

## अपर पुलिस अधीक्षक थाना पवई का किया औचक निरीक्षण

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता**अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन द्वारा थाना पवई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, अभिलेखों के रख-रखाव, मालखाना, मेस, महिला हेल्प डेस्क तथा थाने में साफ-सफाई आदि का गहनता से अवलोकन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) द्वारा थाने के अधिकारियों/कर्मचारियों को अभिलेखों के अद्यतन रख-रखाव, आगन्तुकों/पीड़ितों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार, महिला एवं कमजोर वर्ग के व्यक्तियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण, लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# कोई पात्र मतदाता न छूटे: रोल प्रेक्षक

- मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा
- जेंडर रेशियो सुधार में दलों से सहयोग की अपील
- युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने का आह्वान

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** आयुक्त आगरा मंडल आगरा, रोल प्रेक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, उप जिलाधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित मतदाता सूची प्रगाढ़ पुनरीक्षण की समीक्षा के दौरान कहा कि जिला प्रशासन की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने से शेष न रहे, किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न रहे। उन्होंने कहा कि सही मतदाता का नाम काटना जिला प्रशासन का लक्ष्य नहीं बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची मे शामिल कराकर जनपद की मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यावधिक बनाना है। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद का जेंडर रेशियो 807 है, 107-विधानसभा क्षेत्र मैनपुरी में 1000 पुरुषों के सापेक्ष 819, 108-विधानसभा क्षेत्र भोगांव में 806, 109-विधानसभा क्षेत्र किशनी में 803 एवं 110-विधानसभा क्षेत्र करहल में 801 महिला मतदाता शामिल हैं, जो काफी कम है। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि जनपद की मतदाता सूची में जेंडर रेशियो सुधार में अपना सहयोग दें, 01 जनवरी 2026 को जो युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उनके फॉर्म-6 भरवाकर जमा कराकर मतदाता सूची को अद्यावधिक बनाने में अपना योगदान करें। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि जो भी युवा फॉर्म-6 भरें, उनमें आधार नंबर, मोबाइल नंबर अवश्य अंकित करायें, मोबाइल नंबर दर्ज होने पर इपिक से संबंधित सभी सूचना आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी, पंजीकृत मोबाइल नंबर से एन.वी.एस.पी. पोर्टल पर जाकर पूरा विवरण प्राप्त किया जा सकता है। मंडलायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची प्रकाशन के उपरांत जनपद की मतदाता सूची में 11 लाख 77 हजार 250 मतदाता दर्ज है, ड्राफ्ट रोल पब्लिकेशन के उपरांत ऐसे मतदाता जिनकी वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हुई है, उन्हें नोटिस जारी किए जा रहे हैं, मतदाताओं द्वारा प्राप्त नोटिस के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 13 प्रमाण पत्रों में से जन्मतिथि, निवास स्थान संबंधी में से कोई एक प्रमाण पत्र उपलब्ध संलग्न करना होगा। उन्होने कहा कि जनपद में 90 ए.ई.आर.ओ. तैनात किए गए हैं, जो नियमित रूप से सुनवाई कर मैपिंग से वंचित मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 जनवरी एवं 01 फरवरी को विशेष तिथि निर्धारित की गई है, जनपद में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को भी स्थानीय स्तर पर विशेष अभियान संचालित होगा, ऐसे व्यक्ति जिनका नाम ड्राफ्ट रोल में नहीं है, वह प्राप्त नोटिस के साथ उक्त तिथियों में अपने बूथ पर जाकर फार्म जमा करें साथ ही ऐसे युवा जो 01 जनवरी 26 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वह फॉर्म-6 भरकर उसके साथ सिर्फ आधार कार्ड लगाकर फॉर्म जमा करें, जांच के उपरांत उनके नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **12.02.2026 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | | 00902026 दिनांक 21.01.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | क्रम सं. 1 | 34-SrDEN-I-LKO-2025-26 |
| | | क्रम सं. 2 | 35-SrDEN-I-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | क्रम सं. 1 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–प्रथम/लखनऊ के अधीन सहायक मंडल अभियंता के क्षेत्र में वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/लखनऊ के क्षेत्र में क्वार्टरों की मरम्मत जैसे प्लास्टर, सफेदी, रंगाई, पेंटिंग, दरवाजे, जल आपूर्ति, सैनिटरी फिटिंग, छोटे पुलों और एफओबी का सुधार, एलसी (लेवल क्रॉसिंग सं. 213, 211, 207, 205, 204, 219, 222, 8–सी) और आर.यू.बी पर सड़क की सतह की मरम्मत एवं आलम नगर स्टेशन के प्रवेश द्वार और प्रवेश द्वार पर नाली आदि की मरम्मत |
| | | क्रम सं. 2 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–प्रथम/लखनऊ के अधीन सहायक मंडल अभियंता के उपमंडल में विविध ट्रैक कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | क्र.सं. 1 के लिए | रु. 2,04,99,980.04 |
| | | क्र.सं. 2 के लिए | रु. 6,99,99,658.31 |
| 5 | धरोहर राशि | क्र.सं. 1 के लिए | रु. 2,52,500.00 |
| | | क्र.सं. 2 के लिए | रु. 5,00,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 1 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| | | क्र.सं. 2 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ तिथि | क्र.सं. 1 के लिए: 29.01.2026 | क्र.सं. 2 के लिए: 29.01.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्र.सं. 1 के लिए | 12.02.2026 at 15:00 hrs. |
| | | क्र.सं. 2 के लिए | 12.02.2026 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 234/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एचओडीएस हाइड्रोजन किट: वाहनों और डीजल जनरेटरों में ईंधन की बचत और प्रदूषण कम करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम



**लखनऊ।** एचओडीएस) टेक्नोलॉजीज का स्वदेशी हाइड्रोजन डुअल फ्यूल किट, जिसे कंपनी ने पेटेंट भी कराया है, वाहनों और डीजल जनरेटरों में उत्सर्जन और जीवाश्म ईंधन की खपत कम करने के लिए एक बेहद प्रभावी समाधान बनकर उभरा है। इस नवाचार को हाल ही में तब बड़ी सफलता मिली जब इसे विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में आयोजित एक समारोह में 'बेस्ट इमर्जिंग हाइड्रोजन मोबिलिटी वेंचर के लिए प्रतिष्ठित एनर्शिया अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया। आईआईटी दिल्ली में विकसित, एएचओडीएस हाइड्रोजन डुअल फ्यूल किट अपने आप में एक अनोखा आविष्कार है जो टेलपाइप उत्सर्जन (धुए) में 70% तक की कमी और ईंधन में लगभग 20% तक की बचत करता है। यह तकनीक ऑटोमोटिव, बिजली उत्पादन, भट्ठियों, बॉयलर, कृषि मशीनरी और औद्योगिक अनुप्रयोगों सहित कई क्षेत्रों के लिए उपयोगी है, जो इसे स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने का एक व्यावहारिक और कारगर उपाय बनाती है। इस किट को विभिन्न उद्योगों जैसे कि पेय पदार्थ, विनिर्माण, वस्त्र और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में डीजल पावर जनरेटरों में सफलतापूर्वक लगाया जा चुका है। विशेष रूप से, यह किट पुराने हो चुके वाहनों के लिए एक विशेष और असरदार समाधान प्रदान करती है, जिससे वाहन बदले बिना ही प्रदूषण में भारी कमी लाई जा सकती है। औद्योगिक बॉयलरों में इस तकनीक का एकीकरण भी अब अंतिम चरण में है। एएचओडीएस टेक्नोलॉजीज ने एचडीएफ, सीपीसीबी और जीएनसीटीडी के समक्ष औपचारिक प्रस्तुतियां दी हैं और प्रस्ताव जमा किए हैं। एएचओडीएस डुअल फ्यूल किट, जिसे एडीएफके के नाम से भी जाना जाता है, ने नेत्रा टेक्नोलॉजी रेडिनेस लेवल 7 प्रमाणन प्राप्त कर लिया है और एमआईडीसी साइकिल के तहत इसका सफल व्हीकल चेसिस डायनेमोमीटर परीक्षण भी किया गया है। यह प्रणाली मॉड्यूलर है, अपने आप में पूर्ण है और इसे किसी बाहरी गैस सप्लाई इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता नहीं होती। यही खूबी इसे पहाड़ी और रेगिस्तानी इलाकों जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त बनाती है। एएचओडीएस समाधान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके लिए इंजन में किसी भी तरह के बदलाव की जरूरत नहीं पड़ती। इसमें पीने के पानी के इलेक्ट्रोलिसिस के जरिए मांग के अनुसार हाइड्रोजन तैयार की जाती है, जिससे हाइड्रोजन को स्टोर करने की झंझट खत्म हो जाती है।

## ज़ाइडस ने भारत में निवोलुमैब का दुनिया का पहला बायोसिमिलर 'तिष्ठा' लॉन्च किया

**अहमदाबाद।** ज़ाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड (जिसमें इसकी सहायक कंपनियां/सहयोगी शामिल हैं, जिन्हें आगे ज़ाइडस कहा गया है), जो एक इनोवेशन-आधारित अंतरराष्ट्रीय लाइफ-साइंसेज कंपनी है, ने ब्रांड नाम तिष्ठाके तहत भारत में निवोलुमैब का दुनिया का पहला बायोसिमिलर लॉन्च किया है। यह एडवांस्ड बायोलॉजिक्स और इम्यूनो-ऑन्कोलॉजी में कंपनी की बढ़ती क्षमता को मजबूत करता है। तिष्ठा 100 मिलीग्राम और 40 मिलीग्राम की खुराक में क्रमशः 28,950 और 13,950 की कीमत पर उपलब्ध होगा। ये कीमतें रेफरेंस दवा का लगभग एक-चौथाई हैं। इससे किफायतीपन में सुधार होगा और रोगियों के लिए इलाज का कुल बोझ कम होगा। दो तरह की क्षमता वाला यह पोर्टफोलियो ऑन्कोलॉजिस्ट को डोजिंग को अनुकूलित करने और बर्बादी को कम करने में सक्षम बनाता है - जो इम्यूनोथेरेपी में उपचार के अर्थशास्त्र का एक प्रमुख कारक है। इस घटनाक्रम पर बोलते हुए, ज़ाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, डॉ. शारविल पी. पटेल ने कहा, ज़ाइडस में, हमारा मानना है कि हर मरीज किफायती, उन्नत कैंसर देखभाल तक समय पर पहुंच का हकदार है। तिष्ठा के लॉन्च के साथ, हम रोगी-केंद्रित थेरेपी के माध्यम से इम्यूनो-ऑन्कोलॉजी तक पहुंच का विस्तार कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य रोगियों को उनकी पूरी उपचार यात्रा के दौरान निरंतर देखभाल के साथ सहायता करना है। हम उच्च गुणवत्ता वाली बायोसिमिलर इम्यूनोथेरेपी तक रोगियों की पहुंच में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आधुनिक उपचार तक पहुंच तीन महत्वपूर्ण कारकों द्वारा निर्धारित की जाती है निरंतरता, सामर्थ्य और पहुंच। चेकपॉइंट इनहिबिटर्स की विश्वसनीय उपलब्धता उन कैंसर रोगियों के लिए आवश्यक है जिन्हें कई चक्रों में थेरेपी की आवश्यकता होती है।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने इंफ्रास्ट्रक्चर फायनांसिंग को बढ़ावा देने के लिए आईआईएफसीएल के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर



**लखनऊ।** भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फायनांस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत, व्यवहार्य इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए संयुक्त ऋण और ऋण सिंडिकेशन की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह साझेदारी भारत में स्थापित हो रही प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के विकास को गति प्रदान करेगी। पलाश श्रीवास्तव, उप प्रबंध निदेशक, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फायनांस कंपनी लिमिटेड और श्री ललित त्यागी, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत, आईआईएफसीएल तथा बैंक ऑफ़ बड़ौदा अपनी क्षमताओं और विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, स्थापित एवं नए उभरते दोनों क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की एक विविध श्रृंखला को संयुक्त रूप से फायनांस करने के लिए सहयोग करेंगे। इस अवसर पर श्री पलाश श्रीवास्तव, उप प्रबंध निदेशक, आईआईएफसीएल ने कहा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के साथ यह साझेदारी विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर फायनांसिंग के लिए एक इकोसिस्टम फैसिलिटेटर के रूप में आईआईएफसीएल की भूमिका का एक स्वाभाविक विस्तार है, जो बैंकों, एनबीएफसी-आईएफसी और अन्य वित्तीय संस्थानों के बीच साझा हित के मामलों के लिए सहयोगात्मक मंच प्रदान करती है। जैसे-जैसे भारत अमृत काल में आगे बढ़ रहा है, आईआईएफसीएल हरित वित्त, एमएसएमई और ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष फोकस रखते हुए दीर्घकालिक और स्थायित्वपूर्ण फायनांसिंग को सक्षम बनाकर राष्ट्रीय उद्देश्यों का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहा है जिससे समावेशी और सुदृढ़ आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है। ललित त्यागी, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कहा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा की देशभर में व्यापक उपस्थिति है और आईआईएफसीएल के साथ यह सहयोग हमें अपनी बैंकिंग सुविधाओं में विस्तार करने और नवोन्मेषी फायनांस सुविधाएं प्रदान करने के लिए सहयोग करता है जिससे भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर महत्वाकांक्षाओं को साकार किया जा सकेगा। हमें विश्वास है कि हम अपनी क्षमताओं और संसाधनों को एकीकृत कर, अपने ग्राहकों की सेवा करना जारी रखेंगे और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना और स्थायित्वपूर्ण आर्थिक विकास में सार्थक योगदान देंगे।

## पीएनबी मेटलाइफ की अपने ग्राहकों को नई सौगात, दीर्घकालिक वित्तीय योजनायें पेश

**लखनऊ।** पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ) ने पीएनबी मेटलाइफ डिविडेंड लीडर्स इंडेक्स फंड के माध्यम से ग्राहकों के लिए एक लचीली, दीर्घकालिक वित्तीय योजना लॉन्च की है, साथ ही यूलिप योजनाएं भी शुरू की है,जिसमें उच्च लाभांश वाली कंपनियों में निवेश किया जाता है। यह फंड पीएनबी मेटलाइफ के गोल एनश्योरिंग मल्टीप्लायर-जीईएम और स्मार्ट गोल एनश्योरिंग मल्टीप्लायर-स्मार्ट जीईएम उत्पादों के अधीन लॉन्च किया गया है। फंड लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, पीएनबी मेटलाइफ के एमडी और सीईओ, समीर बंसल ने कहा हमारा लक्ष्य जीवन बीमा सुरक्षा और इक्विटी वृद्धि के सुमेल से ग्राहकों को लम्बे समय में वित्तीय सुरक्षा प्राप्त करने मेंसक्षम बनाना है। इस फंड के अधीन उन कंपनियों में निवेश किया जाता है जो लम्बे समय से अपने शेयरधारकों को लाभ देते आ रहे हैं ताकि वित्तीय नियोजन को सरल और भविष्य के लिए तैयार बनाया जा सके। पीएनबी मेटलाइफ डिविडेंड लीडर्स इंडेक्स फंड जिस इंडेक्स को दोहराने का लक्ष्य रखता है, उसमें ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कमोडिटीज और यूटिलिटीज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में शानदार लाभांश प्रदर्शन वालेब्क्रस्थ 500 की टॉप 50 कंपनियां शामिल हैं। नियामक मानदंडों के अनुरूप, फंड के अधीनपरिसंपत्तियों का 60-100 प्रतिशत हिस्सा बेंचमार्क इंडेक्स वाली इक्विटी में आवंटित होगा, जबकि तरलता सुनिश्चित करने के लिए 40 प्रतिशत तक का हिस्सा मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश किया जाएगा। इस फंड का लक्ष्य वित्तीय वृद्धि प्रदान करना, लक्ष्य-उन्मुख योजनाओंमें सहायता करना और लम्बे समय के लिए धन सृजन सुनिश्चित करना है। यह फंड, 16 जनवरी से शुरू हुये नये फंड लॉन्च अवधि के दौरान 10 रुपये प्रति यूनिट के प्रारंभिक मूल्य पर लॉन्च किया जाएगा। इसकी प्रथम नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) की घोषणा 30 जनवरी को होने वाली है। यह फंड पॉलिसीबाजार के प्लेटफफॉर्म पर उपलब्ध है,साथ ही इसे एक पैसिव इक्विटी फंड की तरह बनाया गया है जो यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के माध्यम से उपलब्ध होगा। इसमें आपकोजीवन बीमा का अतिरिक्त लाभ भी मिलता है। बीएसई 500 डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स (कस्टमाइज्ड ) के आधार पर बेंचमार्क किया गया यह फंड उन ग्राहकों के लिए आदर्श है जो दीर्घकालिक इक्विटी निवेश के लिए एक अनुशासित और पैसिव अप्रोच रखना पसंद करते हैं।

## UpTik 24 जनवरी को बीएसई में निवेश और वैश्विक मामलों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा

**नई दिल्ली।** ग्रोकैप फिनटेक इकोसिस्टम का हिस्सा अपटिक, शनिवार, 24 जनवरी, 2026 को इंटरनेशनल कन्वेंशन हॉल, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई), मुंबई में निवेश और वैश्विक मामलों पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की मेजबानी। यह सम्मेलन वैश्विक निवेश परिदृश्य, फैमिली ऑफिस, सलाहकार फर्मों और नीति-दर्शकों के पुराने हितधारकों को एक साथ जोड़ता है, जो विकसित हो रहे हैं वैश्विक निवेश परिदृश्य, सीमा पार के क्षेत्र और दायित्व और दायरे निवेश को सक्षम करने में शेयरधारकों की भूमिका पर विचार-विमर्श होगा। प्रमुख विषयों पर चर्चा और मुख्य बिंदु जिसमें वैकल्पिक निवेश, वैश्विक निवेश के रुझान शामिल हैं, इसमें शामिल है कि कैसे अंतर्राष्ट्रीय घटना तेजी से एकता से जुड़े बाजार परिवेश में भारतीय निवेशकों के लिए निवेश निर्णय लेने को आकार दे रहे हैं। सम्मेलन से पहले, अपटिक के सह-संस्थापक और सीईओ विनोद वर्मा ऐनामपुडी ने कहा जैसी-जैसी वैश्विक बाजार एकता जुड़ी हुई है, वैसे-वैसे समग्र सीमांत, शासन और भू-राजनीतिक विचारधारा को मजबूत करने के उद्देश्य से है।

यह सम्मेलन भारत के विकसित हो रहे वित्तीय इकोसिस्टम के भीतर सूचित भागीदारी और विचार नेतृत्व को सुविधाजनक बनाने पर upTik के फोकस को दर्शाता है। नेतृत्व टीम के साथ मीडिया इंटरेक्शन सम्मेलन की कार्यवाही के बाद दोपहर 1:30 बजे आयोजित किया जाएगा।

## मैरियट बॉनवॉय लाया आईसीसी मेन्स T20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए एक्सक्लुसिव क्रिकेट अनुभव

**नई दिल्ली।** मैरियट इंटरनेशनल का पुरस्कार विजेता ट्रैवल प्लेटफ़ॉर्म मैरियट बॉनवॉय अपने सदस्यों को आईसीसी मेन्स T20 वर्ल्ड कप 2026 के ज़रिये क्रिकेट के रोमांच से रूबरू कराने के लिए तैयार है। भारत और श्रीलंका में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए कंपनी ने खास तौर पर कई अनुभव सजाए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ वैश्विक साझेदारी के तहत, मैरियट बॉनवॉय के सदस्य 500 से अधिक विशेष 'मैरियट बॉनवॉय मोमेंट्स' का लाभ उठा सकेंगे। इन अनुभवों में दो सदस्यों को मैरियट बॉनवॉय गोल्डन टिकट जीतने का अवसर भी मिलेगा। इस टिकट के जरिए विजेता अपने किसी साथी के साथ आईसीसी मेन्स T20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मुकाबलों के रोमांच का गवाह बन सकेंगे। एक गोल्डन टिकट मैरियट बॉनवॉय पॉइंट्स के माध्यम से सबसे अधिक बोली लगाने वाले सदस्य को मिलेगा, जबकि दूसरा टिकट एक वैश्विक लॉटरी के ज़रिये दिया जाएगा। गैर-सदस्य भी मुफ्त में पंजीकरण कर इस अवसर का हिस्सा बन सकते हैं।

मैरियट बॉनवॉय के सदस्य अपने पॉइंट्स का उपयोग कर 500 से अधिक विशेष अनुभवों (मैरियट बॉनवॉय मोमेंट्स) के लिए बोली लगा सकते हैं या उन्हें रिडीम कर सकते हैं। इसमें मैच डे हॉस्पिटैलिटी, मैच से पहले के 'बियॉन्ड द बाउंड्री' अनुभव और एंथम किड्स एक्सपीरियंस जैसे विकल्पों के लिए बोली लगा सकते हैं या उन्हें रिडीम कर सकते हैं। एंथम किड्स एक्सपीरियंस के तहत बच्चे राष्ट्रगान के दौरान खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरकर अपनी सुनहरी यादें संजो सकेंगे।

मैरियट बॉनवॉय मोमेंट्स आज से दुनिया भर के सदस्यों के लिए ऑनलाइन उपलब्ध होंगे और समय-समय पर नए अनुभव जोड़े जाते रहेंगे।

## एएसएफ इनसिग्निया ने अल्फा अल्टरनेटिव्स से 1,250 करोड़ रुपये पूंजी की प्रतिबद्धता हासिल की



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की वत्सल वैली में रणनीतिक रूप से स्थित और दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम सीबीडी के साथ अच्छा संपर्क रखने वाले एक विशाल एकीकृत वाणिज्यिक आईटी कार्यालय कैंपस एएसएफ इनसिग्निया ने मुंबई मुख्यालय वाले अल्फा अल्टरनेटिव्स से करीब 1,250 करोड़ रुपये के इक्विटी और अर्ध-इक्विटी निवेश की प्रतिबद्धता हासिल की है। यह सौदा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली कार्यालय रीयल एस्टेट संपत्तियों में सतत संस्थागत रुचि परिलक्षित करता है। यह निवेश कई हिस्सों में किया जाएगा जिसमें से करीब 450 करोड़ रुपये का पहला हिस्सा पहले ही प्राप्त हो चुका है। इस पूंजी का उपयोग ऋण में कमी के जरिए एएसएफ इकाइयों के पूंजी ढांचे में सुधार के लिए किया जाएगा। इससे लक्षित आधारभूत ढांचे और सुविधाओं को अपग्रेड करने, रिफाइनमेंट्स के निर्माण और पूरे कैंपस में अनुभवों को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसका उद्देश्य लीजिंग की गति में जान फूंकना और इस संपत्ति को एक दीर्घकालीन प्रमुख वाणिज्यिक कार्यालय परियोजना के तौर पर पुनर्स्थापित करना है।

## एमवे इंडिया ने न्यूट्रिलाइट बायोटिन सी प्लस (जिंक एवं बीटा कैरोटीन के साथ) लॉन्च किया



**लखनऊ।** आज के तेज़-रफ्तार जीवन में देर रात तक जागने की आदत, बढ़ते तनाव और पोषक तत्वों की कमी वाले आहार के कारण, स्वस्थ दिखने वाले बाल, त्वचा और नाखून भी अपनी प्राकृतिक चमक और मजबूती खो सकते हैं। जैसे-जैसे उपभोक्ता भीतर से सुंदरता की अवधारणा वाले उत्पादों को अपना रहे हैं, स्वास्थ्य और वेलनेस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी एमवे इंडिया ने न्यूट्रिलाइट बायोटिन सी प्लस (जिंक एवं बीटा कैरोटीन के साथ) लॉन्च किया है जो एक वैज्ञानिक रूप से तैयार न्यूट्रास्युटिकल है जिसमें भीतर से स्वस्थ बालों, त्वचा और नाखूनों को सहारा देने वाले तत्व शामिल हैं। इसे बायोटिन से परे फ़ॉर्मूलेशन के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह उत्पाद केवल एकल-घटक सप्लीमेंट तक सीमित न रहकर बायोटिन, विटामिन सी और जिंक जैसे तीन आवश्यक पोषक तत्वों का 100त्न अनुशंसित आहार मात्रा (आरडीए) प्रदान करता है, साथ ही बीटा कैरोटीन भी शामिल करता है। यह एमवे के विज्ञान-समर्थित पोषण और पादप-आधारित वेलनेस पर निरंतर फोकस को दर्शाता है। न्यूट्रिलाइट की 90+ वर्षों की पोषण विशेषज्ञता के साथ विकसित, यह उत्पाद अनुशंसित आहार भत्तों (आरडीए) के अनुरूप आवश्यक पोषक तत्वों को प्रदान करता है, जो एमवे के रोजमर्रा के पोषण पर फोकस को मजबूत करता है।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने उ.प्र. में किया नेटवर्क का विस्तार, खोली नई डीलरशिप



**मुरादाबाद।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में अपना नया सेल्स एवं सर्विस आउटलेट जवाहर होंडा शुरू किया। यह नई सुविधा राज्य में कंपनी की उपस्थिति को और मजबूत करती है तथा ग्राहकों को होंडा के उत्पादों और सेवाओं तक बेहतर पहुँच प्रदान करती है। जवाहर होंडा को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि यह ग्राहकों को संपूर्ण ओनरशिप अनुभव प्रदान करे। होंडा की विशिष्ट 4 एस सेटअप, सेल्स, सर्विस, स्पेयर पार्ट्स और सेफ़्टी राइडिंग प्रमोशन एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। यहाँ ग्राहक वाहन देख सकते हैं, आफ्टर-सेल्स सपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं और सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। उद्घाटन के साथ ही मुरादाबाद के ग्राहकों को होंडा के पूरे स्कूटर और मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो तक पहुँच मिल गई है। स्कूटर श्रेणी में कंपनी चार मॉडल पेश करती है एक्टिवा और डियो (110 सीसी) तथा एक्टिवा 125 और डियो 125 (125 सीसी सेगमेंट)। मोटरसाइकिल श्रेणी में होंडा दस आकर्षक मॉडल उपलब्ध कराती है, जिनमें शाइन 100, शाइन 100 डीएक्स और लिवो (100-110 सीसी), शाइन 125, एसपी 125 और सीबी 125 हॉर्नेट (125 सीसी), यूनिकॉर्न और एसपी 160 (160 सीसी) तथा हॉर्नेट 2.0 और एनएक्स 200 (180-200 सीसी) शामिल हैं। इस विस्तृत रेंज के साथ ग्राहकों को विभिन्न सेगमेंट में अपनी पसंद और आवश्यकता के अनुसार विकल्प चुनने की सुविधा मिलती है। डीलरशिप को प्रशिक्षित सेल्स और सर्विस टीम का सहयोग प्राप्त है, जो ग्राहकों को सुगम और भरोसेमंद अनुभव सुनिश्चित करती है। यह होंडा के सड़क सुरक्षा पर केंद्रित प्रयासों को भी दर्शाता है, जिसे कंपनी अपने सेफ़्टी राइडिंग प्रमोशन अभियानों के माध्यम से आगे बढ़ा रही है। डीलरशिप में जापान से आयातित होंडा के एडवांस्ड राइडिंग सिम्युलेटर उपलब्ध हैं, जिनका उद्देश्य नए और अनुभवी दोनों राइडर्स को सुरक्षित और जिम्मेदार राइडिंग प्रथाओं के बारे में शिक्षित करना है। मुरादाबाद में इस नए डीलरशिप के उद्घाटन के साथ, एचएमएसआई ने उत्तर प्रदेश में अपने नेटवर्क को और मजबूत किया है।

कंपनी का लक्ष्य है कि पूरे भारत में ग्राहकों के लिए दोपहिया वाहन स्वामित्व को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाया जाए। यह कदम न केवल राज्य में होंडा की मौजूदगी को बढ़ाता है, बल्कि ग्राहकों को बेहतर सेवाएँ और व्यापक विकल्प प्रदान करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

## बजट 2026 बीमा पहुंच बढ़ाने और भारत के प्रोटेक्शन गैप को कम करने में निभा सकता है अहम भूमिका: वेंकटेश नायडू



**लखनऊ।** केंद्रीय बजट 2026 से पहले सरकार के पास जीवन, स्वास्थ्य और रिटायरमेंट से जुड़ी सुरक्षा में मौजूद भारत के प्रोटेक्शन गैप को दूर करने का एक अहम अवसर है। यह बात बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड के सीईओ वेंकटेश नायडू ने कही। उन्होंने कहा, बीमा और दीर्घकालिक रिटायरमेंट उत्पादों के लिए टैक्स में स्पष्टता और समानता से घरेलू विश्वास, भरोसा और अपनाने की दर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो सकती है। स्पष्ट और स्थिर नीतिगत संकेत परिवारों को बचत और निवेश के साथ-साथ सुरक्षा की योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। वेंकटेश नायडू ने कहा कि माइक्रो-इंश्योरेंस और समावेशी सुरक्षा मॉडल, खासकर वंचित और असंगठित वर्गों में, पहली बार बीमा खरीदने वालों को बीमा व्यवस्था से जोड़ने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बीमा ढांचे को सरल बनाने से इसे समझना आसान होगा और यह अधिक किफायती बनेगा, जिससे जमीनी स्तर पर कवरेज का विस्तार संभव होगा। उन्होंने स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में बीमा पहुंच बढ़ाने के लिए पब्लिक-प्राइवेट साझेदारी के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, नीतिगत समर्थन को निजी क्षेत्र की इनोवेशन क्षमता, मजबूत वितरण नेटवर्क और परिचालन दक्षता के साथ जोड़ने से कवरेज और नतीजों में सार्थक सुधार किया जा सकता है। वेंकटेश नायडू के अनुसार, इनोवेशन और डिजिटल वितरण को समर्थन देना, बिना लागत बढ़ाए बीमा की पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम होगा। मजबूत बीमा कवरेज न केवल परिवारों की वित्तीय मजबूती बढ़ाता है, बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक और सामाजिक स्थिरता में भी योगदान देता है।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने उद्योग में बनाई बढ़त

**लखनऊ।** गर्मियों के पीक सीजन से पहले एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड सबसे भरोसेमंद ब्रांड ने घोषणा की है कि वह 2026 के नए ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी स्टार रेटिंग मानकों के पूरी तरह अनुरूप एयर कंडीशनरों की व्यापक रेंज पेश करने वाली शुरुआती कंपनियों में शामिल है। एलजीईआईएल की यह अग्रिम पहल सुनिश्चित करती है कि भारतीय उपभोक्ताओं को आज ही सबसे उन्नत और ऊर्जा-कुशल कूलिंग तकनीक उपलब्ध हो सके। संजय चितकारा, को-चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा जैसे-जैसे भारत सख्त ऊर्जा दक्षता मानकों की ओर बढ़ रहा है, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड इस बदलाव को शुरुआती अनुपालन और भविष्य के लिए तैयार उत्पाद नवाचार के माध्यम से समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। नए बीईई मानकों के अनुरूप पहले से तैयार हमारे पोर्टफोलियो के साथ, एलजीईआईएल नए सीजन में पूरी तरह तैयार है कि वह अपने उपभोक्ताओं को भरोसेमंद, ऊर्जा-कुशल एयर कंडीशनिंग समाधान प्रदान करे, जो बेहतर कूलिंग के साथ-साथ उन्हें पैसे की बचत भी कराए। नए बीईई मानक ऊर्जा दक्षता के स्तर में एक बड़ा बदलाव दर्शाते हैं, जिससे पूरे उद्योग के लिए मानक और ऊंचे हो गए हैं और भारत को वैश्विक ऊर्जा प्रदर्शन मानकों के अनुरूप लाया गया है। एलजीईआईएल ने अपने पोर्टफोलियो को पहले ही अपग्रेड कर लिया है, जो उसकी स्थिरता और जिम्मेदार उत्पाद विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2026 लाइनअप की मुख्य विशेषताएं: बेहतर ऊर्जा बचतरू नए मानक घरेलू स्तर पर बिजली की खपत को काफी कम करने के लिए बनाए गए हैं। उद्योग के अनुमानों के अनुसार, 2026 मानकों के तहत नया 5-स्टार एसी अपनाने से उपभोक्ता 10 वर्षों में लगभग 19,000 तक की बचत कर सकते हैं, जो उपयोग और बिजली दरों पर निर्भर करेगा। नई रेटिंग को समझनारू सख्त 2026 ढांचे के तहत दक्षता की सीमा बढ़ा दी गई है; उदाहरण के लिए, जो मॉडल पहले 5-स्टार रेटेड था, वह अब 4-स्टार के रूप में वर्गीकृत हो सकता है। यह पुनर्वर्गीकरण प्रदर्शन में गिरावट नहीं, बल्कि अधिक उच्च ऊर्जा दक्षता मानकों को दर्शाता है और बेहतर, कम बिजली खपत वाली तकनीक को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। तुरंत उपलब्धता: एलजीईआईएल की भविष्य के लिए तैयार रेंज जनवरी की शुरुआत से ही बाजार में उपलब्ध है, जिससे यह 2026 बीईई अनुरूप घरेलू एयर कंडीशनर पेश करने वाली शुरुआती कंपनियों में शामिल हो गई है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि गर्मियों के लिए जल्दी खरीदारी करने वाले ग्राहक पुरानी तकनीक नहीं खरीद रहे हैं। प्रमुख फीचर्स: इस साल हमारा फोकस ग्राहकों को प्रीकूल और एनर्जी मैनेजर. जैसे फीचर्स के जरिए सशक्त बनाने पर है। प्रीकूल एक नया फीचर है, जो यह सुनिश्चित करता है कि जैसे ही आप घर में कदम रखें, घर पहले से ठंडा और आरामदायक हो। प्रीकूल फीचर जियो-फेंसिंग तकनीक का उपयोग करता है, जिससे यूजर की लोकेशन का पता लगाया जाता है और थिंकक्यू ऐप यूजर द्वारा सेट किए गए ऑटोमेशन के आधार पर, तय दूरी के दायरे में प्रवेश करते ही एयर कंडीशनर को संचालित करता है।

## वाधवानी एआई ने टीबी उन्मूलन और रोग निगरानी के लिए एंड-टू-एंड एआई समाधान विकसित किए



**लखनऊ।** स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्रों में तैनाती-आधारित एआई समाधान विकसित कर वाधवानी इंस्टीट्यूट फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (वाधवानी एआई) अब तक 190 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित कर चुकी है। यहाँ आयोजित हुए क्षेत्रीय एआई एवं स्वास्थ्य नवाचार शिखर सम्मेलन के दौरान वाधवानी इंस्टीट्यूट फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चीफ एआई/एमएल साइंटिस्ट अल्पन रावल ने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वाधवानी एआई भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को प्रयोगशालाओं से निकालकर वास्तविक जीवन में लागू करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने माना कि एआई को मानव निर्णय का सहयोगी होना चाहिए, न कि उसका प्रतिस्थापन। इसी सिद्धांत के तहत संस्था मजबूत नैतिक एवं जवाबदेही ढांचे के साथ कार्य करती है। उन्होंने चर्चा करते हुए बताया कि वाधवानी एआई भारत-केंद्रित डेटा पर प्रशिक्षित ये एआई समाधान न केवल भारत बल्कि पूरे ग्लोबल साउथ के लिए स्केलेबल, किफायती और व्यवहारिक मॉडल प्रस्तुत करता है। स्वास्थ्य क्षेत्र के बारे में बातचीत करते हुए श्री रावल ने कहा कि वाधवानी एआई ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन और रोग निगरानी के लिए एंड-टू-एंड एआई समाधान विकसित किए हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि शिशु मापन समाधान स्मार्टफोन वीडियो के माध्यम से नवजात शिशुओं के शारीरिक माप को संभव बनाता है और इसे वर्ष 2024 में बेस्ट पेपर अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। वहीं टीबी के लिए विकसित कफ अगेंस्ट टीबी और पीटीओ जैसे समाधान लाखों मरीजों तक पहुंच चुके हैं और नि-क्षय प्लेटफॉर्म में एकीकृत हैं, जिससे उच्च-जोखिम वाले मरीजों में प्रतिकूल परिणामों में उल्लेखनीय कमी आई है।

## सैमसंग इंडिया ने लॉन्च किया नया साउंड टावर दमदार साउंड, कस्टमाइज्ड लाइटिंग और लंबे प्ले टाइम के साथ पोर्टेबल डिजाइन

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग इंडिया ने अपना नया साउंड टावर 2026 लाइनअप लॉन्च किया है। यह दमदार साउंड, बेहतर पोर्टेबिलिटी और शानदार एंटरटेनमेंट फीचर्स के साथ भारतीय ग्राहकों के लिए खास अनुभव लाता है। यह लाइट और साउंड के जरिए पार्टी का पूरा मज़ा देता है।

नई रेंज में ST50F और ST40F मॉडल शामिल हैं, जिन्हें रूम-फिलिंग साउंड और डायनामिक विजुअल इफेक्ट्स के लिए अपग्रेडेड एकॉस्टिक आर्किटेक्चर के साथ डिजाइन किया गया है।

विप्लेश डांग, सीनियर डायरेक्टर और हेड विजुअल डिस्प्ले बिज़नेस, सैमसंग इंडिया ने कहा, ÷नई साउंड टावर सीरीज सैमसंग की आधुनिक एंटरटेनमेंट को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसमें जबर्दस्त साउंड, डायनैमिक लाइटिंग और वर्सेटाइल पोर्टेबिलिटी को एक साथ जोड़ा गया है। जैसे-जैसे उपभोक्ता ऐसे ऑडियो सॉल्यूशंस की तलाश कर रहे हैं जो इनडोर और आउटडोर दोनों जगह आसानी से काम कर सकें, साउंड टावर हर मौके के लिए सही साथी बनकर उभरता है। लंबी बैटरी लाइफ, बेहतर साउंडस्टेज और कस्टमाइज़ करने योग्य पार्टी लाइट्स+ के साथ यह यूज़र्स को कहीं भी यादगार पल बनाने का मौका देता है।

### हर मौके के लिए पावरफुल ऑडियो

वर्ष 2026 के साउंड टावर मॉडल सैमसंग की अपग्रेडेड साउंड टेक्नोलॉजी पर बनाए गए हैं। ये साफ और संतुलित साउंड देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, चाहे आप किसी भी जगह पर हों। इनकी पावर आउटपुट 240W तक है और विशेष अकॉस्टिक डिज़ाइन की मदद से आवाज़ पूरे कमरे में स्पष्ट और विस्तृत रूप से फैलती है। इन मॉडलों में डुअल वूफर और एडवांस्ड वेवगाइड-एसिस्टेड ट्वीटर शामिल हैं, जो ध्वनि का विस्तार और स्थिर स्पष्टता सुनिश्चित करते हैं।

दोनों मॉडल कई साउंड मोड्स के साथ आते हैं, ताकि अलग-अलग सुनने के अनुभव के लिए साउंड को अनुकूलित किया जा सके। यूज़र्स ऑराकास्ट ग्रुप प्ले के साथ अनुभव को बढ़ा सकते हैं या दो साउंड टावर्स को स्टीयरो प्ले के जरिए जोड़कर बाएं-दाएं चैनल की स्पष्टता पा सकते हैं।

### पोर्टेबल और लंबी बैटरी लाइफ वाला डिज़ाइन

नए साउंड टावर्स घर और बाहर दोनों जगह एंटरटेनमेंट के लिए बेहतरीन साथी हैं। ये लंबी बैटरी लाइफ के साथ आते हैं। स्ज्ञ50स्न मॉडल 18 घंटे तक लगातार प्ले टाइम देता है और इसमें टेलीस्कोपिक हैंडल और पहिए हैं, जिससे इसे आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है। वहीं, ST40F मॉडल 12 घंटे तक प्ले टाइम देता है और इसमें टॉप कैरी हैंडल है, जिससे इसे आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है।

# फर्जी हस्ताक्षर कर सचिव द्वारा सूचना निस्तारण का आरोप, जिलाधिकारी से शिकायत

**रामकोला ब्लॉक के लाला छपरा गांव का मामला**

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिले में सरकारी कार्यालयों की फाइलों में चल रहे कागज़ी खेल का एक सनसनीखेज और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां प्रशासनिक ईमानदारी को कटघरे में खड़ा कर दिया है। रामकोला ब्लॉक के ग्राम पंचायत लाला छपरा से जुडा है। यहां सेक्रेटरी सुनीता देवी पर फर्जी हस्ताक्षर कर सूचना भेजने, झूठी आख्या लगाने और सुनियोजित जालसाजी करने का गंभीर आरोप जनता दर्शन में दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में लगाया गया है।

शिकायतकर्ता राकेश कुमार श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को दिए गए प्रार्थना पत्र में स्पष्ट किया है कि उनके नाम से दर्शाई गई सूचना की प्राप्ति कभी हुई ही नहीं, फिर भी सरकारी अभिलेखों में उनके नाम से प्राप्ति दिखाकर मामला निस्तारित करने का षडयंत्र रचा गया है। खण्ड विकास अधिकारी रामकोला की आख्या एवं ग्राम पंचायत सचिव द्वारा जिला विकास अधिकारी को दिए गए स्पष्टीकरण में दावा किया गया कि शिकायतकर्ता राकेश कुमार श्रीवास्तव को 17 फरवरी 2025 को पंजीकृत डाक से सूचना भेज दी गई थी और इसकी प्रति राज्य सूचना आयोग, लखनऊ में भी प्रस्तुत की गई। लेकिन आख्या के साथ संलग्न दस्तावेजों में जो तथ्य सामने आए, वह पूरे मामले को संदेह के कटघरे में खड़ा कर दिया। पेज संख्या-तीन पर शिकायतकर्ता के नाम से संबोधित पत्र पर 07 फरवरी 2025 को प्राप्ति दर्शाते हुए हस्ताक्षर अंकित हैं। जबकि स्वयं सचिव ग्राम पंचायत यह स्वीकार कर चुकी हैं कि यह हस्ताक्षर शिकायतकर्ता के नहीं हैं बल्कि जन सूचना लिपिक का है। अब सवाल यह उठता है कि जब सूचना लिपिक को 18 फरवरी 2025 को दस्तावेज़ प्राप्त कराया गया है, तो उससे 11 दिन पूर्व शिकायतकर्ता के नाम से जारी पत्र पर हस्ताक्षर कैसे हो गए?

शिकायतकर्ता का दावा है कि यह पूरा मामला न सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही बल्कि सोची-समझी दस्तावेज़ी जालसाजी का स्पष्ट उदाहरण है। उनका कहना है कि सचिव ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं यह स्वीकार कर लिया गया है कि हस्ताक्षर शिकायतकर्ता के नहीं हैं, जिससे उनके लगाए गए आरोप स्वत ही सत्य सिद्ध होते हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि सचिव द्वारा यह मान लेना कि हस्ताक्षर शिकायतकर्ता का नहीं हैं, अपने-आप में अपराध की स्वीकारोक्ति है। यह मामला केवल नियमों के उल्लंघन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें फाड, जालसाजी और सरकारी अभिलेखों में कूटरचना जैसी गंभीर अपराध है।

### सिस्टम की साख दांव पर

फर्जी हस्ताक्षर, झूठी आख्या व सुनियोजित जालसाजी का यह मामला अब एक व्यक्ति की शिकायत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सरकारी व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही की अग्नि-परीक्षा बन चुका है। ऐसे मे इस प्रकरण में कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकारी फाइलों में फर्जी हस्ताक्षर कर सच को दबाया जाता है। अब देखना दिलचस्प है कि जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर कानूनी डंडा दोषियों पर चलेगा, या यह फर्जी हस्ताक्षर कांड भी अन्य प्रकरणों की फाइलों में दफन हो जाएगा?

## रामकोला-मथौली मार्ग पर उर्दहां के समीप क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण शुरू

**कुशीनगर।** अधिशासी अभियंता लो0नि0 विभाग (निर्माण खण्ड) द्वारा अवगत कराया गया है कि रामकोला-मथौली मार्ग के उर्दहा में बरसाती नाले पर पूर्व में निर्मित क्षतिग्रस्त लघु सेतु के स्थान पर नए सेतु (पुल) के निर्माण कार्य हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उक्त कार्य हेतु निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा वर्तमान में पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है।

निर्माण कार्य के दृष्टिगत हल्के वाहनों के आवागमन हेतु डायवर्जन का निर्माण कर दिया गया है। साथ ही इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। भारी वाहनों का आवागमन 22 जनवरी 2026 से 22 अप्रैल 2026 तक निषिद्ध रहेगा। भारी वाहन चालक निकटवर्ती वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में यदि प्रतिबंध के बावजूद भारी वाहनों का प्रवेश किया जाता है और कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित वाहन स्वामी की होगी।

# मतदाताओं को बड़ी राहत, एसआईआर नोटिस मिलने के बाद सुनवाई शुरू

**विशेष कैम्पों में दस्तावेज़ों की जांच, मौके पर ही हो रही मैपिंग**

**अवधनामा संवाददाता**



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के मतदाताओं के लिए राहत भरी पहल शुरू हुई है। स्थ्त्रक्र स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं था अथवा जिन्होंने उस समय आवश्यक साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए थे, उन्हें जारी नोटिस के बाद अब उनकी विधिवत सुनवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे लंबे समय से परेशान मतदाताओं को बड़ी राहत मिली है और उन्हें अपनी बात रखने का सीधा अवसर मिल रहा है।

उल्लेखनीय हो कि तहसील तमकुहीराज में नियुक्त मजिस्ट्रेटों द्वारा सुनवाई की जा रही है। पूर्ति निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव स्वयं सुनवाई कर रहे हैं और मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों का गहन सत्यापन किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित साक्ष्यों के साथ मतदाता विशेष कैम्पों में पहुंच रहे हैं, जहां उनके दस्तावेजों की जांच कर तत्काल मैपिंग की जा रही है। पहले अधूरे फार्म अथवा साक्ष्य के अभाव में जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई थी, अब उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने का पूरा अवसर दिया जा रहा है। तमकुहीराज की एसडीएम आकांक्षा मिश्रा के निर्देश पर सुनवाई के लिए विशेष कैम्प लगाए गए हैं। इस कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए कुल 22 मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं, जिनमें 4 स्थाई और 18 अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शामिल हैं। निर्वाचन संबंधी इस महत्वपूर्ण कार्य में प्रशासनिक स्तर पर व्यापक समन्वय देखने को मिल रहा है। तमकुहीराज, सेवरही और दुदही ब्लाकों के साथ-साथ तमकुहीराज व सेवरही नगर पंचायत क्षेत्रों में भी विशेष कैम्प लगाए गए हैं। इसके अलावा सेवरही और तमकुहीराज बीआरसी तथा पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में भी मतदाताओं की सुनवाई की व्यवस्था की गई है। कार्यभार को प्रभावी बनाने के लिए ईओ, बीडीओ, बीईओ और पूर्ति निरीक्षक को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया गया है। सभी मजिस्ट्रेट साक्ष्यों के साथ उपस्थित मतदाताओं का त्वरित सत्यापन कर रहे हैं और योग्य पाए जाने पर तुरंत मैपिंग सुनिश्चित की जा रही है। इस पारदर्शी और जनहितकारी प्रक्रिया से न केवल मतदाता सूची शुद्ध होगी।

# कुशीनगर में फर्जी क्लर्क की चमक बुझेगी या डीआईओएस की चुप्पी फूटेगी?

**सखवनिया इंटर कालेज में सहायक लिपिक अविनाश गुप्ता का मामला**

**शकील अहमद**

**कुशीनगर।** कसया विकासखंड स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, सखवनिया में सहायक लिपिक अविनाश गुप्ता ने सरकारी नियमों को ताक पर रखकर फर्जी तरीके से नौकरी हथिया ली। पिता की मौत के बाद मृतक आश्रित कोटे का दावा किया, लेकिन मां पहले से ही सरकारी सेवा में हैं—यह तथ्य जानबूझकर छिपाया गया। कागजातों में हेराफेरी कर अवैध नियुक्ति पाई, जो सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट नियमों का उल्लंघन है। जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त की चुप्पी अब संदेह के घेरे में है।

**हाईकोर्ट की चेतावनी- छिपाओ मत, वरना सब पे बैर :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कई मामलों में रुख साफ किया। परिवार में कोई सरकारी या स्थायी रोजगार हो तो मृतक आश्रित नियुक्ति शून्य। तथ्य छिपाने पर तत्काल रद्दीकरण और वेतन वसूली। प्रयागराज बेंच ने कहा मां की नौकरी छिपाकर पिता के नाम पर जॉब पाना पूरी तरह अवैध। कुशीनगर में ये आदेश धूल खा रहे हैं।

**मीडिया ने खोला राज, डीआईओएस मौन—क्यों :** मीडिया रिपोर्ट के बाद न जांच, न निरस्तीकरण, न अधिकारियों से पूछताछ। यह चुप्पी लापरवाही नहीं, फर्जीवाड़े को ढाल देने जैसी लग रही। खुलासे के बावजूद विभाग सोता रहा, क्या ऊपर से दबाव है? या भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं?

**कानूनी जानकारों का मत :** नियुक्ति पूरी तरह अवैध, तत्काल रद्द कर वेतन वसूली जरूरी। फर्जीवाड़े में शामिल कर्मचारियों-अधिकारियों पर स्थ्ढ्क्र और विभागीय कार्रवाई अनिवार्य। कुशीनगर शिक्षा विभाग पर सवाल- नियमों की धज्जियां उड़ा रही व्यवस्था, या नैतिकता का सूरज ढल चुका? यह प्रकरण सिर्फ एक फर्जी क्लर्क का नहीं, पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल है।

### सुप्रीम कोर्ट की मार खानी पड़ेगी—कोई हक नहीं!

सुप्रीम कोर्ट ने 1994 के उमेश कुमार नागपाल बनाम हरियाणा सरकार मामले में साफ कहा, मृतक आश्रित नियुक्ति कोई अधिकार नहीं, बल्कि तत्काल आर्थिक संकट से उबरने की असाधारण राहत है। अगर परिवार में कोई सदस्य पहले से नौकरी में हो, तो अनुकंपा नियुक्ति असंभव। 2019 के हिमाचल प्रदेश बनाम शशि कुमार फैसले में कोर्ट ने जोर दिया–यह भुखमरी रोकने का उपाय है, नौकरी बांटने का नहीं। अविनाश गुप्ता का केस इन नजीरों पर थूकने जैसा है।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर किया जाएगा ब्लैकआउट मॉकड्रिल

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार, ''उत्तर प्रदेश दिवस-2026'' और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर 23 जनवरी 2026 को सायंकाल 06.00 बजे शहर में कंपनी बाग चौराहा से लेकर तिरंगा झंडा चौराहा ब्लैकआउट मॉकड्रिल का आयोजन किया जायेंगा।

उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने बताया कि एक वृहद हवाई हमले से बचाव हेतु इस मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य हवाई हमले जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा (Civil Defence) की तैयारियों को परखना है।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील किया है कि नागरिक सुरक्षा के अंतर्गत आयोजित इस अभ्यास में सहयोग प्रदान करें। यह अभ्यास जनसुरक्षा एवं आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारी के लिए है। उन्होने बताया कि उक्त मॉकड्रिल 23 तारीख को सायंकाल 06.00 बजे से 06.30 तक प्रभावी रहेगी। उन्होने नागरिको से अपेक्षा किया है कि निर्धारित समय में अपने घरों, दुकानों और कार्यालयों की सभी बाहरी एवं भीतरी लाइटें पूर्णतः बंद रखें। बालकनी, छत एवं खिड़कियों से किसी भी प्रकार का प्रकाश बाहर न जाने दें। अनावश्यक वाहन आवागमन से बचें केवल अत्यंत आपातकाल में ही यात्रा करें। वाहन चलाते समय हेडलाइट या तेज प्रकाश का प्रयोग न करें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यह केवल एक मॉकड्रिल है, अतः घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रभारी उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा ने बताया कि चेतावनी सायरन शाम 6.00 बजे हवाई हमले की चेतावनी के रूप में 2 मिनट तक उतार-चढ़ाव वाली तेज आवाज में सायरन बजाया जाएगा।

# कुलकुला धाम कल शयात्रा में 5001 कन्याओं ने भरा जल

**अवधनामा संवाददाता**


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्तगण

**बोदरवार, कुशीनगर।** गुरुवार को कुलकुला धाम से श्री विष्णु महायज्ञ हेतु भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलशयात्रा में 5001कन्याएं शामिल हुई । श्रद्धालुओं के जय घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा में शामिल हाथी, घोड़े आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे।

कुलकुला धाम मन्दिर परिसर में ग्यारह दिवसीय परंपरागत श्री श्री 1008 विष्णु महायज्ञ का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी पावन पर्व से शुभारंभ किया गया है। हाथी घोड़े और बैंड बाजा के थाप पर थिरकते श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा निकाली गई। जिसमें 5001कुवांरी कन्याओं ने कलश भरने का सौभाग्य प्राप्त किया। सूर्य की पहली किरण के साथ यात्रा कुल कुला धाम मन्दिर परिसर से भड़सर खास, नारायण भड़सर, इंदरपुर, गणेश चौक, सोहनी होते हुए कप्तानगंज फ्लाई ओवर पार कर गंडक नदी स्थित राम जानकी घाट पर पहुंची। जहां पुरोहितों के मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। पवित्र जल भरने के बाद यह जलयात्रा पुनः इसी मार्ग से सुरक्षित यज्ञ मण्डप पर पहुंची, जहां कलश स्थापित किया गया। यह की विधिवत शुभारंभ बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आज से होगी। आयोजक श्री त्यागी फलहारी संत श्री राम दास जी महाराज ने बताया कि यज्ञ 23 जनवरी से प्रारम्भ होकर 3 फरवरी तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक यज्ञ पूजन 8 बजे से 12 बजे तक नवाह पाठ, तथा रात्रि में 8 बजे से 2 बजे तक जय बजरंग आदर्श रामलीला अयोध्या द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा, वहीं दिन में 2 बजे से शालिनी पाण्डेय व उपेन्द्र दास जी महराज द्वारा श्रोताओं को प्रवचन का अमृत रसपान कराया जाएगा। इस दौरान पुजारी सुबास दास, व रामसेवक दास, यज्ञाचार्य देवानंद दूबे मेला व्यवस्थापक बेगलाल गुप्ता व लक्की सिंह, बच्चा सिंह, ऋृतु राज सिंह, यशवंत सिंह, सुशील मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालु यात्रा में शामिल रहे।

## डीएम ने की उद्यान विभाग की सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, लक्ष्य पूर्ति पर जोर दिया

**अवधनमा संवाददाता**

**माइक्रो इरीगेशन योजना का लक्ष्य 819हेक्टेयर , किसानों का चयन कर रहे कार्मिक**

**अमेठी।** गुरुवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरिगेशन योजना तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) की समीक्षा की। जिला उद्यान अधिकारी रणवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2025-26 से संचालित की गई है। यह केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें 60 प्रतिशत केंद्रांश एवं 40 प्रतिशत राज्यांश का प्रावधान है। योजना के अंतर्गत फल, सब्जी, मसाले, पुष्प, कंद एवं प्रकंदीय फसलों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों का पंजीकरण बागवानी पारदर्शी किसान सेवा योजना पोर्टल पर ऑनलाइन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाता है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में योजना के अंतर्गत टिश्यू कल्चर केला रोपण 25 हेक्टेयर, पपीता 1 हेक्टेयर, स्ट्रॉबेरी 2 हेक्टेयर, आम 2 हेक्टेयर, शाकभाजी 60 हेक्टेयर, मसाला फसलों में प्याज 29 हेक्टेयर, लहसुन 94 हेक्टेयर, हल्दी 1 हेक्टेयर, पुष्प खेती 3 हेक्टेयर, जैविक खेती 25 हेक्टेयर, सब्जियों में मचान 20 हेक्टेयर तथा फेंसिंग 5000 रनिंग मीटर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष किसानों से संपर्क कर कार्यवाही की जा रही है।

इसके अतिरिक्त पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरिगेशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कुल 809 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें ड्रिप सिंचाई 139 हेक्टेयर तथा स्प्रिंकलर सिंचाई 670 हेक्टेयर (मिनी स्प्रिंकलर 160 हेक्टेयर, माइक्रो स्प्रिंकलर 90 हेक्टेयर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर 390 हेक्टेयर एवं रेनगन स्प्रिंकलर 30 हेक्टेयर) शामिल हैं। इस योजना में भी 60 प्रतिशत केंद्रांश एवं 40 प्रतिशत राज्यांश दिया जाता है।


## जिले 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस कल मनाया जायेगा

**कुशीनगर।** जिले में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस कल 24 जनवरी को मनाया जाएगा। यह जानकारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष 25 जनवरी को साप्ताहिक अवकाश (रविवार) होने के कारण मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 24 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त शासकीय कार्यालयों, विभागों एवं शिक्षण संस्थानों में पूर्वाह्न 11 बजे अधिकारी एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही रविन्द्र नगर स्टेडियम, कुशीनगर में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन हेतु आवश्यक संख्या में मतदाता शपथ पत्र एवं बैज संबंधित विभागों को उपलब्ध करा दिए गए हैं।

# विभिन्न थानों द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देशन में जनपद बस्ती के विभिन्न थानों द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को साइबर अपराध, महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा, स्वावलंबन व अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना सोनहा द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत भानपुर कस्बा,कस्बा सोनहा, महनुआ व डाकघर एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग कर महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध, महिला अपराध एंव विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया। मिशन शक्ति टीम थाना लालगंज द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत आदर्श आर.एल. कॉन्वेंट स्कूल में विशेष साइबर जनजागरूकता/ महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन कर महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध,महिला अप0 एंव विभिन्न हेल्प0नं0 की जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति टीम थाना गौर द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कस्बा गौर व डाकघरएवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग कर महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध, महिला अपराध एंव विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया। मिशन शक्ति टीम थाना हरैया द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत भदावल एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग कर महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध, महिला अपराध एंव विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया। मिशन शक्ति टीम महिला थाना द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत रोडवेज,क्रिसेंट मॉल,पचपेडिया रोड एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग कर महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध, महिला अपराध एंव विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया। मिशन शक्ति टीम थाना कलवारी द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत ग्राम भंगुरा एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग कर महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध, महिला अपराध एंव विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया। मिशन शक्ति टीम थाना कोतवाली द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत रोडवेज, क्रिसेंट मॉल,पचपेडिया रोड एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग कर महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध, महिला अपराध एंव विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया।

## मोतीचक में 12 ग्राम पंचायतें टीवी मुक्त घोषित

**मथौली, कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मोतीचक के 12 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इन गांवों को टीबी मुक्त घोषित करने के निर्धारित मापदंडों और शर्तो के अनुसार उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी मोतीचक डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों की घोषणा से पहले कई महत्वपूर्ण मानकों की जांच की गई। इनमें प्रति एक हजार की आबादी पर 30 संभावित टीबी मरीजों की जांच, प्रति एक हजार की आबादी पर एक या एक से कम टीबी मरीज का पंजीकरण, कम से कम 60 प्रतिशत मरीजों की ड्रग सेंसिटिविटी जांच और पिछले वर्ष पंजीकृत कुल टीबी मरीजों में से 85 प्रतिशत की सफलता दर शामिल है। इसके अतिरिक्त, निक्षय पोषण योजना के तहत डीबीटी (पहली किस्त) और पोषण पोटली का 100 प्रतिशत वितरण भी सुनिश्चित किया गया है। इसके आधार पर मोतीचक के 12 गांवों को टीवी मुक्त घोषित किया गया है। जिन गांवों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है उसमें अरकपुर, असना, बेलवनिया, भैंसही, दुबौली, बेदुपार, खोखिया, पकड़ी बावन, सोढरा, सोनबरसा, तेलगांवा व विशनपुरा शामिल है।

## 45 दिन में 420261पशुओं को लगाएं जायेंगे खुरपका, मुंहपका से बचाव के टीके



**अमेठी।** पशु पालन विभाग की ओर से गुरुवार को गोवंशीय और महिषवंशीय पशुओं के टीकाकरण के तीसरे चरण के अभियान की शुरुआत की।45दिन के टीकाकरण अभियान में खुरपका और मुंहपका रोंगो से पशुओं को सुरक्षित करने के लिए टीके लगाए जायेंगे। अभियान का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी संजय चौहान ने 48 टीकाकरण टीमों को हरी झंडी दिखाकर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि खुरपका-मुंहपका एक गंभीर संक्रामक पशु रोग है, जिससे पशुपालकों को भारी आर्थिक क्षति होती है। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए अधिक से अधिक पशुओं का समयबद्ध टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला ने बताया कि यह टीकाकरण अभियान 22 जनवरी 2026 से 10 मार्च 2026 तक कुल 45 दिनों तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा, जिसमें चार माह से कम आयु के पशु एवं आठ माह से अधिक अवधि की गाभिन पशुओं को शामिल नहीं किया गया है। इस चरण में जनपद के 4,20,261 पशुओं का निशुल्क टीकाकरण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि खुरपका-मुंहपका एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है, जिसके संक्रमण से पशुओं में तेज बुखार, मुंह से लार गिरना, मुंह एवं पैरों में छाले, चारा न खाना तथा दूध उत्पादन में भारी गिरावट हो जाती है।

## कृषि यंत्रों के लिए चयनित किसानों हेतु ई-लॉटरी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में 23 जनवरी को

**अमेठी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत कम्बाइन हार्वेस्टर, ट्रैक्टर आपरेटेड, पावर चेपकटर, मल्टीक्राप थ्रेसर, ऑयल मिल विद् फिल्टर प्रेस, हैरो एवं सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम्बाइण्डर आदि कृषि यंत्रों के लिए ई-लॉटरी का आयोजन किया गया है। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि 08 जनवरी 2026 को अपरान्ह् 12 बजे से 21 जनवरी 2026 तक लक्ष्य से अधिक टोकन बुकिंग किये गये कृषि यंत्रों के आवेदकों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से 23 जनवरी 2026 को अपरान्ह् 1 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार अमेठी में किया जायेगा तथा जनपद के ऐसे किसान जिन्होंने उपरोक्त योजनाओं में अनुदान पर यंत्र क्रय करने के लिए आवेदन किया है वह निर्धारित तिथि व समय पर ई-लॉटरी में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित हैं।

# सपा ने मनाई छोटे लोहिया की पुण्यतिथि

**शोषित और वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित रहा जनेश्वर मिश्र का पूरा जीवन : महेन्द्र यादव**

**अवधनामा संवाददाता**




**अमेठी/गौरीगंज।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय में समाजवादी विचारक और छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। सभी ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन और योगदान को याद किया।

जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने जनेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने आजीवन समाजवादी मूल्यों, सामाजिक न्याय और लोकतंत्र के लिए संघर्ष किया। वे शोषित-वंचित वर्गों के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। यादव ने कहा कि मिश्र सादगी, ईमानदारी और सिद्धांतों की राजनीति के प्रतीक थे, जिनका जीवन जनसेवा और विचारधारा के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी।

जिला महामंत्री अरशद अहमद ने जनेश्वर मिश्र के योगदान को समाजवादी आंदोलन के इतिहास में अविस्मरणीय बताया। उन्होंने युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात कर समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

महेंद्र यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया। उनका पूरा जीवन गरीब, शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित रहा। उन्होंने सभी से उनके आदर्शों पर चलकर सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर महेंद्र यादव, विनोद यादव, चंद्रशेखर यादव, दीपू तिवारी, राकेश यादव, मुकेश विश्वकर्मा, मंजू पाल, अशोक कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

## थाना एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग द्वारा बालश्रम के संबंध मे किया गया जागरुक

**बस्ती।** बुधवार को थाना एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग द्वारा बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन, अवमुक्तीकरण व पुनर्वासन हेतु 16 जनवरी से 30 जनवरी तक चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में उ0नि0 ज्वाला प्रसाद मिश्रा थाना ए0एच0टी0 मय टीम व नागेंद्र त्रिपाठी श्रम प्रवर्तन अधिकारी बस्ती व चाइल्ड लाइन टीम के द्वारा संयुक्त रूप से जनपद बस्ती के थाना कप्तानगंज, हरैया, छावनी और परशुरामपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बाल श्रम रोकथाम अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवायोजक को बालश्रम के बारे मे जागरुक किया गया और बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को काम न लिया जाए । अभियान के दौरान 08 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराकर श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा निरीक्षण टिप्पणी भरी गयी। अभियान के दौरान शासन एंव प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर- 1090, 1098, 108, 112, 1076 व 181 आदि के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी ।

# बाल श्रम उन्मूलन के लिए सरकार ने चलाया है आपरेशन रक्षा अभियान

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार जनपद में बच्चों के दुर्व्यापार एवं बाल श्रम से संबंधित अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से ऑपरेशन रक्षा अभियान दिनांक 16 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक चलाया जा रहा है। गुरुवार को उपजिलाधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की गई। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) एवं मानव तस्करी रोधक इकाई (एएचटीयू) की संयुक्त टीम ने इन्हौना कस्बा एवं चौराहों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री कृष्ण जलपान गृह, सोनू किराना स्टोर (इन्हौना) तथा ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकानों पर कार्यरत बच्चों की जांच की गई। जांच के दौरान उपलब्ध जन्मतिथि संबंधी अभिलेखों के आधार पर सोनू जायसवाल किराना स्टोर एवं श्री कृष्ण जलपान गृह में कार्यरत बच्चे नाबालिग पाए गए। इसके पश्चात बच्चों के पिता से लिखित आश्वासन लिया गया कि भविष्य में वे अपने बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम नहीं कराएंगे। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में बाल श्रम न कराने की सख्त हिदायत दी गई। इसके अतिरिक्त संयुक्त टीम द्वारा थाना गौरीगंज क्षेत्र में संचालित स्पा सेंटरों पर भी छापेमारी की गई। जांच के दौरान किसी भी स्पा सेंटर में नाबालिग बालक अथवा बालिका कार्यरत नहीं पाए गए। हालांकि, स्पा सेंटर संचालकों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि नाबालिगों से कार्य कराना गैरकानूनी है तथा भविष्य में यदि ऐसा पाया गया तो बाल श्रम अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बार एसोसिएशन सभागार में मनाया गया युवा दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

■ अधिवक्ता परिषद के तत्वावधान में गोष्ठी का आयोजन

**बहराइच।** जनपद में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के तत्वावधान में जिला बार एसोसिएशन के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन कर युवा दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं प्रदेश मंत्री रंजीता वाल्मीकि ने अपने उद्बोधन में युवाओं की भूमिका पर महत्व डाला। कार्यक्रम के दौरान महामंत्री जिला बार एसोसिएशन शैलेंद्र सिंह. रामसूरत वर्मा सजल जी, तिलक अजनबी, हामिद अंसारी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम को संरक्षक सुरेंद्र सिंह, जगदंबा बख्श सिंह, विजय कुमार पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष राम जी वाजपेई, बाबूराम त्रिपाठी पुष्पांजलि मिश्रा, नंदन श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार मिश्रा विजय कुमार पाठक आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के जिला अध्यक्ष अभय सिंह एवं संचालन महामंत्री आलोक शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में जिला मंत्री राकेश नाथ त्रिपाठी, ध्रुव कुमार सिंह, अयोध्या प्रसाद उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह पंकज त्रिपाठी, अभिषेक श्रीवास्तव, सदस्य रामनाथ कश्यप, मीडिया प्रभारी राजन शुक्ला,सदस्य उपस्थित रहे रहे।

## राष्टीय खुरपका एवं मुंहपका टीकाकरण के सांतवे चरण को दी हरी झण्डी

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास भवन ड़बरई फिरोजाबाद से राष्ट्रीय खुरपका एवं मुँहपका टीकाकारण के सॉतवें चरण को हरी झड़ी दिखाकर शुभारम्भ किया गया, 22.01.2026 से 10.03.2026 तक टीकाकरण का अभियान चलेगा जिसमें पशुपालक के द्वार पर पहुंचकर पशुओं को टीकाकरण निःशुल्क किया जायेगा यह टीकाकरण पशुओं को खुरपका एवं मुहपका जैसे गम्भीर रोगो से मुक्त रखने में सहयोग प्रदान करेगा, जनपद के प्रत्येक गॉव एवं शहरी क्षेत्र के समस्त गाय एवं भैस को टीकाकरण किया जायेगा एवं जिन पशुओं में टैंग नहीं लगे है उनको टैग कर रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। पशुपालक को पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए टीकाकरण कराना अतिआवश्यक है। जनपद में विकासखण्ड अनुसार टीमो का गठन किया गया है जिसमें लगभग 25 टीम कार्य करेगी एवं जनपद के 6,30,000 पशु टीकाकरण से लाभान्वित होगें।

# प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत की गई नोटिस सुनवाई



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी रजनीश कुमार मिश्र के साथ विकासखंड भावल खेड़ा परिसर में नोटिस सुनवाई स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम मे 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत गणना अवधि मे बीएलओ द्वारा नो मैपिंग कैटेगरी में चिन्हित किये गये मतदाताओं को नियमानुसार नोटिस जारी करते हुए सम्बन्धित विधानसभान्तर्गत चिन्हित स्थलों पर दिनांक 21.01.2026 से नोटिस सुनवाई की कार्यवाही चल रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त सम्बन्धित मतदाताओं से अपील की है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ नोटिस पर अंकित सुनवाई स्थल पर अवश्य उपस्थित होने का कष्ट करें। निरीक्षण दौरान भावल खेड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्रा अनुपस्थित मिलने पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ब्लॉक परिसर में नवनिर्मित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय को प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी भावल खेड़ा अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अंकुरण परिवार ने एक बार फिर निभाया पुत्र धर्म

**सुल्तानपुर।** अंकुरण परिवार के द्वारा आज 59वें लावारिश शव का दाह संस्कार हिन्दू रीति रिवाज के साथ हथियानाला पर किया गया । अंकुरण परिवार के पास आज कोतवाली सुल्तानपुर से सूचना आई कि एक 26 से 30 वर्ष के व्यक्ति की मृत्यु तीन दिन पहले ही आजाद पार्क के पास हो गई थी। प्रशासन के द्वारा कोशिश करने के बावजूद मृतक के परिवार वालों का पता नही चल पाया,2 दिन बाद आज उनका पोस्टमार्टम हुआ। इतनी जानकारी मिलने पर अंकुरण परिवार के सदस्यों ने उनके अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी ली वृहस्पतिवार सायं 4 बजे हथियानाला पर हिन्दू रीति-रिवाज के पश्चात मृतक का दाह संस्कार किया गया व पूर्व की भांति मृतक को मुखाग्नि संस्था के मोहम्मद आरिफ खान एवं डॉ आशुतोष श्रीवास्तव ने दी,अंकुरण परिवार की तरफ से मनीष राज ,चंदन देव शुक्ला उपस्थित होकर मृतक की आत्मा हेतु शांति प्रार्थना की। कोतवाली नगर से शव के अंतिम संस्कार में आरक्षी विजय कुमार मौजूद रहे।

# जिब्राइल को मिली आजीवन कारावास की सज़ा

**अवधनामा संवाददाता**

■ 22 साल पुराने हत्या मामले में आजीवन कारावास के साथ आरोपी पर लगा जुर्माना

**बहराइच।** जनपद के कोतवाली नानपारा थाना क्षेत्र के वर्ष 2003 के बहुचर्चित हत्या मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश,एफटीसी द्वितीय,बहराइच अनिल कुमार (XII) की अदालत ने आरोपी जिब्राइल को अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर बीस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। मामले के अनुसार दो जून 2003 को वादी हसन बेग ने कोतवाली नानपारा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री हसीनुन्निसा की शादी जिब्राइल पुत्र हैदर खां निवासी परसपुर से हुई थी। विवाह के बाद से ही मृतका को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। आठ जून 2003 को महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिसके गले पर रस्सी के निशान पाए गए।पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के विरुद्ध धारा 302 भादंवि में आरोप पत्र दाखिल किया। लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने जिब्राइल को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अर्थदंड की आधी राशि पीड़ित पक्ष को प्रतिकर के रूप में दी जाएगी। साथ ही आरोपी द्वारा पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।फैसले के बाद आरोपी को जिला कारागार बहराइच भेज दिया गया।

## सपा ने मनाई जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि



**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और जनेश्वर मिश्र के विचारों एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की गई इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव,पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा नेता अनवर अली,सपा के प्रदेश सचिव विजय सिंह,सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी,सपा के महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल,सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोतवाली थाना क्षेत्र में चारपाई पर पड़ा मिला शव

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में एक व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव उसके घर के अंदर चारपाई पर बरामद हुआ है मृतक का अपनी पत्नी से 3 साल से विवाद चल रहा था पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया की शहर कोतवाली अंतर्गत मौजपुर गांव में रहने वाले राम केवल (30) अपने घर में अकेला रहता था बृहस्पतिवार को सुबह जब काफी समय तक मृतक बाहर नहीं निकला तो घर के बाहर रह रहे उसके पिता ने किसी तरह से दरवाजा खोलकर अंदर गए तो मृतक चारपाई पर पड़ा था उसकी गर्दन पर निशान थे। उन्होंने बताया कि मृतक का अपनी पत्नी से 3 साल से विवाद चल रहा था और उसकी पत्नी मायके में रह रही थी पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक के परिजन घटना के संबंध में कोई जानकारी नहीं दे पाए हैं मैं खुद इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहा हूं उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर घटनास्थल का जायजा लिया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पालिका ने सफाई कर्मियों को बांटी गर्म वर्दी

**शिकोहाबाद (अवधनामा संवाददाता)** नगर पालिका चेयरमैन रानी गुप्ता के निर्देश पर नगर पालिका के संविदा और नियमित सभी सफाई कर्मचारियों को गुरुवार को नगर पालिका द्वारा गर्म वर्दी वितरित की गई। गर्मवर्दी प्राप्त कर सभी सफाई कर्मचारियों की लंबित मांग का समाधान हो गया। पालिका द्वारा 180 नियमित और संविदा सभी सफाई कर्मचारियों को वितरित की गई है। गुरुवार को चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक हृदयराम यादव, सफाई निरीक्षक कुलदीप, दिनेश यादव और नानक चंद्र कश्यप के अलावा पालिका के सभासदों के समक्ष सफाई कर्मचारियों को गर्म वर्दी का वितरण किया गया। पालिका के सभी स्थाई और अस्थाई सफाई कर्मचारियों को पालिका ने गर्म वर्दी (ब्लैजर) वितरित किया। जिसे पाकर सभी सफाई कर्मचारी खुश दिखाई दिए।

## सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें





**शिकोहाबाद (अवधनामा संवाददाता)** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली निकाल कर आमजन को स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया। रैली का आरंभ प्राचार्य प्रोफेसर विशाल पाठक द्वारा किया गया। इस दौरान प्रोफेसर प्रेम प्रभाकर, पीओ डॉ टीएच नकवी एवं जिला समन्वयक प्रोफेसर एमपी सिंह की उपस्थिति में रैली कॉलेज प्रांगण से शंभू नगर जसलई मार्ग से होते हुए पालीवाल चौराहे पहुंची। यहां पर छात्र छात्राओं ने यात्रियों से हेलमेट तथा सीट बेल्ट लगाने के साथ-साथ तीन सवारियों को न बिठाने का सुझाव दिया ताकि सुरक्षा नियमों का पालन हो सके।

## नगर पालिका में किया कार्यशाला का आयोजन



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** नगर पालिका परिषद टूण्डला में नमस्ते योजना के अंतर्गत कूड़ा बीनने वाले व पालिका के सेप्टिक टैंकों की खतरनाक रोकथाम हेतु,नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा कार्यशाला का आयोजन पालिका कार्यालय में किया गया। जिसका संचालन ट्रैनर स्वदेश सारस्वत द्वारा किया गया। जिसमे सभी संबंधित सफाई मित्रों सफाई नायकों को बारीकी से समझाया गया और किट पहन कर अपने कार्य करने को कहा गया। जिस मौके पर अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी जिला समाज कल्याण अधिकारी, राजमती सिंह मंडल प्रबंधक कार्यक्रम अधिकारी धरंजय सिंह जिला प्रबंधक कार्यक्रम अधिकारी मनीष कुमार अग्रवाल, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, सभी सफाई नायक, सफाई मित्र उपस्थित रहे।

## जानकी महल में हुआ ईस्टमैन बैट्री की डीलर मीट



**शिकोहाबाद (अवधनामा संवाददाता)** एटा रोड स्थित वीनस ऑटो सेंटर की एक डीलर मीट का आयोजन जानकी महल में हुआ जिसमें ईस्टमैन बैट्री व इनवर्टर के बारे बताया गया इस अवसर पर ईस्टमैन कंपनी के आरएसएम दीपक कुमार व एएसएम दीपक जी ने इस साल की नई स्कीम के बारे में बताया और नई टेक्निकल खूबियां बताई अंत में इस डीलर मीट में आए हुए सभी डीलर भाइयों का वीनस ऑटो सेंटर के ऑनर अरशद आदिल ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर राजेंद्र कुमार , बॉबी गुप्ता, सुमित गुप्ता, जीतेंद्र सिंह, मो. कामिल, सुशील कुमार, अजय चौहान, मो. अनवर, मो मुसाब, मो. राशिद, अरशद आदिल, राजेंद्र सिंह, शुभम, धीरू, दीपक शर्मा, कौशिक मीडिया, ऋषिओम, सूर्यकांत, आदि मौजूद थे।

## 1108 कुण्डीय महायज्ञ के निमित निकली श्री वेद भगवान की पालकी यात्रा

**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)**विश्व कल्याणार्थ 1108 कुण्डीय मृत्युंजय माँ पीतांबरा महायज्ञ राजा का ताल के निमित टूंडला नगर में श्री वेद भगवान की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा नगर के स्टेशन रोड से होती हुई नगर भ्रमण पर निकली, जहाँ श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

यात्रा के दौरान नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा में भाजपा नगर अध्यक्ष सहित क्षेत्र के नगरवासी एवं भक्तगण बड़ी संख्या में पालकी यात्रा में सम्मिलित हुए और जयघोष के साथ श्री वेद भगवान का वंदन किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा आरती, प्रसाद वितरण एवं सेवा कार्य भी किए गए। आयोजकों ने बताया कि यह महायज्ञ विश्व शांति सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की भावना से आयोजित किया जा रहा है। पालकी यात्रा के शांतिपूर्ण आयोजन में स्थानीय लोगों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम मुख्य रूप से धर्मेश शर्मा भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता योगेंद्र उपाध्याय शिव शंकर शर्मा पवन जादौन वृंदावन लाल गुप्ता दीपक चौधरी लोकेश जादौन विष्णु तिवारी रामतीर्थ चक लोकेंद्र पूनिया ज्ञानेंद्र सिंह विनोद बाबू कन्हैया पूनिया तथा क्षेत्रवासी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

# गोमती नदी में मिला अज्ञात शव, नहीं हो सकी शिनाख्त



**अवधनामा संवाददाता**

**जयसिंहपुर/सुल्तानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र से गुजरने वाली गोमती नदी में गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से शव को नदी से बाहर निकाला और शिनाख्त के लिए मर्चरी में रखवाया है। यह घटना गुरुवार सुबह करीब 10 बजे टांटियानगर स्थित गोमती पुल के पास सामने आई। स्थानीय लोगों ने नदी में शव तैरता देख पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर गोसाईगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। मृतक की अनुमानित आयु लगभग 35 वर्ष है। उसके शरीर पर काला जैकेट, सफेद पैंट और स्वेटर था, तथा गले में हनुमानजी का लॉकेट भी मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास लगातार जारी हैं, हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। गोसाईगंज थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि बरामद शव की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। पहचान होने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को लापता व्यक्ति से संबंधित कोई जानकारी या पहचान हो तो गोसाईगंज पुलिस के सीयूजी नंबर 9454404334 पर तत्काल संपर्क करें।

# हीट वेव प्रबंधन समिति का पुनर्गठन अध्यक्ष बने डीएम



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जनपद में गर्मी एवं लू (हीटवेव) से होने वाली संभावित जनहानि की रोकथाम हेतु सिटी हीट एक्शन प्लान को विकसित, क्रियान्वित एवं प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया हीटवेव प्रबंधन समिति का पुनर्गठन करते हुए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को समिति का अध्यक्ष तथा नगर आयुक्त को सदस्य संयोजक नामित किया गया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आगरा, लखनऊ एवं प्रयागराज की भांति अब जनपद में भी सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार किया जाना आवश्यक है, जिससे ग्रीष्म ऋतु में बढ़ते तापमान एवं लू के दुष्प्रभावों से जनसामान्य को सुरक्षित रखा जा सके तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित कर जनपद की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप एक ठोस एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए तथा समिति के सदस्यों द्वारा निर्धारित दायित्वों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रमुख रणनीतियों के अंतर्गत छायादार स्थलों का विकास, सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था, अस्पतालों में हीट-स्ट्रोक वार्ड की तैयारी, एम्बुलेंस सेवाओं की उपलब्धता तथा जन-जागरूकता अभियानों को प्रभावी रूप से संचालित करने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ विपिन मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वित्त) अग्निशमन अधिकारी सहित आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्पेशल एजुकेटर भर्ती पर फिर उठे सवाल, अभ्यर्थियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** जिले में स्पेशल एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। भर्ती में पारदर्शिता न होने और 'रैंडम सिस्टम' के नाम पर चयन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक मांग पत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपकर भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्तमान काउंसलिंग और दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी नहीं है। उनका आरोप है कि उच्च मेरिट वाले उम्मीदवारों को जानबूझकर नजर अंदाज किया जा रहा है, जबकि कम मेरिट वालों को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया गया है। अभ्यर्थी स्वाति तिवारी ने बताया कि वर्ष 2025 में भी यही भर्ती धांधली के आरोपों के चलते रद्द की गई थी और इस बार भी वही स्थिति दोहराई जा रही है। उन्होंने कहा कि 22, 23 और 24 जनवरी को दस्तावेज़ सत्यापन निर्धारित है, लेकिन कई योग्य अभ्यर्थियों को न तो ईमेल मिला, न कॉल और न ही कोई संदेश। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि 'रैंडम सिस्टम' को पूरी तरह समाप्त किया जाए और सभी योग्य अभ्यर्थियों को एक साथ दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जाए, जिससे भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बन सके। अभ्यर्थियों ने बताया कि वे पहले बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय गए थे, जहां यह कहकर उन्हें लौटा दिया गया कि चयन 'रैंडम सिस्टम' से हो रहा है और इसमें कोई हस्तक्षेप संभव नहीं है। इसके बाद न्याय की आस में वे जिलाधिकारी के पास पहुंचे।जानकारी के अनुसार, कुछ अभ्यर्थियों को 22, 23 और 24 जनवरी 2026 को ईमेल के माध्यम से दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया गया है, जबकि कई ऐसे उम्मीदवार जो सभी मानदंडों पर खरे उतरते हैं, उन्हें अब तक कोई सूचना नहीं दी गई है। ज्ञापन में जिलाधिकारी से मांग की गई है कि 23 और 24 जनवरी को प्रस्तावित दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया को निरस्त कर सभी आवेदित अभ्यर्थियों को समान अवसर दिया जाए।

# पार्किंग स्थल के बाहर वाहन खड़े किए तो अब कटेगा चालान

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** अधिवक्ताओं व वादकारियों को बार की तरफ से निर्धारित वाहन पार्किंग स्थल उपलब्ध कराने के बाद भी कई अधिवक्ता व वादकारी बार-बार कहने के बाद भी गलत तरीके से वाहन पार्क कर रहें है, जिससे सीताकुंड रोड व न्यायालय के दक्षिणी तरफ स्थित रोड पूर्ण तरीके से जाममुक्त नहीं हो पा रहा है। नया पार्किंग स्थल निर्धारित होने की वजह से बार अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह व महासचिव दिनेश कुमार दूबे लगातार अपनी टीम के साथ अधिवक्ताओ व वादकारियों को इसके प्रति सचेत भी कर रहे है,लेकिन कई अधिवक्ता व वादकारी निर्धारित पार्किंग स्थल के बाहर वाहन खड़ा कर रहे है,जिससे अन्य लोगो को भी गलत से वाहन खड़ा करने का बढ़ावा मिल रहा है। सीताकुंड रोड व कोर्ट के दक्षिण तरफ स्थित रोड के किनारे निर्धारित स्थल के बाहर वाहन पार्क करने की वजह से पार्किंग स्थल का उद्देश्य विफल हो रहा है एवं आवागमन बाधित हो रहा है। इस स्थिति पर संज्ञान लेते हुए बार अध्यक्ष ने बुधवार को चेतावनी देते हुए साफ तौर पर कहा कि बृहस्पतिवार से निर्धारित पार्किंग स्थल के बाहर वाहन खड़े करने पर चालान काटने की कार्यवाही शुरू कराई जाएगी। उन्होंने अधिवक्ताओ व वादकारियों से निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा करने के लिए आग्रह किया है,ऐसा नहीं करने पर बार की तरफ से किसी प्रकार की कार्यवाही कराए जाने पर गलती करने वालो को स्वयं जिम्मेदार होने की चेतावनी दी गई है। गौरतलब है कि गत 16 जनवरी से अधिवक्ताओ व वादकारियों के लिए नगरपालिका परिषद की तरफ से पार्किंग स्थल सुपुर्द किया जा चुका है,जहां अधिकतर अधिवक्ता व वादकारी वाहन पार्क कर रहे है,पर कुछ लोग अब भी गलत तरीके से सड़क पर वाहन खड़ा कर रहे है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन नोटिस सं०-**
**LJN-PRKG-04-26**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा०), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई-ऑक्शनिंग के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है :- **क्र० सं० : 01, लॉट सं० : PARKING-LJN-GKP-MX-143-25-2** (Parking-Mixed), **कार्य का विवरण :** गोरखपुर स्थित रेल म्युजियम-कम-हैरिटेज प्लाजा में संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया) का ठेका 03 वर्ष हेतु । **क्र० सं० : 02, लॉट सं० : PARKING-LJN-BNY-MX-153-26-1** (Parking-Mixed), **कार्य का विवरण :** बढ़नी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर, ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु । ● निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है । ireps पोर्टल पर दिये गये तिथि/ समय के अनुसार सभी लॉट की ई-ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होगी । ● सभी लॉट के लिये ई-ऑक्शन दिनांक- 11-02-2026, 12.00 बजे प्रारंभ होकर 11-02-2026, 12.40 बजे बंद होगी । ● इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। ● अर्नेस्ट मनी की राशि (10%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे- डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। ● विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.ireps.gov.in (E-Auction module) पर उपलब्ध है ।

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वा0-239 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**रेल यात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि प्रयागराज संगम स्टेशन को अस्थायी तौर पर बंद रखने के निर्णय के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ी सेवाओं को उनके गंतव्य स्टेशन से पहले यात्रा समापन/यात्रा प्रारंभ करने का प्रबंध किया गया है। विस्तृत सूची निम्नानुसार हैः-

**फाफामऊ रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन | समय: आगमन | समय: प्रस्थान | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 54102 कानपुर अनवरगंज–प्रयागराज संगम पैसेंजर | फाफामऊ जं. | 08:40 | —— | 23.01.2026 24.01.2026 31.01.2026 01.02.2026 02.02.2026 14.02.2026 15.02.2026 16.02.2026 |
| 54214 जौनपुर जं.–प्रयागराज संगम पैसेंजर | फाफामऊ जं. | 09:00 | —— | |
| 54254 लखनऊ–प्रयागराज संगम पैसेंजर | फाफामऊ जं. | 12:05 | —— | |
| 64222 अयोध्या कैंट–प्रयागराज संगम एमईएमयू | फाफामऊ जं. | 22:00 | —— | |
| 54376 जौनपुर जं.–प्रयागराज संगम पैसेंजर | फाफामऊ जं. | 20:36 | —— | |
| 65117 गाजीपुर सिटी–प्रयागराज संगम एमईएमयू | फाफामऊ जं. | 09:20 | —— | |

**प्रयाग जं. पर रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन | समय: आगमन | समय: प्रस्थान | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 14210 लखनऊ–प्रयागराज संगम इंटरसिटी एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 11:25 | -- | 23.01.2026 24.01.2026 31.01.2026 एवं 01, 02, 14, 15, 16.02.2026 |
| 14216 लखनऊ–प्रयागराज संगम गंगा गोमती एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 22:10 | -- | |
| 14102 कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 14:20 | -- | |
| 14234 मनकापुर जं.–प्रयागराज संगम सरयू एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 07:50 | -- | |
| 14232 बस्ती–प्रयागराज संगम मनवर संगम एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 19:40 | -- | 23, 24, 31.01.26 एवं 02, 14, 16.02.26 |
| 14218 चंडीगढ़–प्रयागराज संगम ऊँचाहार एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 10:35 | -- | 23.01.26, 30.01.26 31.01.26, 01.02.26 13.02.2026, 14.02.26, 15.02.26 |
| 14242 सहारनपुर–प्रयागराज संगम नौचंदी एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 08:50 | -- | |
| 14308 बरेली–प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 02:40 | -- | |
| 14230 हावड़ा–प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 06:45 | -- | 23, 30.01.2026, एवं 13.02.2026 |

**प्रयाग जं. से रेलगाड़ियों का प्रारंभ**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन | समय: आगमन | समय: प्रस्थान | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 54101 प्रयागराज संगम–कानपुर अनवरगंज पैसेंजर | प्रयाग जं. | —— | 16:06 | 23.01.2026 24.01.2026 31.01.2026 01.02.2026 02.02.2026 14.02.2026 15.02.2026 16.02.2026 |
| 54213 प्रयागराज संगम–जौनपुर जं. पैसेंजर | प्रयाग जं. | —— | 17:21 | |
| 54253 प्रयागराज संगम–लखनऊ पैसेंजर | प्रयाग जं. | —— | 16:56 | |
| 64221 प्रयागराज संगम–अयोध्या कैंट एमईएमयू | प्रयाग जं. | —— | 06:50 | |
| 54375 प्रयागराज संगम–जौनपुर जं. पैसेंजर | प्रयाग जं. | —— | 06:13 | |
| 65118 प्रयागराज संगम–गाजीपुर सिटी एमईएमयू | प्रयाग जं. | —— | 17:46 | |
| 14209 प्रयागराज संगम–लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | —— | 15:36 | 23.01.26, 24.01.26 31.01.2026, 01.02.26, 02.02.26, 14.02.26, 15.02.26, 16.02.26 |
| 14215 प्रयागराज संगम–लखनऊ गंगा गोमती एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | —— | 05:56 | |
| 14101 प्रयागराज संगम–कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | —— | 16:36 | |
| 14233 प्रयागराज संगम–मनकापुर जं. सरयू एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | —— | 19:06 | |
| 14231 प्रयागराज संगम–बस्ती मनवर संगम एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | —— | 05:06 | 23, 24, 31.01.26 एवं 02, 14, 16.02.26 |
| 14217 प्रयागराज संगम–चंडीगढ़ ऊँचाहार एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | —— | 14:16 | 23, 24, 31.01.26 एवं 01, 02, 14, 15, 16.02.2026 |
| 14241 प्रयागराज संगम–सहारनपुर नौचंदी एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | —— | 18:05 | |
| 14307 प्रयागराज संगम–बरेली एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | —— | 01:36 | |
| 14229 प्रयागराज संगम–हावड़ा एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | —— | 23:55 | 01 एवं 15.02.2026 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

241/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीपीएस ने क्वानकीडो नेशनल में चार गोल्ड के साथ जीते नौ मैडल

16 से 18 जनवरी तक जम्मू कश्मीर में आयोजित हुई थी नेशनल चैंपियनशिप



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा ने राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी शानदार खेल प्रतिभा को बरकरार रखते हुए विगत 16 से 18 जनवरी को जम्मू कश्मीर के जे के एस सी स्टेडियम में 7th नेशनल क्वानकीडो चैंपियनशिप में विभिन्न आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन के साथ कुल 9 मेडल्स अपने विद्यालय के नाम कर लिए जिसमें आराध्या कुशवाहा ने अंडर 17 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री वी केटेगरी में गोल्ड मेडल जीता तो इसी क्रम में अंशिका यादव ने 25 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता, नमन ने अंडर 27 किलो भार वर्ग चिल्ड्रन केटेगरी में गोल्ड पर निशाना लगाया, आराध्या नग्याच ने अंडर 36 किलो भार वर्ग चिल्ड्रन केटेगरी में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीता, प्रियांशी वर्मा ने सब जूनियर केटेगरी में अंडर 33 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता तो वहीं अगले क्रम में इतांशा सिंह ने अंडर 36 किलो भार वर्ग सब जूनियर केटेगरी में सिल्वर मेडल जीत लिया। अगले क्रम में मेडल्स की बारिश को बरकरार रखते हुए अन्य छात्र देवांश गुप्ता ने अंडर 48 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया और वहीं एक और चैंपियन अरनब कुमार ने भी अंडर 44 केटेगरी में जूनियर वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल अपने विद्यालय के नाम कर लिया। जम्मू कश्मीर में आयोजित हुई इस नेशनल चैंपियनशिप में डीपीएस इटावा को शानदार प्रदर्शन के साथ कुल 9 मेडल्स मिले जिनमें 4 गोल्ड 3 सिल्वर 2 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव वाइस चेयरमैन डॉ.प्रीति यादव एवं प्रिंसिपल भावना सिंह ने क्वानकीडो नेशनल चैंपियनशिप में सफल हुए डीपीएस के सभी लिटिल चैंपियंस और उनकी कोच आराधना तिवारी को शुभकामनाएं और बधाई दी है।

# आईजीआरएस शिकायतों पर जिलाधिकारी सख्त

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के उपस्थिति में बैठक की गयी। बैठक में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अधिक से संख्या में असंतुष्ट फिडबैक पाये जाने पर जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी, प्राचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सालय मेडिकल कालेज, तहसीलदार घोरावल, जिला अबकारी अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं द्वारा की गयी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण नहीं किया गया था। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है कि जनता दर्शन, तहसील दिवस, आई.जी.आर. एस., थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जन मानस की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकें। उन्होंने कहा कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायातों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता का फीडबैक प्राप्त करते हुए शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें, निस्तारण के दौरान स्थल पर कार्यवाही सम्बन्धी जी.पी.एस. फोटोग्राफ्स अपलोड करना सुनिश्चित करें, सम्बन्धित अधिकारी प्रतिदिन आई.जी.आर.एस. पोर्टल को लागिन करते हुए प्राप्त होने वाली शिकायतों का फीडबैक भी प्राप्त करते रहें और प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी ससमय कराना सुनिश्चित करें, अंतिम दिवस में शिकायतों के निस्तारण करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# यूपीयूएमएस सैफई की केंद्रीय प्रयोगशाला, एनएबीएल मान्यता प्राप्त

एनएबीएल मानकों के अनुरूप गुणवत्ता एवं विश्वसनीय जांच की होती है पुष्टि

वहाज अली निहाल



**सैफई, इटावा।** कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के गतिशील एवं दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), सैफई की केंद्रीय प्रयोगशाला ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेट्रीज़ (NABL) से मान्यता प्राप्त की है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह ने बताया केंद्रीय प्रयोगशाला को ISO 15189: 2022 मेडिकल प्रयोगशालाएँ गुणवत्ता एवं दक्षता की आवश्यकताएँ मानक के अंतर्गत यह मान्यता प्रदान की गई है। यह प्रमाणन चिकित्सा परीक्षणों में गुणवत्ता, शुद्धता, विश्वसनीयता एवं तकनीकी दक्षता के अंतरराष्ट्रीय मानकों की पुष्टि करता है। यह मान्यता प्रमाणपत्र संख्या MC-7837 के अंतर्गत 23 दिसंबर 2025 से 22 दिसंबर 2029 तक वैध रहेगी। उन्होंने बताया कि मान्यता के दायरे में क्लिनिकल बायोकैमिस्ट्री एवं हेमेटोलॉजी से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जांचें शामिल हैं, जिनमें रक्त शर्करा परीक्षण, यकृत एवं गुर्दा कार्य परीक्षण, लिपिड प्रोफाइल, पूर्ण रक्त गणना (CBC), परिधीय रक्त स्मियर परीक्षण सहित अन्य आवश्यक जांचें सम्मिलित हैं। ये सभी परीक्षण मानकीकृत एवं प्रमाणित विधियों के माध्यम से किए जाते हैं, जिससे परिणामों की सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है।

यह उपलब्धि विश्वविद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय एवं रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एनएबीएल मान्यता प्राप्त होने से चिकित्सकों एवं रोगियों का प्रयोगशाला परीक्षणों पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा तथा बेहतर निदान एवं उपचार में सहायता मिलेगी। इस मिली उपलब्धि के लिए संकायध्यक्ष डॉ आदेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमित सिंह एवं सभी संकाय सदस्यों ने विभागध्यक्ष पैथोलॉजी डॉ पिंकी पांडे, विभागाध्यक्ष बायोकेमेस्ट्री आदिल रहमान, लैब डायरेक्टर डॉ रूपक अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता कुलपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता, गुणवत्ता सुधार तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## बाल विवाह के खिलाफ 100 दिवसीय अभियान, जज ने दी कानूनी जानकारी

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को अवतार मेहर बाबा हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/जज महेंद्र पांडेय ने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं पॉस्को एक्ट की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करना और कराना दोनों ही कानूनन अपराध हैं। इसमें शामिल पंडित, मौलवी या संस्था को दो वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। कार्यक्रम में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम ने भी बच्चों को जागरूक किया। इससे पूर्व टीम द्वारा ब्यूटी पार्लर संचालकों और ज्वेलर्स को भी बाल विवाह के दुष्परिणामों को लेकर जागरूक किया गया।

# सभी सरकारी भावनों, कार्यालयों में 8:30 बजे झंडारोहण किया जायेगा: डीएम

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने के लिए तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहुति की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम कहा कि समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी भावनों/कार्यालयों में 8:30 बजे झंडारोहण किया जायेगा साथ ही उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि यह हम सबके दायित्व का हिस्सा है एवं गणतंत्र दिवस पर बालिकाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम अवश्य कराए जाएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर में अनाउंसमेंट कर ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कराया जाए जिससे जनता जागरूक हो एवं गौशालाओं को भी व्यवस्थित कराया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में वॉलीबॉल की प्रतियोगिता आदि कराई जाए एवं मुनादी कराई जाए। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारियों के उपस्थिति 100 प्रतिशत होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह सुव्यवस्थित एवं सादगी तरीके से मनाया जाये, 25 जनवरी की रात्रि में सरकारी भवनों, स्वतन्त्रता संग्राम से जुड़ी ऐतिहासिक इमारतों को प्रकाशमान किया जाये तथा इस दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्म निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को बलवती बनाने पर बल दिया जाये। उन्होने सभी संबंधित अधिकारियो से कहा कि वह कार्यक्रमो को विविधितापूर्ण आकर्षक ढंग सें सम्पन्न कराएं। गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को शहर में महापुरूषो की स्थापित मूर्तियो, पार्को, सार्वजनिक स्थलो, मार्गो सड़को आदि की सफाई व्यवस्था अधिषासी अधिकारी नगर पालिका इटावा, भर्थना, जसवन्तनगर एवं नगर पंचायत इकदिल, बकेवर, लखना में संबंधित ईओ द्वारा करायी जायेगी। इसके साथ ही अधिषासी अधिकारी इटावा द्वारा मुहल्ला पुरबिया टोला, तलैया मैदान जो ऐतिहासिक स्थान है कि सफाई व्यवस्था करायी जायेगी। इसके अलावा मलिन बस्ती मुहल्ला नौरंगाबाद (बाल्मीकि बस्ती) एवं अजीत नगर की सफाई पहले से ही करा ली जाये।

उक्त मलिन बस्ती मे मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रातः10.00 बजे मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जायेगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी मलिन बस्ती में लोगो को दी जाये। जनपद के मुख्य चैराहों रेलवे स्टेशन, शास्त्री चैराहा, नौरंगाबाद चैराहा, पक्काबाग चैराहा, विजय नगर चैराहा मे लाउडस्पीकर लगाकर राष्ट्रीय गीत बजवाये जाये, नुमाइस के बगल वाले पार्क की सजावट की जायेगी, की व्यवस्था अधिषासी अधिकारी नगर पालिका द्वारा की जायेगी। बड़े-बड़े होटलो में राष्ट्रीय गीत बजाये जाने की व्यवस्था खाद्य और औषधि निरीक्षक द्वारा की जायेगी।

उन्होंने बताया कि प्रातः7.30 बजे शिक्षण संस्थाओं में उनकी सुविधानुसार प्रभात फेरी निकाली जायेगी। प्रातः 08:30 बजे समस्त सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वजाभिवादन एवं राष्ट्रगान होगा तथा संविधान में उल्लिखित संकल्प पढा जायेगा। प्रातः 09:30 बजे पुलिस लाइन में गणतन्त्र दिवस की परेड होगी। प्रातः 10:00 बजे समस्त शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्र ध्वज फहराया जायेगा तथा स्टेडियम में 05 किमी की महिला, पुरूष की दौड़ एवं अन्य खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 11.30 बजे जिला कारागार में विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन एवं फल वितरण किया जायेगा जिसकी व्यवस्था अधीक्षक जिला कारागार द्वारा की जायेगी। 11.40 बजे नारी निकेतन, विशेष राजकीय गृह(किशोर)में फल वितरण किया जायेगा जिसकी व्यवस्था प्रोवेशन अधिकारी द्वारा की जायेगी, 12.30 बजे टी.वी.अस्पताल में मरीजो को फल वितरण किया जायेगा एवं अपरान्ह 03:00 बजे एन. सी. सी., स्काउट गाइड, पी.बी.डी., होमगार्ड, युवक मंगलदल आदि का सम्मलित रूट मार्च निकाला जायेगा। उक्त के पश्चात उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पंचायती राज अधिकारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी तक शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लाइट आदि की व्यवस्था की जाए एवं जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय भक्ति गानों का म्यूजिक बजाया जाए। उक्त बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा गुरुवार को पुलिस कार्यालय में नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की, जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। एस एस पी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है।

## गुटबाजी की आग में झुलसती समाजवादी पार्टी

**बिलग्राम (हरदोई)/(अवधनामा ब्यूरो)** बिलग्राम मल्लावां विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के भीतर बढ़ती गुटबाजी अब पार्टी के लिए गंभीर संकट बनती जा रही है। पार्टी के ही कुछ लोग आपसी खींचतान में संगठन को कमजोर कर रहे हैं, जिसका सीधा असर आगामी चुनावी तैयारियों पर पड़ सकता है। स्थानीय कार्यकर्ताओं और सूत्रों का कहना है कि यदि समय रहते इस गुटबाजी पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो इसका बड़ा नुकसान समाजवादी पार्टी को उठाना पड़ सकता है। पार्टी में रहकर ही पार्टी विरोधी गतिविधियों में लगे लोगों को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा रोष है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज है कि इस पूरे मामले पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को स्वयं संज्ञान लेना चाहिए। पार्टी के वफादार कार्यकर्ताओं का मानना है कि जो लोग संगठन को कमजोर कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता ही क्यों न दिखाना पड़े। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या अखिलेश यादव इस गंभीर स्थिति पर ध्यान देंगे या फिर बिलग्रामङ्कमल्लावां विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी गुटबाजी की आग में यूं ही झुलसती रहेगी। फिलहाल, पार्टी की एकजुटता और भविष्य को लेकर सभी की निगाहें नेतृत्व के फैसले पर टिकी हुई हैं।

## चादरपोशी में उमड़ा अकीदतमंदों का जनसैलाब



**मौदहा (हमीरपुर)/(अवधनामा संवाददाता)** न हो आराम जिस बीमार को सारे ज़माने से, उठा ले जाए थोड़ी खाक इनके आस्ताने सेज हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक और क्षेत्र के विख्यात सूफी संत हजरत पीर सुर्खरू बाबा का सालाना उर्स कस्बे में अकीदत और मोहब्बत के माहौल में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। बाबा के दरबार की यह मान्यता है कि जिन बीमारियों में डॉक्टर भी जवाब दे दें, वहां आस्ताने की खाक से शिफा मिलती है। मोहल्ला हैदरिया स्थित मजार पर बुधवार रात बाद नमाज़ इशा नातिया मुशायरे का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्रीय व बाहरी शायरों ने शानदार कलाम पेश किए।गुरुवार सुबह बाद नमाज़ फज्र कुरान ख्वानी, दोपहर बाद नमाज़ ज़ोहर लंगर और बाद नमाज़ असर चादरपोशी हुई, जिसमें अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देर रात तक मजार पर कव्वालियों की महफिल सजी, जिसमें बाहर से आए कव्वालों ने एक से बढ़कर एक कव्वालियां पेश कीं। शुक्रवार सुबह कुल की फातिहा और बाद नमाज़ जुमा भजनों के कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन होगा, जिसमें हिन्दू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिलेगी।

## नदी जीर्णोद्धार के नाम पर अवैध खनन, वीडियो वायरल



**मौदहा (हमीरपुर)/(अवधनामा संवाददाता)** चंद्रावल नदी में जीर्णोद्धार के नाम पर अवैध खनन का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक व्यक्ति नदी किनारे खड़े ट्रैक्टर में बालू भरवाता नजर आ रहा है। व्यक्ति तहमद, कुर्ता पहने और दाढ़ी रखे दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल करने वालों का दावा है कि वीडियो में दिखने वाला व्यक्ति मदारपुर ग्राम प्रधान अब्दुल्ला मौलाना है, जो स्वयं नदी से बजरा निकालकर बिकवा रहा है। हालांकि हमारे स्तर से वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं की गई है, फिर भी वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है और लोग जमकर ट्रोल कर रहे हैं। इस संबंध में उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। खनिज विभाग को जांच के लिए पत्र लिखा गया है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## दम्पत्ति विवाद में तीसरे की एंट्री, सड़क जमकर मारपीट

**मौदहा (हमीरपुर)/(अवधनामा संवाददाता)** कस्बे में दम्पत्ति के विवाद में तीसरे व्यक्ति की एंट्री के बाद बीच सड़क जमकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो बुधवार रात से सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो की पड़ताल में सामने आया कि मामला इलाही तालाब के पास का है, जहां पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद में तीसरे व्यक्ति के शामिल होने पर दोनों पक्षों में जमकर जूतम-पैजार हुई। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं और टिप्पणियां देखने को मिल रही हैं। हालांकि इस मामले में अभी तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## डीएम ने सुनी 89 फरियादियों की समस्याएं

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने 89 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए गए। ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में आए जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किए। उन्होंने सभी एसडीएम व बीडीओ को वर्चुअल माध्यम से जुड़कर लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# घोरावल में हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर का प्रशिक्षण

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के घोरावल ब्लॉक के 69 उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विधालयों के 1 अध्यापक जो हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर के रूप में नामित है उनका प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार में दिनांक 22.01.2026 को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में 54 विधालयों के अध्यापक उपस्थित हुए। प्रशिक्षण के दौरान सेंटर फार नालेज एंड डेवलपमेंट टीम के स्टेट तथा जिला समन्वयक संजीत सिंह ने प्रतिभागियों को स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया साथ ही स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीकेडी टीम द्वारा बनाए गए कुंजी को कैसे यूज़ करना है उसका क्या उपयोग है इसके बारे में विस्तार से बताया सीकेडी टीम के जिला समन्वयक संजीत सिंह ने प्रतिभागियों को स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत उपयोग होने वाले SHWP एमआईएस के बारे ने विस्तार से बताया कि कैसे ऐप डाउनलोड करना है कैसे उसमें रिपोर्टिंग करनी है। सीएचसी घोरावल के किशोर स्वास्थ्य काउंसलर स्वाती पांडे ने प्रतिभागियों को पोषण, एनीमिया, मानसिक स्वास्थ्य, लिंग आधारित भेदभाव, नशीले पदार्थ के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी ताकि वो बच्चों को इसके बारे में जागरूक करें। प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समस्त स्टाफ, सीकेडी के स्टेट हेड अनुमेह माथुर, जिला समन्वयक संजीत सिंह, ब्लॉक समन्वयक राजीव पांडेय, किशोर स्वास्थ्य काउंसलर सीमा सिंह मौजूद रहीं।

# सियार के हमले में वृद्धा गंभीर घायल, क्षेत्र में दहशत

वन विभाग सियार पकड़ने में जुटा

अवधनामा संवाददाता



**सरीला (हमीरपुर)।** क्षेत्र के खेड़ाशिलजीत गांव में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खेत में काम कर रही एक वृद्ध महिला पर पागल सियार ने हमला कर दिया। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव निवासी कुपजा रानी (65) अपने निजी ट्यूबवेल पर पशुओं के लिए हरी घास काट रही थीं, तभी जंगल की ओर से आए सियार ने उन पर हमला बोल दिया। सियार ने महिला के दोनों हाथों में बुरी तरह काट लिया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं। चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह सियार को भगाया। घायल महिला के भतीजे कल्लू श्रीवास ने बताया कि सियार बेहद आक्रामक था और पागल प्रतीत हो रहा था। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सियार को पकड़ने की मांग की है। घायल महिला को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में डिप्टी रेंजर सरीला सुरजीत ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर भेज दी गई है, सियार को पकड़ने के लिए जाल लगाए जा रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश दिवस का दिव्य तरीके से होगा आयोजन: डीएम

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि 23 जनवरी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर पुलिस लाइन में सांय 05:00 बजे मार्क ड्रील का आयोजन किया जायेगा जिसमें आपदा के दौरान किये जाने वाले बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी जायेगी, उन्होने कहा कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का जनपद में भव्य आयोजन किया जायेगा जिसका जनपद के प्रभारी मंत्री श्री रविन्द्र जायसवा जी द्वारा किया जायेगा उत्तर प्रदेश दिवस के अवस पर सूचना एंव जन सम्पर्क विभाग द्वारा प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनओं से सम्बन्धित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी इस दौरान उन्होने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थीयों को प्रसस्ति प्रमाण पत्र का वितरण किया जायेगा। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस पर लखनऊ राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम का जनपद में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सजीव प्रसार किया जायेगा इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा समाज कल्याण, महिला कल्याण, दिव्यांग विभाग, कृषि, उद्यान, पशुपालन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समूह, उपायुक्त उद्योग, रेशम विभाग सहित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी, इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। जनपद के एक उत्पाद एक व्यंजन पर आधारित प्रर्दशनी भी लगायी जायेगी इस दौरान खादी ग्रामोद्योग विभाग, पीएम सूर्य घर से सम्बन्धित प्रर्दशनी लगायी जायेगी।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है : मनीष जैन

**अनपरा/सोनभद्र।** हिण्डालको रेनूसागर के यूनिट हेड आर.पी. सिंह के दिशा-निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आवासीय परिसर स्थित आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज, रेणुसागर के प्रांगण से सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को मुख्य अतिथि संचालन विभाग के हेड मनीष जैन एवं रोड एंड ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स के अध्यक्ष ललित खुराना ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान का उद्देश्य आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित यातायात के महत्व को रेखांकित करना रहा।मुख्य अतिथि संचालन विभाग के हेड मनीष जैन ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर हम न केवल अपने जीवन की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि दूसरों के जीवन को भी सुरक्षित बना सकते हैं। श्री जैन ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों—जैसे हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, मोबाइल फोन का प्रयोग न करना तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने—को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने हिण्डालको रेनूसागर द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रोड़ सेफ्टी के ललित खुराना के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कालेज से प्रारम्भ होकर आवासीय परिसर से होते हुये रेनुसागर चिकित्सालय, इंजीनियरिंग हॉस्टल,श्याम सेवा मण्डल बिरला मार्केट से होकर पुनः विद्यालय पर जाकर खत्म हुई।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी विभु पात्रा, लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेश नारायनन, ईआर हेड मृदुल भारद्वाज, सदानन्द पांडेय एवं हिण्डालको रेनुसागर के विभागाध्यक्ष, आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कालेज रेनुसागर के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह एवं रेनुसागर प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापिका सीमा दुबे सहित छात्र, छात्राएं, शिक्षकों एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का संचयन एवं धन्यवाद ज्ञापन रोड एंड ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स कन्वेनर मुकेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। ऑफ द जॉब सेफ्टी टास्क फोर्स मेंबर्स का का सराहनीय योगदान रहा।

# कम्प्लायंस रिडक्शन फेज-2 की सीएम ने की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

- ईज ऑफ लिविंग पर योगी सरकार का फोकस
- डी-रेगुलेशन से आसान होगी जनता की जिंदगी
- उत्तर प्रदेश बनेगा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में अग्रणी
- अनावश्यक अनुमतियों से मिलेगी राहतः मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में कम्प्लायंस रिडक्शन और डी-रेगुलेशन फेज-2 के तहत किए जा रहे सुधारों की समीक्षा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन का लक्ष्य नागरिकों और उद्यमियों को अनावश्यक प्रक्रियाओं, अनुमतियों और निरीक्षणों से राहत देकर भरोसे पर आधारित, पारदर्शी और समयबद्ध प्रशासन उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देश दिए कि हर सुधार का प्रभाव जमीन पर दिखना चाहिए और आम व्यक्ति को यह अनुभव होना चाहिए कि व्यवस्था उसके लिए आसान हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने कम्प्लायंस रिफॉर्म्स के पहले फेज में देश में एक मजबूत पहचान बनाई है और अब फेज-2 के माध्यम से इन सुधारों को स्थायी और संस्थागत रूप दिया जाना है। उन्होंने कहा कि यह फेज केवल नियमों में बदलाव तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली और सोच में परिवर्तन का माध्यम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डी-रेगुलेशन का अर्थ नियंत्रण समाप्त करना नहीं, बल्कि अनावश्यक नियंत्रण हटाकर जरूरी नियमों को सरल और पारदर्शी बनाना है। सरकार का संकल्प उत्तर प्रदेश को 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस', दोनों में देश का अग्रणी राज्य बनाना है।

बैठक में बताया गया कि कैबिनेट सचिवालय द्वारा जनवरी, 2026 में जारी रैंकिंग में उत्तर प्रदेश को कम्प्लायंस रिडक्शन फेज-1 में देश का 'बेस्ट स्टेट' घोषित किया गया है। फेज-2 के अन्तर्गत कुल 09 थीम, 23 प्रायोरिटी एरिया और 05 ऑप्शनल प्रायोरिटी एरिया चिन्हित किए गए हैं, जिन पर चरणबद्ध ढंग से सुधार लागू किए जा रहे हैं।

भूमि उपयोग से जुड़े सुधारों पर चर्चा करते हुए बैठक में बताया गया कि किसानों और भू-स्वामियों को अनावश्यक परेशानियों से बचाने के लिए चेंज इन लैंड यूज जैसी जटिल अनुमतियों को समाप्त करने या सरल बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। नियोजित क्षेत्रों में मास्टर प्लान के अनुरूप भूमि उपयोग के मामलों में अलग से अनुमति की आवश्यकता समाप्त करने और अनियोजित क्षेत्रों में भी भूमि रूपांतरण की प्रक्रिया को सरल करने पर विशेष फोकस किया गया है।

भवन निर्माण और कंस्ट्रक्शन सेक्टर के सम्बन्ध में बैठक में बताया गया कि नक्शा पास कराने, ले-आउट अप्रूवल और कम्प्लीशन सर्टिफिकेट जैसी प्रक्रियाओं को रिस्क-बेस्ड सिस्टम पर लाया जा रहा है। इसके तहत सेल्फ-सर्टिफिकेशन और डीम्ड अप्रूवल को बढ़ावा देकर आम नागरिकों और बिल्डर्स को अनावश्यक देरी से राहत देने की व्यवस्था की जा रही है।

बैठक में यूटिलिटीज और विभिन्न विभागीय अनुमतियों से जुड़े सुधारों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि अलग-अलग विभागों की प्रक्रियाओं को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाकर स्पष्ट समयसीमा तय की जा रही है, ताकि उद्योगों और संस्थानों को बार-बार अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

ऊर्जा सेक्टर के संदर्भ में बताया गया कि बिजली कनेक्शन, लोड बढ़ाने और अन्य तकनीकी अनुमतियों की प्रक्रिया को सरल करते हुए ऑनलाइन और ऑटो-अप्रूवल सिस्टम को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे औद्योगिक गतिविधियों को गति मिल सके।

पर्यावरण सम्बन्धी अनुमतियों पर चर्चा करते हुए बैठक में बताया गया कि कम जोखिम वाली गतिविधियों के लिए अनावश्यक क्लीयरेंस समाप्त कर ट्रस्ट-बेस्ड अप्रोच अपनाई जा रही है, जबकि उच्च जोखिम वाले मामलों में पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलन बनाए रखते हुए स्पष्ट और समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है।

पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेक्टर से जुड़े सुधारों पर भी बैठक में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि पर्यटन परियोजनाओं, शैक्षणिक संस्थानों और स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित अनुमतियों को सरल बनाकर निवेश और सेवाओं के विस्तार को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ें और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने सुधारों को तय समय-सीमा में लागू करें और उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

# जंगली जानवर के शिकार की सूचना से हड़कंप

अवधनामा ब्यूरो

- वन विभाग ने मांस के अंश कब्जे में लिए

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में जंगली जानवर के शिकार की सूचना से गुरुवार सुबह अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे ग्राम अशद खेड़ा निवासी कोटेदार संजय यादव द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि ग्राम शेरपुर मऊ के कुछ लोगों द्वारा किसी जंगली जानवर का शिकार किया गया है।

सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा गांव के लोगों से पूछताछ की गई, जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों ने शिकार के उद्देश्य से किसी जंगली जानवर को मार डाला है। ग्रामीणों के अनुसार शिकार किया गया जानवर जंगली सूअर अथवा सेही (साही) हो सकता है।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से मांस के अंश बरामद कर उन्हें कब्जे में ले लिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बरामद मांस के नमूनों की वैज्ञानिक जांच कराई जा रही है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि शिकार किया गया जानवर किस प्रजाति का है। वन विभाग द्वारा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस भी पूरे मामले की जांच में वन विभाग को सहयोग कर रही है और शिकार में शामिल लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# यूपी में कौशल क्रांति को मिलेगी नई रफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में जनपद गौतमबुद्ध नगर स्थित नोएडा अपेरल एक्सपोर्ट क्लस्टर और राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता डॉ. हरिओम तथा विशेष सचिव एवं निदेशक ब्टज् अभिषेक सिंह की उपस्थिति में किए गए हैं। यह एमओयू प्रदेश में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और उद्यमशीलता को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

इस एमओयू के द्वारा पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 18 जनपदों के 128 विकास खंडों और 10,323 ग्रामों से जुड़े एक लाख अभ्यर्थियों को आगामी पांच वर्षों में 28 सेक्टरों में अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें से 70,000 प्रशिक्षार्थियों को औद्योगिक इकाइयों में प्रशिक्षण के बाद रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। खास बात यह है कि कुल प्रशिक्षार्थियों में 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी, जिससे महिला सशक्तिकरण को भी बल मिलेगा।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर युवा हुनरमंद बने और उसे रोजगार के लिए भटकना न पड़े।

## मुख्यमंत्री ने बसन्त पंचमी की दी बधाई

**लखनऊ।** अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि बसन्त पंचमी विद्या, बुद्धि, ज्ञान, कला और संगीत की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के प्राकट्य का पावन पर्व है। यह दिवस मानव जीवन में बौद्धिक शुद्धता, विवेकपूर्ण आचरण तथा सृजनशील चेतना के महत्व को रेखांकित करता है। माँ सरस्वती का पूजन ज्ञान के अनुशासन, चेतना की निर्मलता और आत्मिक उन्नयन का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सभ्यता में ज्ञान को केवल साधन नहीं, बल्कि जीवन-मूल्य के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। धर्म, अध्यात्म, विज्ञान, कला, साहित्य और संस्कृति के विविध क्षेत्रों में मानव ने जो उत्कर्ष प्राप्त किया है, उसके मूल में साधना, श्रम और अनुशासित चिन्तन की सुदीर्घ परम्परा रही है। बसंत पंचमी इसी परम्परा की स्मृति और उसके पुनर्स्मरण का पावन अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय परम्परा में पर्व और उत्सव समाज को जोड़ने, सांस्कृतिक चेतना को पुष्ट करने और राष्ट्रीय भावबोध को सुदृढ़ करने के सशक्त माध्यम रहे हैं।

# शिक्षा और रोजगार से बनेगा विकसित भारत : केशव मौर्य

- शिक्षाविदों से राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की अपील
- सरकार का फोकस गरीब, युवा, किसान और नारी पर
- आजमगढ़ में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित
- आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सरकार सक्रिय

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि सरकार शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रभावी योजनाओं के माध्यम से कार्य कर रही है। उन्होंने शिक्षाविदों के प्रति आदरभाव प्रदर्शित करते हुये अपील की कि वे नीति निर्माण, शोध और सामाजिक जागरूकता में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं, जिससे भारत आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभर कर विकसित भारत बनेगा।

केशव प्रसाद मौर्य गुरूवार को ब्रह्मर्षि स्वामी सहजानन्द सरस्वती सेवा न्यास एवं महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में हरिऔध कला भवन, आजमगढ़ में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर केन्द्रित नीतियाँ ही देश को पूर्ण रोजगार युक्त और विकसित भारत की ओर ले जा सकती हैं और इस दिशा मे सरकार तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका युवाओं को रोजगारोन्मुख, नवाचारयुक्त एवं राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने का केंद्र बनना होगा और शिक्षण संस्थान इस ओर तेजी से उन्मुख भी है, इस दिशा मे सार्थक कदम उठाये जा रहे है। इन उद्देश्य की पूर्ति की दिशा मे यह संगोष्ठी महत्वपूर्ण है और इसके सकारात्मक परिणाम निखर कर आयेगे।

उन्होंने कहा कि गरीबों के सशक्तिकरण से सामाजिक समानता सुनिश्चित होती है।युवाओं को कौशल और अवसर मिलने से देश की ऊर्जा सही दिशा में लगती है। अन्नदाता किसान की समृद्धि से राष्ट्र की आर्थिक नींव मजबूत होती है और नारी शक्ति के उत्थान से समूचे समाज का विकास होता है।

इस अवसर पर राजगुरु मठ वाराणसी के मठाधीश परम श्रद्धेय स्वामी अनंतानंद सरस्वती जी, स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल जी, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, पद्म से सम्मानित डॉ. सुनील डबास, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के कुलपति प्रो. संजीव कुमार, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल एवं अन्य प्रतिष्ठितजन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# यूपी दिवस पर संस्कृति का भव्य उत्सव



- प्रेरणा स्थल पर बहेगी लोक-संस्कृति की धारा
- संस्कृति उत्सव में दिखेगी यूपी की पहचान
- लोक कला और शास्त्रीय संगीत का संगम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर प्रदेश की विकास यात्रा की झलक के साथ गीत और संगीत के सुरों की सरिता भी बहेगी। इसके लिए संस्कृति विभाग अपनी पूरी तैयारी कर ली है। इसके लिए गांव से लेकर मण्डल स्तर तक सांस्कृतिक प्रतियोगिता में चयनित कलाकारों द्वारा प्रदेश की विभिन्न लोक कलाओं के साथ ही प्राचीन वाद्ययंत्रों को प्रदर्शित किया जायेगा। इस प्रकार विलुप्त हो रही लोक जीवन में रची बसी गीत, संगीत, नृत्य, नाटय के साथ ही संगीत के विभिन्न घरानों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश की लोक एवं शास्त्रीय कलाओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता हमारी संस्कृति-हमारी पहचान (संस्कृति उत्सव 2025-26) में चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि, इस बहुस्तरीय आयोजनों के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मूल निवासी किशोर (14-20 वर्ष) एवं युवा (21-25 वर्ष) कलाकारों को गायन, वादन, शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, लोकनाट्य, सुगम संगीत, जनजातीय एवं लोक वाद्य यंत्र तथा काव्य पाठ जैसी विविध विधाओं में अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिला। जिन्हें 24 से 26 जनवरी 2026 के बीच लखनऊ के प्रेरणा स्थल में सम्मानित किया जाएगा तथा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और नवोदित प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने बताया कि संस्कृति उत्सव 2025-26 के माध्यम से प्रदेश की लोक एवं शास्त्रीय कलाओं को सशक्त मंच प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में संस्कृति विभाग का यह प्रयास प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी के कलाकारों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## स्मारक मित्रों का चयन

**लखनऊ।** संस्कृति विभाग उ0प्र0 द्वारा एडाप्ट हेरिटेज पॉलिसी के अंतर्गत प्रथम चरण में विभिन्न मंदिरों एवं ऐतिहासिक स्थलों के लिए स्मारक मित्रों का चयन किया गया है। दूसरे चरण में 10 अन्य स्मारकों के लिए भी इस पॉलिसी के अंतर्गत स्मारक मित्र चयन किये गये हैं। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि एडाप्ट हेरिटेज पॉलिसी के तहत राज्य संरक्षित गोपीनाथ मंदिर वृन्दावन, पोत्राकुण्ड मथुरा, विगारा की गढ़ी, झांसी एवं लक्ष्मी मंदिर झांसी, कुसुमवन सरोवर मथुरा, रसखान के समाधि मथुरा, बाल्मीकि आश्रम बिठूर, शिव मंदिर का तालाब मूरतगंज कौशाम्बी, टिकैतराय शिव मंदिर बिठूर, सारनाथ मंदिर, दरबाग मिर्जापुर, गोवर्धन मंदिर, लरवाक मिर्जापुर, गुरूधाम मंदिर वाराणसी के लिए स्मारक मित्रों का चयन किया गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस पॉलिसी के अंतर्गत कर्दमेश्वर महादेव मंदिर वाराणसी के लिए आशुतोष शुक्ला, राज्य संपादक दैनिक जागरण को स्मारक मित्र बनाया गया है।

# पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग में 17 शिकायतों पर जनसुनवाई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने गुरुवार को इन्दिरा भवन स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 17 शिकायतों/पत्रावलियों पर जनसुनवाई कर संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जनसुनवाई में कई महत्वपूर्ण प्रकरणों पर सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान पशु चिकित्साधिकारी के 404 पदों पर सीधी भर्ती के विज्ञापन में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण शून्य किए जाने के प्रकरण पर सुनवाई की गई। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अध्यक्ष ने वर्ष 1994 के बाद की गई सीधी भर्तियों, आरक्षण की स्थिति तथा रोस्टर रजिस्टर का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस प्रकरण की अगली सुनवाई 05 फरवरी 2026 को निर्धारित की गई।

इसी क्रम में जगन्नाथ प्रसाद गंगवार को भूखण्ड न दिए जाने के प्रकरण में उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण को पक्ष रखने हेतु बुलाया गया था, परन्तु किसी सक्षम अधिकारी के उपस्थित न होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अध्यक्ष ने सक्षम अधिकारी की अनुपस्थिति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। सोनू कश्यप हत्याकांड से संबंधित प्रकरण में आयोग सदस्य रमेश कश्यप गौड़ द्वारा प्रकरण प्रस्तुत किए जाने पर सुनवाई हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है तथा जांच के लिए एसआईटी का गठन भी कर दिया गया है। नीलम (प्रधानाध्यापिका), कानपुर देहात के प्रकरण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के उपस्थित न होने के कारण शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। वहीं विनोद कुमार के प्रकरण में अधीक्षण अभियन्ता (वि/यां) 30वां वृत्त, लोक निर्माण विभाग उपस्थित रहे और पिछड़े वर्ग के कार्मिक की समस्या का समाधान कर अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

## कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय सरोजनी नगर का निरीक्षण

**लखनऊ।** श्रम विभाग की कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत बीमित श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डा. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम, प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय, सरोजनी नगर, लखनऊ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नीलेश कुमार सिंह, विशेष सचिव, शिव सूरत, अनुसचिव, डा. राजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (क.रा.बी. योजना), श्रम चिकित्सा सेवाएं, लखनऊ क्षेत्र, डा. बी.पी. सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम चिकित्सालय, सरोजनी नगर तथा डा. आशा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव द्वारा औषधालय में नव स्थापित पैथालॉजी लैब एवं फिजियोथेरेपी यूनिट का उद्घाटन किया गया।

## इमाम हुसैन की यौमे विलादत आज, पूर्व संध्या पर हुई घरों में नज़्र

**लखनऊ।** शियों के तीसरे इमाम हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की यौमे विलादत की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार को घरों में नज़्र का आयोजन हुआ, लोग देर रात तक नज़्रों में शरीक हुए और इमाम की विलादत की मुबारकबाद दी। इमाम की विलादत शुक्रवार को बड़ी खुशी के साथ मनायी जायेगा। इस विशेष मौके पर घरों में नज़्र होंगी, जिसकी विशेष तैयारियां की गयी हैं। इमाम की विलादत के मौके पर लोग भव्य सजावट कर रहे हैं और लाल झंडे-झंडिया भी लगायी हैं। लोग नये-नये लिबास पहने के लिए खरीदारियों में जुटे हैं। इमाम की विलादत की खुशी में लोग अपने रिश्तेदारों, अजीजों और दोस्तों के यहां नज़्र चखने जायेगें। ऑल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड शिया पीजी कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में शुक्रवार को आम दस्तरखान का आयोजन करेगा। जहां दोपहर 12 बजे उलमा नज़्र देंगे। इसी तरह अन्य इदारों और अंजुमनों ने सबीलों व लंगर का आयोजन किया है। जहां से बिरयानी, पूरी, मिठाई आदि का वितरण होगा।

# प्रयागराज में ग्रामीण मीडिया कार्यशाला आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

- मेजा में 'विकसित भारत' पर वार्तालाप कार्यक्रम
- ग्रामीण पत्रकारों से संवाद कार्यक्रम संपन्न
- 'विकसित भारत' संकल्प पर प्रयागराज में चर्चा

**प्रयागराज/लखनऊ।** पत्र सूचना कार्यालय द्वारा बृहस्पतिवार को प्रयागराज जिले के मेजा तहसील के पंडित कृपाशंकर तिवारी महाविद्यालय में वार्तालाप कार्यक्रम (ग्रामीण मीडिया कार्यशाला) का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हाल में भारतीय संसद द्वारा बनाये गये विकसित - भारत जी राम जी कानून तथा केंद्र सरकार द्वारा जन कल्याण हेतु बनायी गयी नीतियों, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं सन 2047 तक देश को विकसित बनाने के संकल्पों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकारों द्वारा भागीदारी की गयी ।

कार्यक्रम के शुरुआत में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 पूर्ण होने के क्रम में उपस्थित लोगों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया गया।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी, अतिथि एवं वक्ता के रूप में पूर्व उप शिक्षा निदेशक एवं समाजसेवी अशोक नाथ तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार एवं अध्यक्ष बाल कल्याण समिति डॉ. अखिलेश मिश्रा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के उप क्षेत्रीय प्रबंधक अनूप शुक्ल तथा पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, उत्तर प्रदेश के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल द्वारा संबोधित किया गया।

मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुये काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी कानून सेवा, सुशासन और समृद्धि की भावना पर आधारित एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि यह कानून प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी प्रदान करता है, जो मनरेगा के तहत दिये जाने वाली 100 दिनों के रोजगार की गारंटी से आगे का कदम है।

कार्यक्रम को अतिथि एवं वक्ता के रूप में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के उप क्षेत्रीय प्रबंधक अनूप शुक्ल द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंक किस प्रकार से अपनी भूमिका निभाता है आम आदमी बैंक के माध्यम से किस प्रकार से लाभ प्राप्त कर अपनी आजीविका को चला सकता है।

निदेशक शुक्ल ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा प्रयागराज की मेजा तहसील में पंडित कृपाशंकर तिवारी महाविद्यालय में दिनांक - 24 जनवरी से 28 जनवरी 2026 के बीच इंटीग्रेटेड कम्युनिकेशन एंड आउटरीच प्रोग्राम के तहत विकसित भारत - जी राम जी कानून, सेवा, सुशासन एवं समृद्धि विषय पर पांच दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विकसित भारत - जी राम जी कानून के प्रावधानों, केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों की उपलब्धियों एवं प्रयासों तथा गणतंत्र दिवस से संबंधित विषय वस्तु को प्रदर्शित किया जायेगा।

## काजमैन में मना जश्ने फातहे कर्बला

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की यौमे पैदाइश पर रौजाए काजमैन में जश्ने फातहे कर्बला शीर्षक से आयोजित महफिल को मौलाना अशरफ अल गरवी व मौलाना सदफ जौनपुरी ने खिताब किया। मौलाना ने कहा इमाम हुसैन (अ.स) हिदायत और नजात का जरिया हैं। महफिल में शायर मौलाना फराज वास्ती, मौलाना मेराज मंगलौरी, मौलाना मेकदाद हुसैन नक़वी, मौलाना सत्तार नक़वी, मौलाना शब्बर हुसैन खान, मौलाना फैज अस्करी, मौलाना जहीर अहमद इख्तकारी, मौलाना गुलाम सरवर, मौलाना रजा इमाम जरगाम, मौलाना तनवीर अब्बास नजफी, मौलाना फिरोज़ अब्बास नकवी और मौलाना साजिद रज़ा रिज़वी ने हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की शान में अपने कलाम पेश किये। इस मौके पर मौलाना सदफ जौनपुरी, मौलाना सकलैन आब्दी सहित कई उलमा मौजूद थे। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कुराने पाक से व संचालन मौलाना आबिस काजिम जरवली ने किया। महफिल के नायब कन्वीनर मसर्रत लखनवी थे।

# पशुधन मंत्री ने 14 जनपदों में 18 नवनिर्मित वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का किया लोकार्पण

- प्रत्येक केन्द्र में 400 गोवंश को संरक्षित करने की क्षमता
- 7497 गोआश्रय स्थलों में 1238447 निराश्रित गोवंश संरक्षित : धर्मपाल सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने आज पशुपालन निदेशालय में आयोजित एक कार्यक्रम में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु प्रदेश के 14 जनपदों के 18 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुवल लोकार्पण किया। इसके तहत मिर्जापुर में 03, बरेली एवं कानपुर देहात में 02-02 तथा आजमगढ़, कासगंज, उन्नाव, बुलन्दशहर, श्रावस्ती, अम्बेकरनगर, बाराबंकी, सुलतानपुर, फिरोजाबाद, रायबरेली एवं बदायूं में 01-01 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का शत-प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इन 18 गो संरक्षण केन्द्रों की कुल निर्माण लागत रुपए 28 करोड़ 82 लाख है। प्रत्येक केंद्र में लगभग 400 गोवंश को संरक्षित किया जा सकता है। सिंह ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री जी के दिशा-निर्देशन में गोवंश के भरण-पोषण, संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। गोआश्रय स्थलों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कार्यक्रम में धर्मपाल सिंह ने सम्बंधित जनपदों के ग्रामप्रधानों, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा केयरटेकरों से भी गोवंश के रखरखाव और सहयोग पर बात की। उन्होंने कहा कि गो संरक्षण कार्यों में स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए और गौसंरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए। निराश्रित गोवंश हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। गोशालाओं में गाय भूखी न रहे, चारा, भूसा, प्रकाश एवं दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था हो। प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 630 वृहद गो संरक्षण केंद्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके सापेक्ष 421 केंद्रों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 410 वृहद गोसंरक्षण केन्द्र क्रियाशील किए जा चुके है। प्रत्येक वृहद गोसंरक्षण केन्द्र की गोवंश धारण क्षमता 400 गोवंश तथा इकाई निर्माण लागत 160.12 लाख है। प्रदेश में 0.5 हे0 भूमि पर स्थायी गोआश्रय स्थल बनाये जाने का निर्णय लिया गया है।